राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार , 22 मार्च 2025

वर्ष 06, अंक 172, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

हत्या और रेप की कोशिश का आरोपी एनकाउंटर में मारा गया...12

इफको ग्रामीण युवकों को भी देगी साहित्य पुरस्कार : अवस्थी...08

# श्री लाल शुक्ल साहित्य की आत्मा उपन्यास और व्यंग की ज्वाला भारत के स्वाभिमान और भारत के पौरूष भी है

## ऐसा लगता है कि वह भारत की रोशनी में भी हैं और दिग्दर्शनी में भी

**दया शंकर त्रिपाठी**

**लखनऊ।** जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि श्री लाल शुक्ला साहित्य की आत्मा थे उपन्यास और व्यंग की ज्वाला थे भारत के स्वाभिमान भी है और भारत के पौरूष भी।ऐसा लगता है कि वह भारत की रोशनी में भी हैं और दिग्दर्शनी में भी। श्री सिन्हा महान साहित्य का र श्री लाल शुक्ला के जन्म सती समारोह में मुख्य अतिथि पद से एक भव्य समारोह को संबोधित कर रहे थे लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रेक्षा गृह में आयोजित इस समारोह में उन्होंने कहा की दुनिया में कभी-कभी ऐसे व्यक्ति अवतरित होते हैं जिनके माध्यम से राष्ट्र अपना गीत गाता है। श्री लाल शुक्ला के विराट व्यक्तित्व के माध्यम से ग्रामीण भावनाओं को स्वर मिला। उन्होंने कहा कि 1949में श्री लाल शुक्ल सरकारी सेवा में आए ।1947 में भारत आजाद हुआ दो वर्ष बाद भारत के विकास निर्माण की तैयारी शुरू हुई और 1952में भारतीय गणराज्य की स्थापना हुई। जिसमें भारतीय आर्थिक विकाश और आम नागरिक के जीवन के अधिकार और विकास के लिए प्रशासनिक आयोग का गठन सरदार पटेल के नेतृत्व में हुआ जिससे योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मिले रुल ऑफ लॉ से देश चले इसकी व्यवस्था की कोशिश की गई।देश के विकाश में पहला कदम बढ़ा तो श्री शुक्ल साहित्य कार नहीं थे और देश के विकास के निर्माण में एक सदस्य के रूप में सरकारी सेवक की सीट पर बैठकर रियल साइट व्यू ले रहे थे और बदलाव के साक्षी ही नहीं बने बने बल्कि बदलाव के एजेंट के रूप में स्वयं काम किया। श्री सिन्हा ने उनके जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए आगे कहा कि सिविल सेवा के बाद समाज और राष्ट्र निर्माण का भी संयम उनका लगातार चल रहा था।उनकी चेतना में केवल शब्दों के रंग नहीं बल्कि अपने कर्त्तव्यों को निभाने में भी एक संयम था। राग दरबारी आज भी प्रासंगिक है या नहीं इस पर लेखकों के विचार और मंच हो सकते है मै उसका नहीं हिस्सा हु न ही विचार रख सकता हूं। लेकिन इतना मै कह सकता हु कि किसी भी पाठक को राग दरबारी भूगोल और अर्थशास्त्र की दृष्टि से नहीं पढ़ना चाहिए। बल्कि इस जन्म सती समारोह में हमें संकल्प लेना चाहिए कि उसके साथ शिवपालगंज गंज को भी पढ़े और भूगोल और अर्ध शास्त्र की दृष्टि से न पढ़ें।राग दरबारी के किसी के रूप में न देखे बल्कि उसे लक्षण के रूप में देखे। तो एक सिस्टम का लक्षण विद्यमान दिखाई देगा।और उस काल खंड की व्यवस्था और का दृष्टि कोड भी देश के सामने प्रस्तुत कर सकेंगे।श्री लाल शुक्ल ने यह जिम्मेदारी बखूभी निभाई थी। उन्होंने कहा कि उस दौर में देश की आबादी



65 करोड़ थी।जब रागदरबारी शुक्ल जी लिख रहे थे तो देश में दो जून की रोटी पेट भरने का पूरा नहीं हो रहा था 55 प्रतिशत आबादी गरीबों की रेखा के नीचे थी जिसके लिए 60 मिलियन टन भोजन की आवश्यकता थी देश में कुल 44 मिलियन टन ही अनाज पैदा होता था और 16 मिलियन टन विदेश के सहायता पर निर्भर थी।शिक्षा पर प्रति व्यक्ति परिवार पर एक ?16 पैसे खर्च होते थे 100 करोड़ विदेशी मुद्रा कोष था 35 000 के लगभग उद्योग धंधे थे 12000 किलोमीटर केवल सड़के थी 72त्न आबादी के ऊपर कर्ज था ऐसी परिस्थित में राग दरबारी लिखा गया था उसमें भूगोल और अर्थशास्त्र के दृष्टि से देखना ठीक नहीं है । राग दरबारी में अनेक तत्व हैं जिसे आज भी पहचाना नहीं जा सकता। शिवपाल गंज से जुड़े अनेक किस्से जो बदलती हुई दुनिया के हाथों में फिट नहीं होंगे उस कालखंड के सभी पात्रों का स्ट्रक्चर इसलिए जरूरी था क्योंकि उसके बिना राग दरबारी का भव्य भवन खड़ा नहीं हो सकता था ।इसलिए भौगोलिक और आर्थिक रूप से शिवपालगंज को भी देखना छोड़ दें तो हर दूसरे चेहरे में वह रोपन बाबू प्रिंसिपल साहब और रघुनाथ की कार्बन कॉपी की खोज समाप्त करके इस उपन्यास को सिस्टम के नजरिया से देखें तो राग दरबारी की शाश्वत और सर्वव्यापी नजर आएगा। अपराधियों के संरक्षण की व्यवस्था 1968 के शिवपालगंज के कस्बे में ही नहीं थी बल्कि अमेरिका जैसे विकसित दुनिया के फेडरल सरकार के उन शहरों के साथ टकराव चल रहा है जिसमें सेंचुरी सिटी सेंचुरी सिटी हम कहते हैं फेडरल सरकार का कहना है कि ऐसे शहरों को स्थानीय प्रशासन खुलेआम प्रश्रय दे रहा है ताकि वे अपराध कर सके। पिछले दिनों एक खबर आई थी अमेरिका के दो शहरों में एक अपार्टमेंट को अपराधी गैंग ने कब्जा कर रखा है। विश्व में कई जगह में ऐसी कुछ उदाहरण मिल जाएंगे हमारे देश में भी मिलेंगे जहां ला एंड ऑर्डर की स्थिति को देखकर दरोगा जी की अक्सर याद आ जाती है। विश्व में आज भी ऐसे देश हैं जहां विद्यालय में 12 महीने पढ़ाई कम आंदोलन ही मिलेंगे । इसी प्रकार गोपालगंज की गवर्नमेंट का उन समस्याओं का प्रस्तुतीकरण उस समय खिंच गया था जो दूर तक सीमित थी सामाजिक क्रांति और 60 दशक के समावेशी विकास के पक्ष हमें एक साथ तो नहीं मिलेगा लेकिन दूसरा शिवपालगंज हमें नहीं मिलेगा ।लेकिन शुक्ला जी ने राग दरबारी में इन लक्षणों के जिस सिस्टम की चर्चा की है वह भारत में किसी ने किसी प्रदेश और देश के एक हिस्से में जरूर दिखाई देगा। उन्होंने कहा हजारों वर्ष पूर्व हमारे ऋषियों ने कहा था की सत्य का रास्ता बहुत सुगम होता है यह सोचकर नहीं कहा था कि जब 6000 साल बाद लोग इसे पढ़ेंगे तो इसमें मिल्टन को भी समझने की कोशिश करेंगे । इसलिए 2007 में जब रात दरबारी का दूसरा संस्करण श्री शुक्ला जी लिख रहे थे उसकी प्रस्तावना में ही 40 वर्ष पहले लिखे गए। उस उपन्यास को आज से ज्यादा प्रासंगिक होने की बात कही थी। इसका दूसरा पहलू भी है की लेखन अस्तित्व से जुड़े संदेश का असली वॉक लेखक होता है। राग दरबारी को एक अलौकिक घटना कहा जा सकता है जिसमें श्री शुक्ल ने शिवपालगन के तमाम पात्रों को के जीवन की कहानी और मानव जीवन के चेतना को सुहातनी शरीर के अमीरपन छोड़ गए हैं । अब आप हम पर निर्भर करता है कि हम इसे पढ़ते कैसे हैं और यदि पढ़ने वाले इस सूत्र को समझ कर आनंदित होता है लंगड़ की कहानी से सिविल सेवा से जुड़ी कहानी से राजस्व से जोड़ा जा सकता है जम्मू कश्मीर में मेरी जमीन मेरी निगरानी का कार्यक्रम मैंने चलाया तो उसमें राग दरबारी के लंगड़ की कहानी मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत था। श्री सिन्हा ने कहा की यकीनन जब लेखक अक्सर कुछ लिखता है वह संसार में हो नहीं सकता। आलोचक किसी लेखक में अच्छा या बुरा कह सकते हैं लेकिन विचारों को नष्ट करने का दुनिया में कोई तरीका अभी तक निजात नहीं हो पाई है। उनके विचार राग दरबारी तक सीमित नहीं था। श्री सिन्हा ने कहा मैं लेखकों के बारे में तो नहीं क सकता लेकिन आम जनता के बारे में यह जिम्मेदारी से कह सकता हूं कि उन्होंने राग दरबारी को जितनी बार पढ़ा है उसमें मौजूद विचार उपन्यास के पा त्र और उनकी उपस्थिति का वर्णन किताब के पन्नों से निकाल कर लोगों की चेतना में समाहित हो चुका है। आंकड़े बदलते हैं लेकिन भीतर की आंखों ने जो पढ़ा वह अस्तित्व को छुपाता है ।और जीवन पर्यंत चलता है । राग दरबारी पुस्तक ऐसा उन्हें विश्वास है कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मददगार साबित होगी ऐसा मुझे विश्वास है उन्होंने अंत में से लाल शुक्ला को अपने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शिक्षक के साथ मारपीट के संबंध में शिक्षक संघ शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

**कछौना, हरदोई।** को कछौना ब्लॉक के शिक्षक पवन कुमार स0अ0 के साथ कल विद्यालय से वापस घर जाते समय कुछ अराजकतत्व व्यक्तियों द्वारा मारपीट की थी। जिसके संबंध मे प्राथमिक शिक्षक संघ ने विरोध किया और खंड शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु ज्ञापन दिया। इस मौके पर मंत्री मुज्जमिल, सयुंक्त मंत्री श्रवण कुमार, उपाध्यक्ष राणा प्रताप, अतुल, धीरज एव श्री ज़ैद तौकीर उपस्थित रहे। उक्त घटना निंदनीय हैं, शिक्षक के साथ मारपीट और अभद्रता के लिए संगठन हमेशा साथ हैं। यदि हमलावरो की गिरफ़्तारी न हुई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा

### ब्लाक संसाधन व्यक्तियों के पैनल गठन हेतु साक्षात्कार 24 मार्च को:- कमलेश कुमार

हरदोई. जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन एवं अनुपालन में ब्लाक संसाधन व्यक्तियों के पैनल गठन हेतु प्राप्त आवेदन पत्र के आवेदकों को सूची के अनुसार सूचित किया गया है कि वह 24 मार्च 2025 को अपरान्ह 2.30 बजे से आयोजित साक्षात्कार में अपनी शैक्षिक योग्यता, अनुभव संबंधी मूल अभिलेखों सहित उपस्थित हो। उन्होने कहा है कि साक्षात्कार में प्रतिभाग करने वाले अभ्यिर्थियों को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जायेगा।

### विश्व वानिकी दिवस पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

पिहानी राजकीय महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अनुराग आर्य द्वारा विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर गोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण और वनों के महत्व को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कौशलेंद्र विक्रम सिंह, डॉ. दयाल शरण और डॉ. लक्ष्मी नारायण ने पर्यावरण संरक्षण पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

# दिल्ली हाईकोर्ट के जज के घर आग से खुला बड़ा राज, कमरे में मिला बेहिसाब कैश।

**स्वतंत्र प्रभात**

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर लगी आग के बाद भारी मात्रा में नकदी बरामद होने से न्यायिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। मामला इतना गंभीर हो गया कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के नेतृत्व वाले कॉलेजियम को उन्हें तत्काल स्थानांतरित करने का फैसला लेना पड़ा। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जब आग लगी, उस समय न्यायमूर्ति वर्मा शहर से बाहर थे। उनके परिवार के सदस्यों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के दौरान एक कमरे में भारी मात्रा में नकदी बरामद की, जिसके बाद इस मामले की आधिकारिक एंट्री दर्ज की गई। स्थानीय पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद यह खबर सरकार के उच्च




अधिकारियों तक पहुंची और अंततः CJI को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही CJI संजीव खन्ना ने तुरंत सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक बुलाई। कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से उनके मूल हाईकोर्ट, इलाहाबाद स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। न्यायमूर्ति वर्मा को अक्टूबर 2021 में इलाहाबाद से दिल्ली हाईकोर्ट में भेजा गया था। कॉलेजियम के कुछ सदस्यों ने इस घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि केवल स्थानांतरण कर दिया जाता है, तो इससे न्यायपालिका की छवि धूमिल होगी और न्याय व्यवस्था से जनता का विश्वास कमजोर हो सकता है। कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया कि न्यायमूर्ति वर्मा से इस्तीफा मांगा जाना चाहिए। यदि वे इनकार करते हैं, तो संसद के माध्यम से उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। संविधान के अनुसार, किसी भी हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार, अनियमितता या कदाचार के आरोपों की जांच के लिए 1999 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन-हाउस प्रक्रिया तैयार की गई थी। इस प्रक्रिया के तहत, CJI पहले संबंधित न्यायाधीश से स्पष्टीकरण मांगते हैं। यदि जवाब संतोषजनक नहीं होता या मामले में गहन जांच की जरूरत महसूस होती है, तो CJI सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश और दो उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की एक इन-हाउस जांच समिति गठित कर सकते हैं। न्यायमूर्ति वर्मा के परिवार के सदस्यों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के दौरान एक कमरे में भारी मात्रा में नकदी बरामद की, जिसके बाद इस मामले की आधिकारिक एंट्री दर्ज की गई। 1999 में स्थापित सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक प्रक्रिया संवैधानिक न्यायालयों के न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार या कदाचार की शिकायतों से निपटने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है। इन दिशानिर्देशों के तहत्सीजेआई सबसे पहले संबंधित न्यायाधीश से जवाब मांगता है।यदि जवाब असंतोषजनक है या यदि मामले की गहन जांच की आवश्यकता है, तो सीजेआई एक आंतरिक समिति का गठन कर सकता है।इस समिति में सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश और उच्च न्यायालयों के दो मुख्य न्यायाधीश शामिल होते हैं।यदि समिति को कदाचार गंभीर लगता है, तो वह न्यायाधीश को इस्तीफा देने की सिफारिश कर सकती है। यदि न्यायाधीश इनकार करते हैं, तो उन्हें हटाने के लिए संसदीय कार्यवाही शुरू की जा सकती है। इस घटना ने न्यायिक प्रणाली में हलचल मचा दी है, जिससे न्यायिक जवाबदेही को लेकर गंभीर चिंताएँ पैदा हो गई हैं। सूत्रों ने संकेत दिया कि गृह मंत्रालय और अन्य अधिकारियों से प्राप्त प्रतिकूल रिपोर्टों ने कॉलेजियम द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिक पारदर्शिता और निष्ठा की मांग बढ़ने के साथ, न्यायमूर्ति वर्मा का स्थानांतरण एक व्यापक प्रक्रिया की शुरुआत मात्र हो सकता है, जिसमें औपचारिक जांच और अनु शासनात्मक कार्रवाई भी शामिल हो सकती है।दरअसल, संवैधानिक न्यायालय के जजों के खिलाफ भ्रष्टाचार, गलत काम और न्यायिक अनियमितता के आरोपों से निपटने के लिए 1999 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा आंतरिक प्रक्रिया तैयार की गई थी। इसके मुताबिक शिकायत प्राप्त होने पर, छ्द्गद्ब संबंधित जज से जवाब मांगेंगे और यदि वे जवाब से संतुष्ट नहीं होते हैं, या उनका मानना है कि मामले की गहन जांच की आवश्यकता है, तो वे एक आंतरिक जांच समिति का गठन करेंगे।इसमें सुप्रीम कोर्ट के एक जज और अन्य हाईकोर्ट के दो मुख्य जज शामिल होंगे। आंतरिक जांच समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद, यदि CJI की राय में जज का कदाचार गंभीर प्रकृति का है, जिसके लिए जज को हटाया जाना आवश्यक है, तो वह जज से इस्तीफा देने के लिए कहेंगे।यदि जज ने इनकार कर दिया, तो CJI संविधान के अनुच्छेद 124(4) के तहत संसद में जज के खिलाफ हटाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सरकार को लिखेंगे।

**फ्राड** .......श्रेया ग्रुप ऑफ कॉम्पनीज़ ने फ्राड कर इंन्वेसटर को पैसे दोगुने का लालच देकर करोंड़ों रूपए ऐंटें , इंन्वेसटर ने पुलिस मे दर्ज कराया मुकदमा

# श्रेया ग्रुप ऑफ कॉम्पनीज़ ने किया फ्राड , इंन्वेसटर को लगाया करोड़ो का चूना

**स्वतंत्र प्रभात**

**विनीत कुमार मिश्रा**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में लखनऊ शाइन सिटी की तर्ज पर हेमंत राय ने फ्राड कर सैकड़ो इंन्वेसटर को करोड़ों का चूना लगाया है । एस ग्रुप का कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हेमंत राय ने अपना ऑफिस्र-1/4 विवेक खंड मिठाई वाला चौराहा गोमतीनगर में बनाया हुआ था , जहां से वह लोगों को जमीनों में इन्वेस्ट कर 15 से 18 महीने का एस0आई0पी प्लान बेचकर पैसे दुगने करने का लालच देता था , इसके लिए उसने अपनी कंपनी का नाम बदलकर श्रेया ग्रुप आफ कंपनी रख लिया जिसके अंतर्गत उसने कई और कंपनियों का निर्माण किया जिनमें श्रेया इंफ्रा हाइट , श्रेया ज्वेलर्स ट्रेडर्स , श्रेया एसोसिएट , श्रेया बाजार और श्रेया इंफ्रा मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड रखा , हेमंत राय ने लोगो को श्रेया इंफ्रा मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड में इन्वेस्ट कराया और कुछ समय तक लोगों को रिटर्न दिया फिर जून 2024 के बाद से रिटर्न देना बंद कर दिया जब लोगों ने अपने रिटर्न की




मांग की तो हेमंत राय ने कहा कि उसका पैसा मार्केट में फंसा हुआ है वापस मिलने पर सबको पैसा चूका देगा लेकिन जब धीरे-धीरे समय बीतता गया और पैसा नही मिला तो लोगों ने दोबारा अपना पैसा मांगा तो हेमंत ने उनके साथ गाली गलौच किया और उन्हें जान से मरवाने की धमकी दी हेमंत राय लोगों को वर्चुअल जमीन दिखाकर पैसे इंवेस्ट कराता था जिसके लिए वह सरकारी जमीन को अपना बात कर लोगों से इनवेस्ट कराता था हेमंत पर महिलाओं के साथ अवैध संबंध के मामले में भी कानपुर में एक महिला ने आईपीसी की धारा 328 , 376 , 506 में मुकदमा दर्ज कराया है, लोगों को ठगने के लिए हेमंत कूट रचित दस्तावेज व नकली दस्तावेज दिखाकर लोगों के साथ ठगी करता था हेमंत राय पर उनके ही एक इन्वेस्टर ने करोड रुपए के घपला करने के लिए 22 नवंबर 2024 को कुरनूल थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी , लोग अपनी मेहनत की कमाई हेमंत राय के कहने पर कंपनी में इन्वेस्ट किया करते थे और वह सभी का पैसा हड़प लिया करता था इसके लिए वह लोगों का पैसा अपने निजी खाते में डलवाता था , कोई भी जब अपना पैसा वापस मांगता था तो वह लोगों को धमकी देता था कि उसके संबद्ध राज्य सरकार और भारत सरकार में बड़े नेताओं मंत्री के साथ हैं वह उन्हें झूठे मुकदमे फंसा कर जेल भिजवा देंगे , जिस डर से लोगों ने उसके खिलाफ शिकायत करने की हिम्मत नही की , रवि प्रकाश त्रिपाठी पुत्र स्व ओम प्रकाश त्रिपाठी निवासी पाठक पुरम कल्ली पश्चिम पी जी आई ने हेमंत राय के खिलाफ पुलिस में अपनी शिकायत दर्ज कराई है ।

## पुलिस अधीक्षक ने रिट, सम्मन, मॉनिटरिंग सेल समेत विभिन्न शाखाओं की साप्ताहिक समीक्षा की

**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर श्री कुँवर अनुपम सिंह ने शुक्रवार को रिट सेल, सम्मन सेल, मॉनिटरिंग सेल, कन्विक्शन पोर्टल एवं न्यायालय सुरक्षा शाखा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं दस्तावेजों के रखरखाव का गहन निरीक्षण किया और सुधार की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में संबंधित शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक सतर्कता व जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिए, ताकि न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने कार्यालय के रिकॉर्ड प्रबंधन और न्यायालय सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इस समीक्षा बैठक का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करना था, जिससे न्यायिक कार्यों में तेजी लाई जा सके।



## तेंदुए ने किया सियार का शिकार

सीतापुर जनपद सीतापुर के विकासखंड पहला के रसूलपुर तराई गांव में तेंदुए की दहशत बनी हुई है गुरुवार दोपहर को ग्रामीणों ने तेंदुए को देखा था इसकी सूचना महमूदाबाद वन विभाग को दी गई। बीती रात फिर करीब आठ बजे तेंदुआ ग्राम खाफा में कमलेश मौर्य के घर के पास एक सियार का शिकार कर गया कमलेश और धनीराम मौर्य ने तेंदुए को कुएं के पास लहसुन के खेत में देखा घटना की जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब दो बजे ग्रामीण मुनव्वर अली, ओमप्रकाश कश्यप और ग्राम प्रधान अनिल कुमार ने तेंदुए को देखा तेंदुआ रोड क्रॉस कर अनिल प्रधान के खेत से होकर सत्यराम के खेत की तरफ जाते हुए देखा गया जिसके बाद वह गायब हो गया। बीती रात उसने फिर सियार का शिकार कर उसे अपने साथ उठा ले गया शुक्रवार को दिन भर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची टीम में वन दरोगा अरविंद कुमार, निमिष सिंह चौहान, जितेंद्र कुमार और रामनरेश यादव शामिल थे टीम ने इलाके में कांबिंग शुरू कर दी है वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है वन दरोगा अरविंद कुमार और रमेश यादव ग्रामीणों के साथ पगचिह्नों की जांच कर रहे हैं!!

## संक्षिप्त ख़बरें

### संदिग्ध परिस्थितियोंमेंकिशोरी की मृत्युपुलिस हत्या या आत्महत्या में उलझी




**बस्ती।** बस्ती जिले हरैया थाना क्षेत्र के कुचेला गांव में बुधवार की भोर में करीब पांच बजे अपने ही घर में एक किशोरी की रहस्यमय हालत में मृत्यु हो गई। पुलिस को भनक नहीं लगी और आनन-फानन में स्वजन ने शव को जला दिया। काफी देर से जानकारी होने पर पुलिस पहुंची तो हाथ मलती रही गई। घटना का कारण अभी सामने नहीं आ सका है। 16 वर्षीय बेबी पुत्री गिल्लू मंगलवार की रात खाना खाकर अपने कमरे में अकेले सो रही थी। भोर में संदिग्ध हालत में मृत पाई गई। उसने खुदकुशी की है या करंट लगने से मरी है या अन्य किसी कारण से उसकी हत्या कर दी गई। यह अभी रहस्य बना हुआ है। स्वजन शव तपसी धाम आश्रम के निकट मनोरमा नटी के तट पर अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर वालों से घटना की जानकारी लेकर छानबीन शुरू कर दी है। छात्रा की मां श्यामकली का रो-रो बुरा हाल है। घटना के बारे में वह कुछ बता नहीं पा रही थी। घटना के समय घर में मां और भाई बहन भी थे। पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। वह चार-भाई बहनों में तीसरे नंबर पर थी, दो भाई दिल्ली में नौकरी करते हैं। हरैया के नेशनल इंटर कालेज में 10 वीं कक्षा की छात्रा थीं। प्रभारी निरीक्षक टीडी सिंह ने बताया कि घटना सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी, मृत्यु की वजहों की जांच-पड़ताल की जा रही है। अभी तक किसी ने कोई तहरीर भी नहीं दी है।

### बस्ती में पानी फैक्ट्री पर छापेमारी-हजारों लीटर बोतलबंद पानी बरामद



**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पालीटेक्निक चौराहे के पास एक पानी फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान हजारों लीटर बोतलबंद पानी बरामद हुआ। फर्म बंद होने के बाद भी पानी की पैकिंग की जांच में पाया गया कि फर्म बंद होने के बाद भी उसी के नाम से पानी की पैकिंग की जा रही थी। गोदाम को सील कर दिया गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि संतकबीर नगर के अदनान ने शिकायत की थी कि उसके रजिस्टर्ड फर्म वेदिक नाम से मुबारक अली और सतीश सिंह मिलकर पानी की पैकिंग कराते हुए उसकी आपूर्ति कर रहे हैं। बरामद पानी की कीमत नौ लाख रुपये छापेमारी के दौरान 500 एमएल पानी का 2577 गत्ता, एक लीटर का 1128 पेटी मौके से बरामद हुआ। विभाग के अनुसार बरामद पानी की कीमत नौ लाख रुपये है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उन्होंने अपनी टीम के साथ छापेमारी की। शिकायतकर्ता की निशानदेही पर टीम पहुंची थी। गोदाम को सील कर दिया गया है। संबंधित से जवाब मांगा गया है।

### हल्का सिपाही की सतर्कता से एक गैंगस्टर गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली देहात के आरक्षी विपिन कुमार ने गैंगस्टर अभियुक्त पर शिकंजा कसने के लिए साये की तरह उसकी हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बिछाए रखी।एसपी द्वारा अपराधी की पतारसी सुरागरसी के लिये थाना कोतवाली देहात के आरक्षी विपिन कुमार को प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा।थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत बढनी तिराहे से गैंगस्टर योगेश उर्फ शालू मिश्रा को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार गैंगस्टर अभियुक्त पर हत्या का प्रयास, आईटी एक्ट, धोखाधड़ी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट जैसे संगीन अपराधों से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं।इसी क्रम में आरक्षी विपिन कुमार के सहयोग से बुधवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा थाना कोहंडौर के मु0अ0सं0 41/2025 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 में वांछित अभियुक्त योगेश उर्फ शालू मिश्रा पुत्र आनन्द मिश्रा निवासी विक्रमपुर थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ को थानाक्षेत्र कोतवाली देहात के बढनी तिराहे से गिरफ्तार किया गया।

### सुगम आवागमन व सुरक्षा के लिए व्यवस्था हेतु ड्रोन कैमरा से की जा रही है निगरानी

**प्रतापगढ़।** रमजान, नवरोज व ईद पर्व को ध्यान में रख कर एसपी डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा सुगम व सुरक्षित आवागमन व सुरक्षा व्यवस्था के लिए जनपद प्रतापगढ़ के प्रमुख चौराहों, भीड-भाड़ वाले स्थानों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों व स्टेशनों के आस-पास की जा रही है पूरी सतर्कता से निगरानी की जा रही है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत चिलबिला चौराहा, रेलवे क्रासिंग, सई नदी ओवरब्रिज, सदर चौराहा, रामलीला ग्राउण्ड, भरत चौक (घण्टाघर), बाबगंज मार्केट, निर्मल चौराहा, रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़, भंगवा चुंगी तथा शहर क्षेत्र के प्रमुख स्थानों रोडवेज बस स्टैण्ड सिविल लाइन, अंबेडकर चौराहा, राजापाल टंकी सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी ड्रोन कैमरा से सतर्क निगरानी की जा रही है।

## नकली सोना बेचकर भाग गया विक्रेता, पुलिस ने शुरू की जांच

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिल के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हरदी गांव के दर्जनों लोगों को एक सर्राफ्य दुकानदार चूना लगा कर भाग निकला। एक व्यक्ति ने मशीन पर जेवर की जांच कराई तो वह नकली निकला, जैसे ही अन्य लोगों को यह जानकारी हुई, उन्होंने भी दुकान से खरीदे गए जेवर की जांच कराई तो नकली निकला। पीड़ितों ने सामूहिक रूप से पुलिस को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।आप को बता दे थाना क्षेत्र के हरदी चौराहे पर एक वर्ष पूर्व एक युवक ने किराये के मकान में सोने की दुकान खोलो। धीरे-धीरे आसपास के लोगों से उसने मेलजोल बढ़ाया और सोने के जेवर की बिक्री करने लगा। लोग इसके यहां सोना गिरवी रखकर पैसा भी लेते थे। हरदी गांव के अलावा आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों ने इस दुकान से जेवर की खरीदारी की। कई लोगों ने तो अपनी बेटी और बहन के विवाह में भी यही से सोना खरीद कर कार्यक्रम संपन्न कराया है।आशंका होने पर सोने की जांच एक सप्ताह पूर्व गांव के श्रीराम, अब्दुल, राशिद, रहमान, दुख राम, अनूप, रत्नेश मिश्रा, अनूप पांडेय, मंगलदीप सहित अन्य लोगों को जब आशंका हुई तो सोने की जांच कराई।

जांच में कई लोगों का सौना नकली निकला। जब इस बात की भनक दुकानदार को लगी तो वह दुकान बंद कर फरार हो गया। शिकायत के आधार पर स्थानीय पुलिस ने उसके कुछ करीबियों से पूछताछ की है। साथ ही उक्त दुकानदार के बारे में पता लगाने में जुटी है। ग्रामीणों ने बताया कि वह गांव के तमाम लोगों को कई लाख रुपये का नकली सोना देकर गायब हो गया है। उसका मोबाइल फोन भी बंद जा रहा है। दुकानदार अलग-अलग लोगों को अपना नाम पता अलग-अलग बताता था, जो बिल उसने ग्राहकों को दिया है उसे पर राभा ज्वेलर्स का पता लिखा हुआ है, जबकि किसी बिल पर किसी खरीदर का नाम नहीं लिखा है। तमाम महिलाएं भी इस दुकानदार के झांसे में आकर अपनी जमा पूंजी गंवा चुकी हैं। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दुकानदार के करीबियों से पूछताछ की है और उसके बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है। सीओ कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने कहा ग्राहकों ने शिकायत दर्ज कराई है। सभी बिदुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। दुकानदार के करीबी रहे लोगों से भी पूरे मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नही होगी - मण्डलायुक्त

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले शासन के प्राथमिकताओं के विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नही होगी। मण्डलीय अधिकारी विभाग में संचालित लाभपरक योजनाओं का प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्ति को चिन्हित कर लाभ अवश्य पहुँचायें। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने मण्डलीय विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये है। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि जो परियोजनाए पूर्ण हो चुकी है, उन्हें तत्काल सीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड किया जाय। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए उन्होने संयुक्त निदेशक कृषि अविनाश चन्द्र तिवारी को निर्देश दिया कि शासनमंशानुरूप शतप्रतिशत कार्य को पूर्ण कर लिया जाय।

मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री शादी विवाह योजना, कन्या विवाह सहायता योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कोई भी पात्र आवेदन किसी भी स्तर पर लम्बित ना रहें। उन्होने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की श्रेणी 'ए' है, ऐसे विभाग 'ए' प्लस श्रेणी में आने का प्रयास करें और 'ए' प्लस वाले यथास्थिति को बनाये रखें। संचारी रोग की समीक्षा करते हुए उन्होने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनको जो दायित्व मिला है, उसे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनायें। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त बलराम कुमार ने किया। इसमें जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, महेन्द्र सिंह तंवर, राजा गणपति आर, सीडीओ सार्थक अग्रवाल, जयकेश त्रिपाठी, जयेन्द्र कुमार, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी, तीनों जिलों के सीएमओ, डीएसओ जयप्रकाश, डीपीआरओ रतन कुमार, पीओ डूडा सुनीता सिंह सहित मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## सीएचसी कप्तानगंज पीने का पानी की व्यवस्था नहीं है मरीज अपनी अपने साथ लाएं

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पानी की कोई व्यवस्था नहीं है मैरिज पानी के लिए हलकान है गर्मी शुरू हो गई बीमारियां बढ़ भी रही हैं। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ है। गर्मी में सबसे ज्यादा शुद्ध पानी की जरूरत होती है, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कप्तानगंज पर शुद्ध पेयजल का संकट है। कहने को तो सीएचसी पर हैंडपंप और ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर लगे हैं। इनमें सभी वाटर कूलर खराब पड़ा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पर आने वाले मरीज उनके तीमारदारों के शुद्ध पेय जल की व्यवस्था के लिए अस्पताल परिसर में नगर पंचायत द्वारा दो वाटर कूलर और एक पूर्व सांसद की ओर से लगाए गए थे। सभी वाटर कूलर खराब पड़ा है। जिसके कारण यहां आने वाले लोगों को भारी पेय जल के समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज की आबादी करीब 1.38 लाख है। इस सीएचसी पर नगर पंचायत कप्तानगंज के 10 वार्ड के अलावा 53 ग्राम पंचायत के 168 राजस्व गांवों के लोगों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के चलते हर दिन तकरीबन 250 से अधिक की ओपीडी होती है। तथा हाईवे अन्य मार्गों पर होने वाले सड़क हादसों में घायलों को इलाज के लिए भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पर लाया जाता। गर्मियों के दिन शुरू होने के साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीज को अस्पताल में लगे तीनों वाटर कूलर खराब होने के चलते या तो वह बाहर से बोतल की पानी खरीद कर लाइन या फिर दुकानों पर जाकर पानी पीने के लिए मजबूर है। इन वॉटर कलरों के खराब होने के बाद जिम्मेदार है। कि इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे। अस्पताल परिसर में नगर पंचायत द्वारा लगाया गया हाल ही में वाटर कूलर भी खराब पड़ा है। आगे जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी अस्पताल में आने वाले मरीज व उनके तीमारदारों के लिए पानी पीने की समस्या उत्पन्न होगी।सीएचसी प्रभारी कहासीएचसी प्रभारी डा. अभय कुमार सिंह ने बताया कि वह वाटर कलूर सही कराने लिए कई बार शिकायत कर चुके हैं। नगर पंचायत और सांसद निधि की ओर वाटर कूलर लगाए गए थे जल्द सही कराया जायेगा।




## मोहम्मद उमर की घातक गेंदबाजी से मेजबान प्रतापगढ़ पहुंचा सेमीफाइनल में

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की जा रही राज्य आमंत्रण ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार का पहला का मैच देवरिया छात्रावास और हरदोई के बीच खेला गया।मैच प्रारंभ होने से टॉस जीतकर हरदोई ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी देवरिया छात्रावास की टीम ने साहिल मिश्र और आकाश के 34 रन की मदद से 20 ओवरों में 139 रन बनाकर 10 विकेट खो दिए।हरदोई के लिए देवाशीष चौहान ने 4 विकेट और और जय प्रकाश ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरदोई की टीम मोहन कश्यप के 32 और देवाशीष 21 की बदौलत भी 17.5 में 110 रन ढेर गई हो गई।देवरिया के लिए प्रांजल रावत ने 3 ,अनूप और आकाश ने भी 2 विकेट झटके।आकाश गुप्ता को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज,जिला क्रिकेट के सचिव मोहम्मद शफीक ने संयुक्त रूप से दिया।दूसरा मैच मेजबान प्रतापगढ़ और सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें मेजबान प्रतापगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 143 रनों का लक्ष्य दिया, जिसमें विकास यादव 37 और वैदेही बल्लभ ने 22 रनों का योगदान दिया।सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए मोहम्मद अली खान ने 3 विकेट और शौर्य यादव ने एक विकेट झटके।

मुकाबले में उतरी सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज की टीम 18 ओवरों में 103 रनों पर ढेर हो गई जिसमें दिव्यांश पाण्डेय ने 21 और आयुष यादव ने 16 रनों का योगदान दिया।प्रतापगढ़ की तरफ से उमर ने 22 रन देकर 4 विकेट झटके और विनीत मिश्रा ने 2 विकेट लिए।मैच में बेहतर प्रदर्शन के लिए मोहम्मद उमर को पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी आदित्य शुक्ला और अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सचिन शुक्ला ने संयुक्त रूप से पुरस्कार दिया।कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एआरटीओ की सेटिंग भ्रष्टाचार की नई मिसाल,डीएम के आदेशों की उड़ी धज्जियां

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** जिले में एक बार फिर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जिसमें एआरटीओ विवेक शुक्ला पर गंभीर आरोप लगे हैं। जिलाधिकारी के आदेशों और ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को हवा हवाई मानते हुए एआरटीओ विवेक शुक्ला ने एक ट्रक को पकड़कर थाने में लाकर उसे सेटिंग के बाद छोड़ दिया। यह पूरा मामला अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि थाने में ट्रक के मालिक से सेटिंग की जाती है और इसके बाद ट्रक को रिहा कर दिया जाता है। दरअसल, चित्रकूट के भरतकूप थाना क्षेत्र में ओवरलोड ट्रक UP 96 T1549 को पकड़ने के बाद उसे थाने में लाया गया था। लेकिन यहां एआरटीओ ने नियमों और कानून की अनदेखी करते हुए ट्रक मालिक से 'सेटिंग' कर उसे छोड़ दिया। सूत्रों के अनुसार, ट्रक मालिक ने सेटिंग के बदले एआरटीओ को मोटी रकम दी, जिसके बाद ट्रक को बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिया गया। यह घटना तब और भी गंभीर हो जाती है जब जिलाधिकारी के स्तर से लगातार ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं। ऐसे में एआरटीओ विवेक शुक्ला द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई न केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है, बल्कि जिला प्रशासन के आदेशों की खुलेआम अवहेलना करती है।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि ट्रक को थाने में लाकर मालिक से %सेटिंग% करके और फिर उसे बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिया जाता है। इस वीडियो ने एआरटीओ की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि एआरटीओ विवेक शुक्ला का यह तरीका नया नहीं है। इससे पहले भी वह ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं और उनके




खिलाफ कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं। इस तरह के भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति और भी बिगड़ सकती है। इस पूरे मामले पर अब जिला प्रशासन पर नजरें टिकी हैं और यह देखा जाएगा कि इस मामले में कौन-कौन से सख्त कदम उठाए जाते हैं। क्या एआरटीओ विवेक शुक्ला पर कोई कार्रवाई होगी, या यह मामला भी रफा-दफा हो जाएगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन इतना तय है कि इस घटना ने चित्रकूट में भ्रष्टाचार की तस्वीर को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

### नौकरी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बस्ती।** बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र के बभनान कस्बा निवासी एक व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा नौकरी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया. थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गौर पुलिस द्वारा नौकरी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने नौकरी का लालच देकर के जगह-जगह कई फोटो को में ले जाकर उसके साथ आवाज संबंध बनाए और जब नौकरी की बात किया तो उसको गाली गुप्ता देते हुए एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के संबंध में अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। पीड़िता द्वारा दिए गए बयान में कहा गया कि कस्बे निवासी नौकरी के नाम पर उसका शोषण किया गया तथा नौकरी ना दिला खाने के कारण उसे जब पैसा और अपने संबंध के बारे में जानकारी दी क्या किया तो नौकरी दिलाओ मेरे साथ आप गलत काम किए हो उसके जिम्मेदार कौन होंगे यूपी के साथ मारपीट एवं गली कुत्ता देते हुए जाट सूचक शब्दों का प्रयोग किया जिसके कारण मुझे गौर थाने में प्राथमिक पत्र देकर उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई थाना अध्यक्ष द्वारा कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया तथा न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## सरकारी डाक्टर और प्राइवेट प्रैक्टिस वाली सूची ढूँढ़ रहे बस्तीवासी




**● जाते जाते कहीं सूची भी तो गायब नहीं कर गए जिले के पूर्व सी0एम0ओ0जनपद स्तर पर लहलहा रहे प्राइवेट अस्पतालों के बोर्ड- सीएमओ बने अंजान**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्तीजिले में शासन स्तर से सरकारी डाक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस मामले में कार्यवाही शासन ने कमर कसा था परन्तु जिला स्तर पर बैठे स्वास्थ्य विभाग के रहनुमाओं ने शासन की नीतियों को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा और शासन को फर्जी रिपोर्ट प्रेषित कर मामले को दबाने में दिन रात एक कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी डाक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस मामले में शासन ने गम्भीरता दिखाते हुए कार्यवाही हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से सूची तलब किया था लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से लापरवाही बरती गयी व शासन को भ्रामक रिपोर्ट प्रेषित करते हुए गुमराह किया गया जिसके कारण शासन स्तर से कार्यवाही सम्भव नहीं हो पा रही है । बस्ती जनपद मुख्यालय की यदि बात करें तो दर्जनों प्राइवेट अस्पताल ऐसे हैं जिनके संचालक डाक्टर कहीं न कहीं सरकारी अस्पताल में तैनात हैं फिर भी पूर्व के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ऐसे डाक्टरों से दुरभि संधि करके धन उगाही की गयी और उनके मनमाफिक शासन को रिपोर्ट भेज दी जिससे उनके निजी प्रैक्टिस पर रोक लग पाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। डा0 सरफराज सहित जिला अस्पताल में ही ऐसे डाक्टरों की संख्या दर्जनों से ऊपर है जो सरकारी नौकरी के साथ ही साथ प्राइवेट प्रैक्टिस में भी संलिप्त हैं यदि पूरे जनपद की बात की जाए तो ऐसे डाक्टरों की संख्या चौंकाने वाली व शतक के करीब होगी, परन्तु पूर्व के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ऐसे डाक्टरों के विरुद्ध रिपोर्ट न प्रेषित कर शासन को गुमराह करने का खुलेआम काम किया गया है।

## जनजाति के सभी 20 हस्तशिल्पी उत्कृष्ट उत्पादो के साथ स्टालो पर आ रहे बड़ी संख्या मे लोगो

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर** के चौक बजार में बर्तन मार्केट के सत्यम सिंह हाल में 17 मार्च से चल रही हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन आज कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के हस्तशिल्प सेवा केन्द्र, वाराणसी के हस्तशिल्प संवर्द्धन अधिकारी श विनय कुमार सिंह ने किया और अपना महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी प्रदान किया पाटन देवी हैण्डीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, बलरामपुर द्वारा आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी में शिल्प प्रेमियों की अच्छी भीड़ दिखाई दी। 17 मार्च से संचालित इस 10 द्विसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी में अनुसूचित जनजाति के सभी 20 हस्तशिल्पी अपने उत्कृष्ट उत्पादो के साथ स्टालो पर आ रहे बड़ी संख्या मे लोगो को आकर्षित कर रहे हैं। आगन्तुको द्वारा पूरी रूचि के साथ हस्तशिल्प उत्पादो का प्रदर्शन देखा जा रहा है और अच्छी तरह से खरीदारी भी की जा रही है। आगन्तुक लोगों द्वारा उपयोगी हस्तशिल्प उत्पादों का अवलोकन करने के बाद कलाकृतियों की सराहना भी की जा रही है। आयोजकों और हस्तशिल्पयों को पूरा विश्वास है कि उत्पादों की अच्छी बिक्री जारी रहेंगी। उनका कहना है कि इस प्रदर्शनी से उत्साहित होने के कारण हम आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हस्तनिर्मित कलाकृतियों को लोगो के बीच लाते रहेंगे। प्रदर्शनी के स्टालों पर बिक्री किये जा रहे उत्पाद खुले बाजार मे सामान्यतः उपलब्ध नहीं हैं।

दैनिक उपयोग के साथ घरों मे सजावटी सामग्रियां भी उत्पाद के रूप में प्रदर्शनी में उपलब्ध हैं। हस्तशिल्प प्रदर्शनी में पहुंच रहे शिल्प प्रेमी प्रदर्शनी में भाग ले रहे है अनुसूचित जनजाति के हस्तशिल्पियों की अद्भुत कलाओं की प्रशंसा कर रहे हैं। 26 मार्च तक निःशुल्क प्रवेश के साथ चलने वाली हस्तशिल्प प्रदर्शनी आकर्षक स्टालों व सजावट के साथ सफलतापूर्वक चल रही हैं। इस हस्तशिल्प प्रदर्शनी में भाग ले रहे समस्त हस्तशिल्पी बलरामपुरवासियों के हस्तशिल्प उत्पादों के प्रति अप्रतिम लगाव से अभिभूत हो रहे हैं। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में ग्रामीण विकास संस्थान के मंत्री सुनील साहनी, आयोजक प्रोड्यूसर कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक सैय्यद दानिश जमाल, डायरेक्टर रजई निराला, विन्ध्याचल, राजकुमार, राज साहनी, संतोष निषाद आदि अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

## डॉ नीरज त्रिपाठी जिला कांग्रेस कमेटी के पुनः अध्यक्ष बने, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस पार्टी हाईकमान ने जुझारू छवि के नेता डॉ.नीरज त्रिपाठी के ऊपर भरोसा जताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी का पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया है। त्रिपाठी के अध्यक्ष चुने जाने पर जनपद के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है द्य जिला कांग्रेस कार्यालय पर शुक्रवार को नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा जोरदार नारेबाजी करते हुए ढोल, ताशा के साथ कांग्रेस जनों ने माला पहनाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। उसके उपरांत संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। शहर के पूरे पितई निवासी डॉ. नीरज त्रिपाठी ने जिले की छात्र राजनीति से सियासत में कदम रखा। छात्रों के मुद्दों पर प्रशासन से टकराव भी होता रहा, जनता की समस्याओं के लिए धरना प्रदर्शन व उपवास भी रखा द्य एमए, एलएलबी व पीएचडी करने के उपरांत नीरज त्रिपाठी कांग्रेस की सक्रिय राजनीति का हिस्सा बने।वर्ष 2007 से यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष, 2017 में यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी बनाए गए।राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के करीबी माने जाने वाले नीरज को 2019 में प्रतापगढ़ सदर विधानसभा से उप चुनाव लड़ाया गया।जिसमें 20 हजार मतों से अधिक पाकर प्रतापगढ़ की राजनीति में अपने को स्थापित किए।2022 में भी प्रतापगढ़ विधानसभा से मौका मिला। इस अवसर पर नव नियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने ऑल इंडिया कांग्रेस



कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, उत्तर प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव मा.अविनाश पांडे, प्रभारी राष्ट्रीय सचिव मा.राजेश तिवारी एवं सांसद प्रमोद तिवारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय व कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा मुझे जिलाध्यक्ष के रूप में दोबारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी करूंगा।कहा कि जनपद प्रतापगढ़ में आगामी पंचायत चुनाव 2026 व विधानसभा चुनाव 2027 में बेहतर प्रदर्शन होगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी,नगर अध्यक्ष इरफान अली, पीसीसी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, पूर्व प्रत्याशी विश्वनाथगंज विधानसभा प्रशांत सिंह प्रिंशु, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, एडवोकेट अनिल तिवारी, दिलीप मिश्रा गुड्डू, ब्लॉक अध्यक्ष सड़वा चंडिका मोनू मिश्रा, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मो.हुजैफ, आरटीआई सेल के जिला अध्यक्ष शिवम मिश्रा, अंजली उपाध्याय, राम रतन तिवारी, रियाज सुलतान, अभय किशोर त्रिपाठी, आशीष शुक्ला,यश द्विवेदी, चंद्रनाथ शुक्ला, श्याम शंकर तिवारी, इश्तियाक अहमद, दीपक तिवारी उर्फ गल्ली, भवानी शंकर दूबे, इन्दिरा नंद तिवारी, उमेश तिवारी, विवेक पाण्डेय, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, रवि प्रताप सिंह, अशोक सिंह, मो.कासिम, सलमान खान, अश्वनी उपाध्याय, प्रवीण द्विवेदी,नूर आलम, राजू भाई, शहजाद सलमानी, अरबाज आलम, शिवेंद्र सिंह, अंकित यादव, मोनू यादव, संदीप सरोज, संजय तिवारी, विनोद पांडेय, अजय मिश्रा, प्रवीण पाण्डेय, धर्मराज सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं संस्कार दिये जाये जिससे वह देश व समाज का नाम रोशन करें-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा प्री प्राइमरी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम, निपुण सम्मान समारोह एवं पीएम श्री विद्यालयों कार्यशाला का आयोजन तुलसीसदन (हादीहाल) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। सरस्वती वंदना गीत कंपोजिट विद्यालय संडीला गौरा की बच्चियों द्वारा किया गया।स्वागत गीत प्राथमिक विद्यालय शंकर दयाल रोड नगर क्षेत्र के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ज्ञान हमें मुक्ति की तरफ ले जाता है, हमारी समस्त सामाजिक, आर्थिक, सामाजिक संरचना ज्ञान के आधार पर टिकी रही है। उन्होने कहा कि विद्या हमें विनम्रता प्रदान करती है, विनम्रता से योग्यता आती है, योग्यता से धन प्राप्त होता है, धन का उपयोग अच्छे और धार्मिक कार्यो में करने से धर्म की प्राप्ति होती है और धर्म (सत्य, न्याय, और अच्छे कर्म) से वास्तविक सुख प्राप्त होता है। उन्होने कहा कि जिस व्यक्ति में श्रद्धा का भाव होता है वही ज्ञान प्राप्त करता है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य अच्छा संस्कारी मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण नागरिक बनना है। उन्होने कहा कि हमारे समाज में गुरूओं का स्थान अग्रणी रहा है और माता-पिता के साथ-साथ अगर कोई रिश्ता सबसे महत्वपूर्ण होता है।बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं संस्कार दिया जाय जिससे वह आगे बढ़ सके और देश व समाज का नाम रोशन कर सके।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा निपुण हुए विद्यालयों का प्रतिनिधित्व कर रहे चिन्हित बच्चों और अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह द्वारा हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के उद्देश्य और बच्चे



के विकास में समुदाय की भूमिका पर चर्चा की गई एवं आये हुये अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में कुल 1490 में से निपुण हुए 960 स्कूलों में से संबंधित ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा चिन्हित उत्कृष्ट शिक्षक व निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन एसआरजी चंद्रजीत यादव और आशुतोष निर्मल ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जहन्नुम से आजादी का है आखिरी अशरा-तकरीर -

**बिसवां (सीतापुर)।** रमजानुल मुबारक का आखिरी अशरा जहन्नुम से आजादी का है। इसी अशरे में दस रोज का ऐतफाक करने का अमल भी है। असल में ऐतफाक की हकीकत यह है कि बंदा हर तरफ से एक सू (एकाग्रचित्त) होकर मस्जिद में रहे। खुदा की इबादत और उसके जिक्र-फिक्र में लगा रहे। ऐतफाक में कोई खास इबादत शर्त नहीं है। नमाज तिलावते कलाम पाक दीनी किताबों का



पढ़ना या अल्लाह का जिक्र करना ,गरज जो इबादत जी चाहे करता रहे। इसी आखिरी अशरा की रातों में एक रात शब-ए-कद्र की आती है। इसमें इबादत करने का सवाब एक हजार महीने तक इबादत करने के सवाब से ज्यादा मिलता है।इस रात में हजरत जिब्रील अलैहिस्सलाम फरिश्तों की एक जमात के साथ तशरीफ लाते हैं और जिस बंदे को इबादत में मशगूल पाते हैं उसके लिए दुआ करते हैं। फरिश्ते आमीन कहते हैं।

इसी आखिर अशरा में आखिरी जुमा को अलविदा कहा जाता है जिसका लोग बहुत एहतिमाम करते हैं। अपने कस्बे और शहर की जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज अदा करनी चाहिए।यह बातें कस्बा के मदरसा इस्लामिया कंजुल उलूम के हेडमास्टर मौलाना हाजी नफीसुल हक मजाहिरी ने एक तकरीर में कहीं।

### जनपद स्तरीय सुलेख प्रतियोगिता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद, सीतापुर में सफलतापूर्वक संपन्न

सीतापुर, 21 फरवरी 2025 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद, सीतापुर में जनपद स्तरीय सुलेख प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के 20 विकासखंडों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय स्तर पर विजेता, संतोषी तिवारी (कम्पोजिट विद्यालय, नेकपुर, महोली) - प्रथम स्थान, मुक्ति (उच्च प्राथमिक विद्यालय, नेरिया परसिया, लहरपुर) - द्वितीय स्थान, रौंजी महबूब (उच्च प्राथमिक विद्यालय, रहीमाबाद, खैराबाद) - तृतीय स्थान, नेहा (प्राथमिक विद्यालय, सुहोली, गोंदलामऊ) - चतुर्थ स्थान, शिक्षा (प्राथमिक विद्यालय, सोहई, एलिया) - पंचम स्थान प्राथमिक विद्यालय/कम्पोजिट विद्यालय स्तर पर विजेता, प्रांजल सिंह (प्राथमिक विद्यालय, उदयपुर, ऐलिया) - प्रथम स्थान, नेहा (प्राथमिक विद्यालय, बनगढ़, गोंदलामऊ) - द्वितीय स्थान, शोभित (प्राथमिक विद्यालय, लालपुर, भेलावा, मछ्रेहटा) - तृतीय स्थान, मृदुल सिंह (प्राथमिक विद्यालय, टकेला, लहरपुर) - चतुर्थ स्थान. आराध्या (प्राथमिक विद्यालय, कैथा, गाजीपुर, महोली) - पंचम स्थान कार्यक्रम की नोडल अधिकारी स्नेहलता वर्मा ने प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. रश्मि सिरोही, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, श्री शाह खालिद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। निर्णायकों ने बच्चों की सुलेख कला की सराहना करते हुए इसे भाषा विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया।

### कांग्रेस में इतिहास पहली बार महिला बनी जिलाध्यक्ष, शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी शिशिर बाजपेई को

सीतापुर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सीतापुर में एक बड़ा बदलाव किया है पार्टी ने पहली बार किसी महिला को जिले की कमान सौंपी है ममता वर्मा को जिलाध्यक्ष और शिशिर बाजपेई को शहर अध्यक्ष बनाया गया है यह नियुक्तियां रविवार देर रात की गई यूपी के सभी 75 जिलों में जिला अध्यक्षों और शहर अध्यक्षों की घोषणा की गई इस फैसले के बाद कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर नए नेतृत्व



को बधाइयां देना शुरू कर दिया। करीब एक महीने पहले यूपी कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया गया था तब से कार्यकर्ता नई नियुक्तियों का इंतजार कर रहे थे। पार्टी ने पूर्व जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी की जगह ममता वर्मा को यह जिम्मेदारी दी है ममता वर्मा 2022 में कांग्रेस में शामिल हुई थीं उन्होंने हरगांव विधानसभा से चुनाव लड़ा था हालांकि उन्हें इस चुनाव में सफलता नहीं मिली थी अब पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है!!

# शेरपुर लवल गांव में चकबंदी को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के जिलाध्यक्ष ने चकबंदी आयुक्त से की मुलाकात

**....... भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के जिलाध्यक्ष राजेश रावत की अगुवाई में चकबंदी आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल। ......... मोहनलालगंज तहसील के शेरपुर लवल गांव में चकबंदी की भूमि भूमाफियाओं से मुक्त कराने को लेकर दिया शिकायती पत्र ।**



स्वतंत्र प्रभात

**विनीत कुमार मिश्रा**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने जिला चकबन्दी अधिकारी के कार्यालय पर धरना चल रहा था जिसको लेकर जिलाधिकारी लखनऊ श्री विशाख जी से वार्ता के बाद यह तय हुआ कि चकबन्दी आयुक्त उ0प्र0 से वार्ता कर समस्या का निस्तारण कराया जाय। अप्रैल माह में शेरपुर लवल के अवैध कब्जेदारों के अवैध निर्माण को हटाया जाय। बुलडोजर कार्यवाही के आश्वासन पर किसानों ने धरना समाप्त किया। शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे सवा घंटा चकबन्दी आयुक्त उ0प्र0 श्री भानूचन्द्र गोस्वामी से 9 सदस्यीय किसान प्रतिनिधि मण्डल हरिनाम सिंह वर्मा प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, मण्डल अध्यक्ष अनार सिंह अन्नू, जिलाध्यक्ष राजेश रावत, नगर अध्यक्ष इमरान इदरीशी, जिला उपाध्यक्ष मनोज पटेल, पीड़ित किसान व ग्राम प्रधान शेरपुर लवल, तहसील मोहनलालगंज के चकबन्दी विषय को लेकर 17 मार्च से धरना जिला चकबन्दी अधिकारी के कार्यालय पर चल रहा था जिसको लेकर जिलाधिकारी लखनऊ श्री विशाख जी से वार्ता के बाद यह तय हुआ कि चकबन्दी आयुक्त उ0प्र0 से वार्ता कर समस्या का निस्तारण कराया जाय। शुक्रवार को वार्ता के दौरान चकबन्दी आयुक्त के सख्त निर्देश आज दिनांक से सम्पूर्ण अप्रैल माह में शेरपुर लवल के अवैध कब्जेदारों के अवैध निर्माण को हटाया जाय। बुलडोजर कार्यवाही भी की जायेगी। अप्रैल माह 2025 तक अवैध शेरपुर लवल में भूमाफियाओं से जमीन न खाली करायी गयी तो शेरपुर लवल में चकबन्दी नहीं होगी, जिसके लिखित आदेश चकबन्दी आयुक्त के निर्देश के बाद बन्दोबस्त अधिकारी ने पत्र जारी किया, तब तक के लिए शुक्रवार को धरना समाप्त किया गया। अप्रैल माह के बाद 15 मई को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की तीसरी वर्ष गांठ के बाद चकबन्दी आयुक्त का घेराव की तिथि 15 मई को घोषित कर दी जायेगी, जिसके सम्पूर्ण प्रदेश चकबन्दी समस्याओं के समाधान तक चकबन्दी आयुक्त कार्यालय बन्द कर दिया जायेगा।

# भजुमन राम चरन सुख दाई , की पंक्तियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

## ...........शिवाय सेवा समिति के संस्थापक सदस्य एवं सचिव रंजीत यादव उर्फ गुड्डू की अगुवाई में अनवरत 13 वर्षों से आयोजित हो रहा फाग महोत्सव

स्वतंत्र प्रभात



लखनऊ राजधानी लखनऊ की नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव में शुक्रवार को होली के शुभ अवसर पर 13 वें फाग महोत्सव का आयोजन किया गया । फाग महोत्सव के दौरान शीतल खेड़ा गांव की फगुवाहरों की टोली के गीत भजुमन राम चरन सुख दाई ........... की पंक्तियों से फाग महोत्सव में आए हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया । फाग महोत्सव के आयोजनकर्ता शिवाय सेवा समिति के संस्थापक सदस्य एवं सचिव रंजीत यादव उर्फ गुड्डू ने बताया की होली के उपलक्ष्य में लगातार 13 वर्षों से अनवरत फाग महोत्सव आयोजित किया जा रहा है । होली के उपलक्ष्य में फाग महोत्सव के आयोजन से गांव की प्राचीन प्रथा जीवंत होगी एवं इससे लोगों में आपसी भाई चारे का संदेश भी जाएगा । इस दौरान शिवाय सेवा समिति के अध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी , उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला , राहुल मिश्रा , मीडिया प्रभारी विनीत कुमार महामंत्री संदीप सैनी , मानस यादव एवं फाग की टोली में राजा खेड़ा निवासी श्रीराम , नन्हकऊ लोधी , हरि नाम साहू , पंचम ,गिरधारी सहित सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी रही ।

# बृजमोहन लाल शकुंतला देवी इंटर कॉलेज मझिंगवा सीतापुर में एनएसएस विशेष शिविर का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात



बिसवां, सीतापुर। बृजमोहन लाल शकुंतला देवी इंटर कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्स्स्) के विशेष सात दिवसीय शिविर का भव्य समापन हुआ। इस शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा चयनित गांवों—मझिगवां सकरापुर, भुड़कड़ी, बन्नी खरैला, नसीरपुर, और करौदीपुर में पर्यावरण जन जागरूकता रैली निकाली गई। शिविर स्थल पंचायत भवन बन्नी में स्वयंसेवकों ने मध्यान्ह भोजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एल.पी.एल.डी. मेमोरियल एकेडमी, रघुनाथपुर ऐनी के प्रबंधक सुरेंद्र कांत मौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुक्त मुख्य वक्ता के रूप में प्रवक्ता चंद्रशेखर प्रजापति ने सभी स्वयंसेविकों को संबोधित करते हुए का एनएसएस शिविर का प्रशिक्षण अपने जीवन में उतारकर व्यक्तित्व विकास करना जरूरी है समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि नंदकिशोर कैलाश चंद्र महाविद्यालय, टिकरा के कुलानुशासन पुष्पेंद्र सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज अध्यक्ष डॉ. बिंदा प्रसाद धुरिया ने की। कॉलेज के प्रबंधक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के असिस्टेंट डीन, सीडीसी, प्रो. सुधाकर वर्मा ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह मंच विद्यार्थियों को समाजहित के कार्यो—पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा, जल प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और रक्तदान—के प्रति प्रेरित करता है। कार्यक्रम अधिकारी सतीश चंद्र वर्मा और पुष्पेंद्र ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की और स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर प्रकाश ने सभी अतिथियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए एनएसएस की भूमिका को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र कुमार, सुमन वर्मा, विद्यालय प्रभारी राकेश वर्मा, कमलेश कुमार, विवेक अवस्थी, राहुल वर्मा, अंकित वर्मा, लवकुश वर्मा, शशिकांत गुप्ता, अंकित वर्मा, अदीप त्रिपाठी, विकास निगम,मोहिनी वर्मा, रोली वर्मा, रूही बानो, मीनाक्षी, गुंजन, शिखा वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नागरिक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# लहरपुर में शिक्षक को एसडीएम ने किया सम्मानित, अनवर अली ने समग्र शिक्षा अभियान और नशा मुक्ति मिशन में किया है बेहतर काम



**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर में एक शिक्षक को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए विशेष सम्मान मिला है शिक्षक अनवर अली को समग्र शिक्षा अभियान, बचपन की मुस्कान, स्वच्छ भारत मिशन और नशा मुक्ति भारत मिशन में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए सम्मानित किया गया इंटरनेशनल ह्यूमन राइट एंड कंट्रोल काउंसिल और नेशनल एंटी करप्शन कमीशन, नई दिल्ली ने उनका चयन किया शुक्रवार को तहसील सभागार में एसडीएम आकांक्षा गौतम ने उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। एसडीएम गौतम ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षक का काम सिर्फ पढ़ाना-लिखाना नहीं है वे आने वाली पीढ़ी को देश और समाज के निर्माण के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को बच्चों को शुरू से ही अच्छे संस्कार और अनुशासन सिखाना चाहिए साथ ही उन्हें अपनी परंपराओं के गौरवशाली इतिहास से जोड़ना चाहिए कार्यक्रम में तहसीलदार मनीष त्रिपाठी, डॉ. भीमराव अंबेडकर शिक्षण संस्थान के मोहम्मद हसीन अंसारी, हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष संतोष कश्यप समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे ग्राम प्रधान शुभम श्रीवास्तव, शिक्षक रामचंद्र वर्मा, मोहम्मद इब्राहिम सिद्दीकी और एडवोकेट जेड आर रहमानी भी कार्यक्रम में शामिल हुए!!

# चंद्रभानु में राष्ट्रीय सेवा योजन द्वारा कार्यक्रमों की शुरुआत

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर।** चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महिला सुरक्षा तथा टी बी जागरुकता अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबंधक एवं बलरामपुर अस्पताल के पूर्व निदेशक डॉ तेज प्रकाश सिंह एवं प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह एवं उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग की सेवानिवृत सत्त्या सिंह ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किए जाने कार्यों पर चर्चा की। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ तेज प्रकाश सिंह ने टी बी की बीमारी के लक्षण तथा बीमारी को खत्म करने तथा गुणवत्ता युक्त भोजन लेने की सलाह दी तथा टी बी की दवाइयों पर चर्चा की। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग की सेवानिवृत डॉ सत्या सिंह ने महिलाओं की सुरक्षा तथा रक्षा पर विधिवत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, धनेंद्र कुमार सिंह, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ जसकरन सिंह, रामप्रकाश, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ रजनी शुक्ला, डॉ एसपी सिंह, प्रतिमा सिंह, रश्मि पांडे, डॉ उपमा त्रिपाठी सहित 207 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा 7 दिन बक्शी का तालाब के आसपास के गांवों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा साथ में गीले एवं सुखे कचरे के प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी।

# भारतीय किसान यूनियन धर्मेन्द्र गुट के जिलाध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा 20 सूत्रीय मांग पत्र

## ........ भारतीय किसान यूनियन धर्मेन्द्र गुट के जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी ने एसडीएम मोहनलालगंज बृजेश वर्मा को सौंपा मांग पत्र।

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की मोहनलालगंज तहसील में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (धर्मेन्द्र) गुट के जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी एवं महिला जिलाध्यक्ष संगीता रावत की अगुवाई में एसडीएम बृजेश वर्मा को 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया । जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी ने बताया कि मोहनलाल गंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा कमलापुर वाली कच्ची रास्ता की इंटरलॉकिंग,सरकारी स्कूलों की बाउंड्री, गोशाला ,ग्राम सभाओं में जल जीवन मिशन द्वारा तोड़ी गयी सड़के , आदि मांगो को लेकर 7 अप्रैल को प्रातः 11 बजे तहसील मोहनलालगंज तहसील में धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।

# अभाविप बिसवां ने सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



बिसवां सीतापुर अभाविप बिसवां जिले के 7 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने बिसवां के तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी से भेट कर उन्हें बिस्वा में विद्यार्थियों को हो रही समस्याओं के संबंध में उपजिलाधिकारी को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत करवाया और शीघ्र ही निस्तारण की मांग की इसमें सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों के समाधान की मांग की। अभाविप ने मांग की कि नवीन सत्र 2025-2026 में समस्त विद्यालयों में ह्ष्टश्वक्रञ्ज पुस्तकों का ही संचालन हो। डग्गामार एवं बिना मानक के चल रहे वाहनों पर प्रतिबंध एवं समस्त विद्यालयों के वाहनों में अग्निशामक यंत्र की व्यवस्था की जाए। परिवहन विभाग द्वारा दूरी के अनुसार यात्रा शुल्क तय करके विद्यालयों को निर्देशित किया जाए जिससे वह मानक से अधिक शुल्क ना लें सकें। तहसील में चल रहे मानक विहीन विद्यालयों व बिना अनुमति के संचालित हो रहे कोचिंग संस्थान व लाइब्रेरियों पर उचित कार्यवाही की जाए। बिसवां नगर में अनेक प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री खुलेआम हो रही है जो कि युवाओं को गर्त की ओर ले जा रही है महोदय उन सभी दोषियों पर कार्यवाही की जाए जो इन मादक पदार्थों की बिसवां में बिक्री कर और करवा रहें हैं। महोदय बिसवां ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में संचालित लाइब्रेरी सिर्फ नाम मात्र है छात्रों की शिक्षा हेतु बनी लाइब्रेरी नाम मात्र है और कुछ स्थानों पर तो लाइब्रेरी है ही नहीं अतः ऐसी सभी ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर दोषियों पर कार्यवाही की जाए। विद्यालयों के खुलने और बंद होने के समय भारी वाहनों के नगर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए और उनकी गति नियंत्रण के लिए विद्यालयों के समीप गति अवरोधक बनवाए जाएं। विभाग संयोजक अमन अवस्थी ने बताया कि शिक्षा विद्यार्थियों का अधिकार होता है और यदि विद्यार्थी शिक्षा से किसी कारणवश वंचित होते हैं वर्तमान में बिसवां नगर में जिस प्रकार नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है वह अत्यंत चिंताजनक है प्रशासन दोषियों को चिन्हित कर इस पर शीघ्र कार्यवाही करे। यदि 1 सप्ताह के अंदर उक्त विषयों पर कार्यवाही नहीं की गई तो अभाविप एक वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होगी। प्रतिनिधि मंडल में प्रांत कार्यकारणी सदस्य दीपांशी मिश्रा,तहसील सह संयोजक आकाश बाजपेई,नगर मंत्री रेउसा हर्षित, नगर सह मंत्री मानपुर कृपा शंकर, नगर सह मंत्री बिसवां मुदित व पूर्व प्रांत कार्यकारणी सदस्य योगेंद्र कुमार की उपस्थित रही।

# विश्व वानिकी दिवस प्रकृति संरक्षण के लिए ली गई शपथ

स्वतंत्र प्रभात



सीतापुर सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के सीतापुर रेंज तथा सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज के सृष्टि नेचर व एडवेंचर क्लब के तत्वाधान में 21/3/2025 को विश्व वानिकी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्रातकाल सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज नेपालापुर से नवगठित सृष्टि अर्थ राइडर्स के ÷स्नैक साइकिल क्लब÷ के सदस्यों ने साइकिल रैली निकाली जिसको प्राचार्य डॉ फादर प्रशांत,वन क्षेत्राधिकारी सुयश श्रीवास्तव,डिप्टी रेंजर मुशीर अहमद तथा सृष्टि नेचर क्लब की समन्वयक सुष्मिता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर बाल वनोद्यान इलसिया के लिए रवाना किया। साइकिल रैली का नेतृत्व डॉक्टर योगेश चंद्र दीक्षित ने किया। बाल वन उद्यान इलासिया पहुंचकर सामाजिक वानिकी विभाग सीतापुर के तत्वाधान में चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेचर क्लब के सदस्यों ने वन उद्यान का भ्रमण करते हुए प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया तथा वृक्षों व पक्षियों के विभिन्न प्रजातियों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर शिवांगी श्रीवास्तव और डॉ मनोज धमेजा के निर्देशन में चित्रकारी तथा रिचा पांडे एवं सुष्मिता के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकारी में प्रथम स्थान वर्तिका मिश्रा द्वितीय स्थान दीप्ति राठौर तथा तृतीय स्थान रिया शुक्ला को प्राप्त हुआ जबकि रंगोली में पहला स्थान प्रगति मिश्रा, कुमकुम पाल, आकांक्षा वर्मा दूसरा स्थान नंदिनी , आस्था शुक्ला, इशिका, इरम रहमान और तीसरा स्थान निधि, वैदेही गुप्ता, आरुषि मिश्रा, स्नेहा वैश्य के समूह को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फादर प्रशांत ने अपने संबोधन में बताया कि महाविद्यालय में सृष्टि नेचर क्लब की स्थापना का मुख्य उद्देश्य प्रकृति की संरक्षा सुरक्षा तथा सतत विकास के लिए नियंत्रित उपयोग करने के लिए आम जनमानस को प्रेरित करना है। इस अवसर पर उद्यान के प्रांगण में सफाई अभियान भी चलाया गया तथा वहां आने वाले आगतों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण समिति के समन्वयक डॉक्टर योगेश चंद्र दीक्षित ,वन क्षेत्राधिकारी सुयश श्रीवास्तव के साथ विचार विमर्श कर भविष्य में संयुक्त रूप से प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता आदि पर कार्य करने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की। इसी दिन पीडी चिल्ड्रन्स जूनियर हाई स्कूल में भी विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें अभिषेक रंजन पाण्डेय उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, लक्ष्मी यादव वन दरोगा, सुनील कुमार राय वन रक्षक, दीप्ति शुक्ला वन रक्षक व दिनेश दीक्षित स्कूल प्रबंधक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राजंल कनौजिया द्वितीय स्थान शौर्य तिवारी तृतीय स्थान दिव्यांशी तिवारी को प्राप्त हुआ।

# सीतापुर शिक्षा संस्थान के अन्तर्गत शिक्षा संकाय में आई0सी0एस0एस0आर0, नई दिल्ली, द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर शिक्षा संस्थान, सीतापुर के अन्तर्गत शिक्षा संकाय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसन्धान परिषद (आई0 सी0 एस0 एस0आर0) द्वारा प्रायोजित विकसित भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रभाव विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 22 व 23 मार्च, 2025 को किया जा रहा है। संस्थान की सचिव डॉ0 सुमन मेहरोत्रा जी द्वारा बताया गया कि उपरोक्त संगोष्ठी में देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, संस्थानों एवं शोध विभागों से शिक्षाविद, शोधार्थी एवं विद्यार्थी इस संगोष्ठी में प्रतिभाग कर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र दिनांक 22.03.2025 को होगा जिसके मुख्य अतिथ माननीय कुलपति. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ प्रो0 आलोक कुमार राय जी रहेंगे तथा बीजवक्ता के रूप में प्रो0 रजनी रंजन सिंह, शिक्षा संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय रहेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो0 दिनेश कुमार, विभागाध्यक्ष एवं डीन, शिक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ रहेंगे ।

सचिव महोदया जी ने कहा कि सीतापुर जनपद के सभी शैक्षिक संस्थानों से शोधकर्ता एवं शिक्षार्थी इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना योगदान देंगे।

# ऑटो और बाइक की हुई जोरदार टक्कर बाइक सवार युवक की मौत, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात



सीतापुर जनपद सीतापुर में तेज रफ्तार ऑटो ई रिक्शा और बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे के दौरान रिक्शे पर सवार महिला समेत दो लोग गंभीर घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया मामला तंबौर थाना इलाके का है यहां थाना लहरपुर के ग्राम महज़दिया निवासी सगीर अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर रतनगंज गांव में अपनी भाभी को लेने जा रहा था बताया था कि इसी दौरान रास्ते में सुल्तानपुर गांव के निकट सामने से आ रहे ई-रिक्शा से बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक पर बगैर हेलमेट सवार सगीर की मौत हो गई जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं टक्कर के बाद अनियंत्रित हुआ ई रिक्शा भी पेड़ से टकरा गया इस दौरान ई रिक्शा पर सवार महिला और पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया वहीं शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया प्रभारी निरीक्षक तंबौर राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले में आवश्यक विधि कार्रवाई की जा रही है!!

## संक्षिप्त ख़बरें

### दिन दिहाड़े हुई चोरी से ग्रामीणों में दहशत, मामला संदिग्ध



संग्रामपुर,अमेठी। थाना संग्रामपुर क्षेत्र के कुटीया पतापुर निवासी किसान अलगू राम मौर्या के घर दिन शुक्रवार को सुबह लगभग 10 से 11 के बीच दिन दिहाड़े चोरी हो गई। वहीं चोरों की इतनी बड़ी हिम्मत हो गयी कि वह रात का इंतजार न करके दिन में ही चोरी करना शुरू कर दिये।वहीं दरवाजे पर लगे ताले को बिना काटे घर में रखी आलमारी को खोलकर उसमें रखे गहने व कुछ नकदी चोर उठा ले गए। वहीं पीड़िता शिवकुमारी पत्नी अलगू राम मौर्या ने सबसे पहले 112 पर डायल कर घटना की जानकारी दी। उसके बाद थाना संग्रामपुर में चोरी की घटना की लिखित तहरीर दी। वहीं जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर उपनिरीक्षक राम प्रकाश यादव मौके पर पहुंच कर जांच में जुटे। फिलहाल पुलिस के लिए ये बड़ी चुनौती है कि चोर दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। मामला दिन की चोरी का है जिसमें परिजनों से जानकारी मिली की वो बगल के खेत से सरसों की फसल की कटाई कर रहे थे। वहीं घर में लगा ताला भी नहीं टूटा? चाबी पीड़िता के लड़के के पास थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### धौरहरा व पुन्नपुर में ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन



संग्रामपुर,अमेठी। शुक्रवार को जिले के विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र के पुन्नपुर व धौरहरा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। और योजनाओं से छूटे पात्र लोगों को सूचीबद्ध भी किया गया। वहीं आज चौपाल में दर्जनों शिकायतें आई जिसमें राशनकार्ड, आवास, परिवार रजिस्टर की नकल, खड़ंजा मरम्मत,नल रिबोर से सम्बधित शिकायतें आई जिन्हें चौपाल प्रभारी ने शिकायत निस्तारण के लिए अग्रेषित कर दर्ज कर कार्रवाई के लिए अग्रेषित कर दिया है। वहीं पुन्नपुर चौपाल प्रभारी एडीओ आईएसबी सुरेश कुमार ने बताया की चौपाल के माध्यम से निष्क्रिय समूह को सक्रिय करने के लिए बताया गया। वहीं धौरहरा पंचायत भवन पर आई शिकायतों पर चौपाल प्रभारी व एडीओ पंचायत शशिकांत सिंह ने शिकायत दर्ज कर समाधान के लिए बताया। वहीं खंड विकास अधिकारी संग्रामपुर शिव पूजन भारतीया ने बताया कि प्रदेश के मुखिया के आदेशानुसार शुक्रवार को विकास खण्ड के दो पंचायत भवनों पर चौपाल का आयोजन किया जाता है जिसके जरिए ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर उनका निवारण किया जाता है।

### चोरी की घटना में वांछित चल रहे अभियुक्त को बछरावां पुलिस जलालपुर नहरिया की पटरी से गिरफ्तार करके भेजा जेल



रायबरेली-बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां पुलिस ने चोरी की घटना से वांछित चल रहे अभियुक्त को जलालपुर नहरिया की पटरी से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। रायबरेली पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली, क्षेत्राधिकारी महाराजगंज, के निर्देशानुसार चोरी की घटना में वांछित चल रहे शिवकुमार पुत्र राम आसरे उम्र 19 वर्ष निवासी जोहवासर्की थाना हरचंदपुर को थाना बछरावां पुलिस टीम उप निरीक्षक नितिन कुमार, महेश सिंह फौजी ,उप निरीक्षक राहुल चौहान आदि ने मिलकर 21 मार्च लगभग 2:30 बजे वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त के पास से बरामद मोटरसाइकिल, 2570 रुपए अभियुक्त के पास से बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर संबंधित धाराओं में पंजीकृत अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में अभियुक्त शिवकुमार को भेजा दिया गया है।

# भव्यता के साथ संपन्न हुआ होली मिलन समारोह

**राज्य मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे, जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला सहित कई राजनेता रहे मौजूद**

**● जनता की सेवा एवं क्षेत्र के विकास को लेकर हमेशा रहेंगे समर्पित - सुरेश पासी**




स्वतंत्र प्रभात

शुकुल बाजार अमेठी। शुकुल बाजार कस्बा के रामलीला मैदान में प्रधान संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां होली मिलन कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा साहित्यिक प्रस्तुति दी गई। वहीं क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी ने कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों सतीश शर्मा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, अर्चना पांडे पूर्व राज्य मंत्री तथा मौजूदा विधायक, अशोक कोरी विधायक, दिनेश रावत विधायक, शैलेंद्र प्रताप सिंह एमएलसी, सुधांशु शुक्ला जिला अध्यक्ष भाजपा अमेठी, चरखारी विधानसभा के विधायक सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित हुए विशिष्ट अतिथियों ने जगदीशपुर विधानसभा में विधायक सुरेश पासी द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जमकर प्रशंसा की और कहा कि आज विकास के मामले में जगदीशपुर विधानसभा पूरे जनपद में नंबर एक स्थान रखती है। वही जनता को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश पासी ने कहा कि होली का त्योहार आपसी सौहार्द का त्योहार है सनातन धर्म को मानने वालों लोगों के लिए होली का त्योहार विशेष स्थान रखता है ऐसे में उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन प्रधान संघ को भी बधाई दी। तथा कहा कि जनता की सेवा तथा क्षेत्र के विकास को लेकर हमेशा समर्पित रहा हूं और समर्पित रहूंगा। जनता की सेवा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरा प्रथम उद्देश्य है विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी ने मच से घोषणा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक सहित पत्रकार बंधुओ को जल्द ही विधानसभा घूमाने का कार्य कराया जाएगा।इस दौरान प्रमुख रूप से ठेकेदार समर बहादुर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा, शिवली प्रधान रविंद्र सिंह, राजीव पांडे, महेंद्र विजय सिंह, अशोक सिंह, सहित क्षेत्र के सैकड़ों संभ्रांत जन एवं लगभग सभी प्रधान प्रधान व हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## कांग्रेस किसान जिलाध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



अमेठी। जिले के कांग्रेस किसान जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान महिलाओं और पुरुषों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। वही कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी ने अमेठी एसडीएम आशीष सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर आरटीआई के माध्यम सूचना मांगी थी लेकिन उस पर कोई कार्यवाही न होने के कारण उसका लिखित में जवाब मांगा। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी का कहना है कि तहसीलदार को 15 दिन पूर्व एक ज्ञापन देकर जांच रिपोर्ट मांगा गया था। लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। अगर आगे कार्यवाही नहीं की गई तो हम लोग भारी संख्या में महिला और पुरुषों द्वारा विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

## पिछले महीने हैंड ओवर हुआ नवनिर्माण अन्नपूर्णा भवन की दिवारों में दिख रही दरारें



स्वतंत्र प्रभात

जगदीशपुर, अमेठी। विकासखंड जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जलालपुर तिवारी का अन्नपूर्णा भवन सरकारी सस्ते राशन की दुकान (सरकारी कोटे) की दुकान का निर्माण हुआ है। जो मनरेगा और राजवित्त से बनवाया गया और अभी पिछले महीने ही बिल्डिंग बना कर विभाग को हैंड ओवर किया गया। पहली बार राशन बटा लेकिन अभी से ही बिल्डिंग में दरारें आनी शुरू हो गई है और देखिये कब तक यह बिल्डिंग चलता है जिला प्रशासन सब मूकदर्शक बने हुए है जांच अधिकारी की मिली भगत से नीचे से लेकर ऊपर तक सब अपनी मनमानी कर रहे है सब एक तरह से भ्रष्टाचार अभी से ही इस तरह बिल्डिंग में लिप्त है उसके बाद भी उच्च अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार की कोई जांच नहीं की जाती और मिली भगत की वजह से भ्रष्टाचार पूरी तरह चरम पर है। अभी यह हाल है तो बरसात के बाद क्या होगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी कोटे की दुकानों का ग्राम सभा में निर्माण करा रही है ताकि ग्राम सभा में लोगो को पूरा राशन और सही राशन मिल सके लेकिन उसके बाद भी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार चरम पर है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का नगर पंचायत कार्यालय में किया गया जोरदार स्वागत



स्वतंत्र प्रभात

डलमऊ रायबरेली- डलमऊ नगर पंचायत में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी का भव्य स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने सभासदों के साथ मिलकर जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह का कार्यक्रम नगर पंचायत के कार्यालय में आयोजित किया गया जहां बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित थे।वही स्वागत समारोह में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया।कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के समर्थन में नारे लगाए और पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा जताई।इसी दौरान स्थानीय मुद्दों पर चर्चा भी की गई। स्वागत समारोह में भाजपा की सक्रियता और स्थानीय नेतृत्व के साथ मजबूत संबंधों को दर्शाता है।इस समारोह में स्थानीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और आगामी चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन को बेहतर करेगा।इस मौके पर शुभम गौड़,मन्ना त्रिपाठी,आशीष श्रीवास्तव, बॉबी पंडित,महेंद्र पटेल,पवनेश मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कमरौली पुलिस द्वारा 01 देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



कमरौली अमेठी। जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह थाना कमरौली मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पर अभियुक्त मो0 इमरान पुत्र मो0 कमाल निवासी बनभरिया थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष को ग्राम कठौरा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## राष्ट्र जागरण 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आगामी पीढ़ियों को संस्कारित करने का दिलाया संकल्प



स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्र जागरण 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ (लघु अश्वमेध यज्ञ) में शुक्रवार को यज्ञशाला में आओ गढ़ें संस्कार वान पीढ़ी के तहत संकल्प दिलाया गया। यज्ञशाला में क्षेत्र से हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा। यज्ञशाला परिसर में लगी प्रदर्शनी और भारत माता का चित्र लोगों के आकर्षण का केंद्र बना है। अमेठी के देव यज्ञ नगर खेरौना में राष्ट्र को जागृत करने के संकल्पों के साथ चल रहे यज्ञीय कार्यक्रम में हजारों की तादाद में श्रद्धालु आकर यज्ञ पूजन करने के साथ युग ऋषि पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के विचारों से प्रेरणा ले रहे हैं। साहित्य केंद्र में जाकर श्रद्धालु अपने जीवन की समस्याओं को दूर करने के लिए और समाज को बेहतर बनाने के लिए अपने मन मुताबिक पुस्तकों का चयन कर रहे हैं। यही नहीं नौकरी पेशा वर्ग के लोग अपनी दैनिक नौकरी और कार्यों से अवकाश लेकर यज्ञ में शामिल होकर राष्ट्र जागरण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। शांतिकुंज हरिद्वार से आए मुख्य प्रतिनिधि प्रमोद भटनागर ने कहा कि गायत्री मंत्र महामंत्र है,इससे शरीर का अंग प्रत्यंग झंकृत होकर जागृत हो जाता है। इस मंत्र को करने से मानव का कल्याण सुनिश्चित हो जाता है। प्रज्ञा पुत्र नरेंद्र ठाकुर ने यज्ञ के दौरान लोगों को अपने जन्मदिन,विवाह दिन को पौधारोपण के साथ मनाने को प्रेरित किया। यज्ञशाला की दूसरी पाली में दूरदराज से आई मातृशक्तियों को आओ गढ़ें संस्कार वान पीढ़ी के तहत संकल्प दिलाया गया। गायत्री परिवार से आई डा0 संगीता सारस्वत ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से गर्भ धारण से ही संस्कार के महत्व को समझाया।प्रज्ञा सक्सेना ने गर्भवती महिलाओं से संवाद कर उन्हें माँ की संस्कारशाला ऑनलाइन प्लेटफार्म से जोड़ा ।बताया कि आने वाली पीढ़ियों से राष्ट्र का नव निर्माण करने के लिए योजना गर्भ धारण के समय से ही करना चाहिए। वहीं इस पावन अवसर पर मिडिया प्रभारी डॉ धर्मेंद्र कुमार तिवारी, अनिल कुमार मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, शुभम तिवारी सहित हजारों लोगों उपस्थित रहे।

# सुनीता ने कायम की धैर्य, साहस की अद्भुत मिसाल

**● भारत की बेटी सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी की हुई सराहना**

**सरेनी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भी मनाया गया जश्न,लोगों ने खुशी का किया गया इजहार**

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के नौ महीने बाद सकुशल धरती पर वापसी पर सरेनी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भी जश्न मनाया गया व खुशी का इजहार किया गया।सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक एवं नीबी गांव के समाजसेवी सूर्यबली सिंह ने कहा कि देश की एक बेटी ने दिखा दिया है कि भारतीय नारी में कितनी सहन शक्ति,धैर्य व क्षमता है।भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामू सिंह ने कहा कि जिस देश की नारियों ने यमराज को जन्म मृत्यु रजिस्टर में फेरबदल करने को विवश कर दिया हो,वहां की बेटियां विश्व में हर जगह परचम लहरा सकती हैं।श्री सिंह ने सुनीता की सुरक्षित वापसी पर आतिशबाजी की व मिठाई भी बांटी। कोरवां गांव के समाजसेवी डॉ अंजनी अग्निहोत्री ने कहा कि हमारे देश में आदिकाल से ही महिलाओं को सम्मान मिला।उन्हें सुनीता जैसी अदम्य साहसी बिटिया की सफलता पर गर्व है।

दुर्गाजली पब्लिक स्कूल मुरारमऊ के प्रबंधक सुशील वर्मा ने कहा कि सुनीता की सफलता ने दिखा दिया है कि हिंदुस्तान की नारी में अदभुत शक्ति है।श्री वर्मा ने कहा कि उनका मानना है कि विश्व से उसी दिन आतंकवाद का खात्मा हो जाएगा जिस दिन आतंकवाद विरोधी अभियान की कमान किसी भारतीय नारी के हाथ में होगी।वहीं वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख सरेनी शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि वास्तव में सुनीता विलियम्स की यह वापसी एक सुकून देती है और उम्मीद जगाती है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी हर लौट आने की एक गुंजाइश तो होती है।उनका घर लौट आना एक वैज्ञानिक घटना से कहीं अधिक बड़ा है।यह एक काव्य है,जो अंतरिक्ष के शून्य और धरती की माटी को जोड़ता है। यह एक नाद है,जो गीता के कर्मयोग और हिंदू दर्शन के पुनर्जन्म को प्रतिबिंबित करता है।जैसे कोई परिंदा थक कर अपने घोंसले में लौटता है,वैसे ही सुनीता धरती की गोद में विश्राम पा रही हैं।वहीं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुबोध कुमार बाजपेई ने कहा कि यह उनके धैर्य,साहस और मानवीय भावना की परीक्षा रही।सुनीता विलियम्स और क्रू-9 के अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का वास्तव में क्या मतलब है।अज्ञात के सामने उनका अटूट दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा।अंतरिक्ष अन्वेषण का मतलब है मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाना,सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को हकीकत में बदलने का साहस रखना।सुनीता विलियम्स,एक पथप्रदर्शक और एक प्रेरणा हैं जिन्होंने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण दिया है।हमें उन पर गर्व है।

# भागवत सुनने मात्र से दूर हो जाते हैं कष्ट संध्या भारद्वाज



रायबरेली। गुरुबक्शगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बीझें गांव में ससवेदी, गणेश आविका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा भव्य आयोजन। ग्राम सभा बीझें गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को सिधौना अमावां से आई कथा व्यास संध्या भारद्वाज ने विभिन्न प्रसंगों पर अद्भुत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए लोगों से सन्मार्ग पर चलने की बात कही। कथा व्यास ने बताया कि, भागवत कथा से मनुष्यों को ज्ञान व वैराग्य की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत कथा जीवन में उद्देश्य व दिशा को दर्शाती है इसीलिए कहते हैं की श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है उसे ईश्वर के श्री चरणों में स्थान मिलता है। कथा व्यास ने यह भी बताया कि, मनुष्य का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है विडंबना यह है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है जबकि शरीर नश्वर है भागवत कथा यह सिखाती है कि, कर्म ऐसे करो जो निष्काम हो वही सच्ची भक्ति है। कथा व्यास ने सती प्रसंग, ध्रुव चरित्र, श्रृंगीऋषि के प्रसंग पर अद्भुत व्याख्यान प्रस्तुत किया। कथा व्यास संध्या भारद्वाज द्वारा विभिन्न प्रसंगों को सुनकर पांडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालु हुए भाव विभोर इस मौके पर यज्ञशाला के प्रमुख आचार्य पंडित योगेंद्र त्रिपाठी, परिचायक अमरेश शुक्ला, अरुण कुमार त्रिपाठी, आनंद मिश्रा, यजमान विश्वनाथ सिंह सपत्नीक सुशीला सिंह सहित करुणा नाथ सिंह, रणविजय सिंह, पारसनाथ सिंह, योगेंद्र नाथ सिंह, सतीश नाथ सिंह, गजेंद्र नाथ सिंह, त्रिभुवन नाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, नागेंद्र नाथ सिंह, वीरेंद्र नाथ सिंह,ओतांश नाथ सिंह, दीपांशु सिंह, हिमांशु सिंह, उदयनाथ सिंह, जितेंद्र सिंह, रागेन्द्र सिंह, रामू त्यागी सहित बड़ी तादात में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खाद्य पदार्थो में मिलावट से सम्बन्धित मामलों की प्रवर्तन कार्यवाही में लाए तेजी- एडीएम



स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट ब्यूरो: खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के लिए गठित जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें खाद्य सुरक्षा से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में समिति द्वारा खाद्य सुरक्षा मामलों में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं विनियमों को त्वरित गति से लागू करने, आम जनमानस को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खाद्य पदार्थ व गुणवत्तापरक औषधियां उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में कार्ययोजना तैयार करने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस दौरान सहायक खाद्य आयुक्त प्रियंका सिंह ने समिति को अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बीते नवम्बर माह से फरवरी माह तक जनपद में छापामार अभियान चलाकर विभिन्न खाद्य पदार्थो के 253 नमूनें जांच के लिए संग्रहित किए गए है। जिनमें से प्राप्त 177 जांचों के परिणाम में 84 परिणाम मानक के अनुरूप नही पाये गये हैं। जिन पर विधिक कार्यवाहियों की गई है। बताया कि साथ ही अपर जिलाधिकारी न्यायालय में कुल 123 वाद एवं सीजेएम कोर्ट में कुल आठ वाद दाखिल किये गये हैं। जिसमें से अब तक कुल 52 वाद निस्तारित करते हुए 6,12,000 रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। बताया कि आबकारी, सरकारी सस्ते गल्ले एवं मण्डी के समस्त प्रतिष्ठानों को भी खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीकरण से आच्छादित किया जाना है। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी एवं मण्डी सचिव को सभी प्रतिष्ठानों को खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीकरण से आच्छादित कराने के निर्देश दिए। एडीएम ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रवर्तन कार्यवाहियों में तेजी लाते हुए वादों को न्यायालयों में ससमय संस्थित किया जाय तथा वादों की प्रभावी पैरवी की जाय। जिससे वाद जल्द से जल्द निस्तारित हो सकें। इस मौके पर जिला आबकारी अधिकारी, डीएसओ, डीपीओ, होम गार्ड विभाग के अधिकारी सहित अन्य गणमान्य, खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गेहूं खरीद से सम्बन्धित तैयारियों की एडीएम ने की समीक्षा

चित्रकूट ब्यूरो: गेहूं खरीद से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक व कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिसमें गेहूं क्रय केन्द्र प्रभारियों को गेहूं खरीद से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 40 क्रय केन्द्र खोले गये है, जिसमें खाद्य विभाग के सात, पीसीएफ के 29, मंडी समिति का एक एवं भाखानि के तीन क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। बताया कि गेहूं खरीद का कार्य 17 मार्च से प्रारम्भ हो चुका है, जो आगामी 15 जून तक चलेगा। क्रय केन्द्र प्रातः आठ से शाम आठ बजे तक खुले रहेंगे। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रू प्रति क्विंटल के आधार पर गेहूं का क्रय किया जायेगा। यह खरीद भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानक व गुण निर्विदिष्टियों के अनुसार की जाएगी। बताया कि क्रय केंद्रों के अतिरिक्त किसानों की सुविधा के लिए मोबाइल क्रय केंद्रों से भी गेहूं खरीदी की जाएगी। किसी भी गांव में एक ट्रक के लोड के बराबर गेहूं होने पर किसानों के घर से गेहूं खरीद की जाएगी। इस बार एफ्पीओ, एफ्सीएस, पंजीकृत सहकारी समिति, मल्टी सेक्टरल समिति को भी क्रय केंद्रों के रूप में स्थापित करने की सुविधा दी गई है। मंडी समिति में पंजीकृत आढ़तियों के माध्यम से मंडी समिति खरीद कर सकेगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी केन्द्र प्रभारियों को गेहूँ खरीदते समय साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य निगम में गेहूँ सम्प्रदान करते समय समस्या नहीं आनी चाहिए। उपजिलाधिकारी से कहा कि कृषकों द्वारा बोये गये रकबे का सत्यापन खतौनी से तथा कृषक के नाम मिसमैच का सत्यापन आनलाइन पोर्टल पर करते हुये डिजिटल सिग्नेचर करें। कहा कि 100 कुंतल तक गेहूं खरीद को सत्यापन से मुक्त रखा गया है। पंजीकरण सत्यापन में लघु एवं सीमांत किसानों के पंजीकरण का सत्यापन लेखपाल करेंगे। कहा कि तीन हेक्टेयर तक तहसीलदार, पांच हेक्टेयर तक एसडीएम और उससे ऊपर की भूमि का सत्यापन अपर जिलाधिकारी के स्तर से किया जाएगा।

जिला खरीद अधिकारी ने क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद के लिए आवश्यक उपकरण जैसे इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, छलना, विनोइंग फैन, किसानों के लिये पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग आदि की व्यवस्था पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक केन्द्र पर गेहूँ का एक मानक नमूना भी प्रदर्शित करें। साथ ही वर्षा व प्राकृतिक आपदाओं से गेहूँ को बचाने के लिये तिरपाल, क्रेटस इत्यादि की व्यवस्था कर ली जाये, जिससे गेहूँ खराब न होने पाये। बताया कि गेहूं क्रय केन्द्र सभी दिन खुले रहेंगे। बताया कि गेहूं की बिक्री के लिए कृषक को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ई-पाप (इलेक्ट्रानिक प्वाइन्ट आफपरचेज) मशीन के माध्यम से गेहूं खरीद की जायेगी। किसान के स्वयं उपस्थित न होने की दशा में पंजीकरण के समय प्रपत्र में दिये गये परिवार के सदस्य का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुये गेहूं क्रय किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने सभी क्रय केन्द्रों पर अभिलेखों का रख रखाव व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। कहा कि विशिष्ट परिस्थितियों में कृषकों द्वारा लाया गया गेहूँ यदि मानक के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो अस्वीकृत किये जाने की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल व रिजेक्शन रजिस्टर में की जायेगी। इस मौके पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा, एलडीएम अनुराग शर्मा, मंडी सचिव, एआर कोआपरेटिव, जिला प्रबंधक पीसीएफ, एफसीआई के अधिकारी सहित समस्त क्षेत्रीय विपणन अधिकारी एवं समस्त गेहूं क्रय केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

## जिला जज ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया कारागार का निरीक्षण




स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट ब्यूरो: जनपद न्यायाधीश राकेश त्रिपाठी ने शुक्रवार को पुलिस-प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सम्बन्धित जेल अधिकारियों को आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने महिला बैरिक में निरुद्ध महिला कैदियों, चिकित्सालय एवं पाकशाला (रसोई घर), हाई सिक्योरिटी व हाता नंबर तीन के बैरिकों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महिला बैरिक के निरीक्षण करते समय जनपद न्यायाधीश व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने निरुद्ध महिला कैदियों से खानपान व होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने अस्पताल वार्ड का निरीक्षण कर भर्ती कैदियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय पर कारागार में निरुद्ध कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहें। हाई सिक्योरिटी में निरुद्ध कैदियों से भी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद अधिकारियों ने पाकशाला का निरीक्षण किया। जहां मीनू के अनुसार भोजन बनते हुए पाया गया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश व पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को भोजन व नाश्ता प्रतिदिन मीनू के अनुसार शुद्धता के साथ दिया जाए। इसमें कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, सीजीएम राजेंद्र प्रसाद भारती, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीजीसी श्यामसुंदर मिश्रा को अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के लिए मिला प्रशस्ति पत्र




स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट ब्यूरो: न्यायालयों में अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी करते हुए अपराधियों को दण्डित कराने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा को सम्मानित किया है। शुक्रवार को अभियोजन वीर सम्मान समारोह में उन्हें प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान की गई।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जनपद चित्रकूट में डीजीसी के पद पर कार्य करते हुए वर्ष 2024 के दौरान न्यायालय में विचारण में चल रहे हत्या, बलात्कार, दहेज हत्या, डकैती, लूट, चोरी, गैंगेस्टर, पाक्सो एक्ट आदि मुकदमों में आपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा द्वारा अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी की गई। जिसमें 13 मुकदमों में 24 आरोपियों को आजीवन कारावास, चार मुकदमों में आठ आरोपियों को 10 वर्ष, चार मुकदमों में 11 आरोपियों को सात वर्ष एवं चार मुकदमों में आठ आरोपियों को सात वर्ष से कम कारावास की सजा हुई। साथ ही कुल 25 मुकदमों में 51 आरोपियों को अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। यह अभूतपूर्व सफलता डीजीसी श्यामसुंदर मिश्रा की उच्च कोटि की कार्यशैली, कार्य के प्रति लगन, सूझबूझ एवं विवेकपूर्ण ढंग से काम करने के कारण मिली है। इस उत्कृष्ट श्रेणी के कार्य के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया जा रहा है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी समेत सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जेल से छूटने के बाद कानपुर में अपराधी ने मुखबिरी के शक में युवक को मार डाला

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** गिरफ्तार करने के लिए मुखबिरी के शक में अपराधी ने युवक को मार डाला, जिसके बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी और उसके साथियों की तलाश कर रही है। यह घटना गोविंद नगर थाना क्षेत्र में हुई मिली जानकारी के मुताबिक पनकी निवासी 26 साल का सुबोध सोनी ऑटो चलाकर परिवार का पाल पोषण करता था। परिवार में पत्नी आयुषी सविता, एक 5 साल का बेटा अथर्व है। मौके पर पहुंचे पुलिस को चचेरे भाई अभिषेक ने बताया कि 3 फरवरी को नौबस्ता निवासी सरफराज को पुलिस ने तमंचे के साथ जेल भेजा था। जेल से छूटकर आने के बाद से वह भाई सुबोध से रंजिश मानने लगा था। पुलिस के मुताबिक घटना के समय आरोपी सरफराज अपने मित्र सुंदरम के साथ घर आया। दोनों सुबोध को शराब पिलाने के बहाने उसकी ऑटो से ही नौबस्ता ले गए। इसके बाद वहां पर पहले शराब पिलाई और फिर मारा पीटा। इसके बाद गोविंद नगर के फैक्ट्री एरिया ले गए। यहां भी उसके साथ मारपीट की। इसी बीच मौका पाकर सुबोध ने अपनी पत्नी आयुषी को फोन कर घटना की जानकारी दी। आयुषी ने देवर अभिषेक को फोन किया और मौके पर जाने को कहा। अभिषेक अपने अन्य भाइयों के साथ ढूंढते हुए गोविंद नगर के पास पहुंचे तो देखा कि सुबोध ऑटो के अंदर पड़ा है। तुरंत उसे अस्पताल लेकर भागे, जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

मौके पर पुलिस को यह भी मामला पता चला कि सरफराज पहले भी कई मामले में जेल जा चुका है। 3 फरवरी को जब नौबस्ता पुलिस ने जेल भेजा था तो उसे शक था कि सुबोध ने ही मुखबिरी की थी। पुलिस सूत्रों का दावा है कि उसकी हत्या इसी वजह से की गई है। फिलहाल रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रहा है।

# चकेरी पुलिस ने वाहन लूट गिरोह का सदस्य मुठभेड़ में पकड़ा

**● - तीन लुटेरों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी चकेरी पुलिस टीम**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** चकेरी थाना पुलिस व एसओजी की टीम ने आज एक मुठभेड़ में वाहन लूट गिरोह के शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। विश्वजीत उर्फ बीडी नाम के इस लुटेरे के पैर में गोली लगी है। इस मुठभेड़ के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि 17 दिसंबर 24 और 21 दिसंबर 24 को चकेरी क्षेत्र में वाहन लूट की घटनाएं हुई थीं। जिसमें एक ब्रेज कार, एक वेन्यू कार व एक बाईक लूटी गई थी। ये लुटेरे गाड़ी लूटकर फरार हो गए थे फिर बांदा पहुंचे उसके बाद ये कानपुर आए थे। पुलिस ने उसके




कुछ समय बाद ही इस गिरोह के तीन शातिर लुटेरों आर्यन तिवारी,शुभम व आकाश को गिरफ्तार कर लिया था। अमन कटियार, साहिल व विश्वजीत फरार चल रहे थे। चकेरी पुलिस की टीम व एसओजी टीम दिसंबर से ही इस गिरोह के पीछे लगी थी और मोनीटरिंग कर रही थी। इसके लिए दिल्ली, गुड़गांव व एनसीआर में दबिश दी जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर जब विश्वजीत के विषय में पता चला तो पुलिस ने वहां पहुंच कर घेरा। इसने भागते हुए पुलिस पर फायरिंग की पुलिस ने भी बचाव में फायरिंग की जो इसके पैर में लगी। और इसे गिरफ्तार कर लिया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कृषक समृद्धि योजना ऋण स्वीकृति में बैंक तेजी लाएं, जिलाधिकारी ने दिये बैंक को निर्देश



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में नंदिनी एवं मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना योजना में ऋण स्वीकृति में तेजी लाए जाने हेतु बैठक संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि नंदिनी योजना की प्रोजेक्ट लागत 62 लाख 50 हजार रुपए है तथा दो लाभार्थियों का ऋ ण स्वीकृत हो चुका है उक्त दोनों लाभार्थियों में से एक का ऋ ण एसबीआई भीतरगांव तथा दूसरे का बैंक आफ बडौदा घाटमपुर में लंबित है जिसे अगले 2 दिन में करने का आश्वासन बैंक ऑफ बैंक के अधिकारियों द्वारा बैठक में दिया गया। वहीं,लाभार्थी बृजेंद्र प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि उन्हें कोटेशन देने के लिए विवश किया जा रहा है जबकि शासनादेश में सभी विवरण उपलब्ध है इस पर जिलाधिकारी ने सभी विवरणों का संज्ञान लेते हुए निस्तारण के आवश्यक निर्देश दिए।

## साइबर थाने की जमीन पर ही कर लिया कब्जा



**कानपुर।** दबंगों ने कानपुर में कब्जा करने में साइबर थाने की जमीन को भी नहीं छोड़ा। थाना सचेंडी क्षेत्र में साइबर थाना की सरकारी जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। यह जमीन राजस्व विभाग द्वारा साइबर थाने के निर्माण के लिए आवंटित की गई है। लेकिन आरोपियों ने अवैध रूप बाउंड्री करा कर कब्जा कर लिया था। इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चार लोगों केखिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पूरा मामला थाना सचेंडी के अंतर्गत का है।

## लॉजिस्टिक पार्क से ट्रकों की प्लेट चोरी, डीसीपी ने किया निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 21.03.2025 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम, आरती सिंह द्वारा थाना पनकी क्षेत्र स्थित लॉजिस्टिक पार्क से ट्रक में प्लेट चोरी की घटना का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, पुलिस उपायुक्त ने घटना से संबंधित सभी पहलुओं का गहराई से मूल्यांकन किया और उचित विधिक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रकरण के संबंध में एक अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इसके अतिरिक्त, पुलिस उपायुक्त ने चोरी की घटनाओं पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता जताई और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक कदम उठाने की बात कही। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त पनकी और थाना प्रभारी पनकी भी मौजूद रहे।

## डीजीपी की वीडियो कान्फ्रेंस में एडीजी आलोक सिंह ने बताई आरक्षी प्रशिक्षण की तैयारियां



**कानपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अन्तर्गत चयनित 60,244 अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु जे0टी0सी0 एवं आर0टी0सी0 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समीक्षा गोष्ठी में आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जोन की तैयारियों एवं तैयारियों की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान थाने पर नहीं दी सूचना कर दिया अंतिम संस्कार

**जौनपुर बक्शा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उचौरा गांव निवासी लल्ला पांडे का पुत्र सन्तोष पांडे उम्र लगभग 37 वर्ष ने गुरुवार को देर शाम अज्ञात समय घर में कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या की भनक लगते ही आनन फानन में परिवार के लोग स्थानीय थाना बक्शा पर बगैर सूचना दिए।शव का अंतिम संस्कार कर दिए। आत्महत्या की सूचना क्षेत्र में फैलते ही तरह तरह की चर्चा होने लगी।किस तथ्य को छूपाने की कोशिश की गई इसका कुछ पता नहीं। क्या जल्दी थी कि थाने पर बगैर सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पारिवारिक कलह के कारण सन्तोष पांडे ने आत्महत्या कर अपनी जान दे दिया। परिवार के लोग कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं। बक्शा थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को नहीं दिया गया। सूचना मिलती तो आवश्यक कार्यवाही की जाती।

## हजरत अली की शहादत पर निकला कदीम जुलूस, शिया समुदाय ने पेश की खिराज-ए-अकीदत



**जौनपुर।** हजरत अली की शहादत की याद में 20 रमजान, शुक्रवार को मीरमस्त स्थित मस्जिद शाह अता हुसैन से कदीम जुलूस बरामद हुआ। अंजुमन जुल्फेकारिया के नेतृत्व में निकले इस जुलूस में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोगों ने शिरकत कर मौला अली को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे रास्ते में अली–अली, हाय अली, हाय अली की सदाएं गूंजती रहीं। जुलूस से पहले मस्जिद में मजलिस का आयोजन हुआ, जहां शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना महफुजूल हसन खां ने हजरत अली की जिंदगी और उनकी शहादत पर रोशनी डाली। इसके बाद जुलूस मस्जिद से निकलकर बड़ी मस्जिद होते हुए नवाब यूसुफ रोड पहुंचा, जहां डॉ. क़मर अब्बास ने तकरीर की और हजरत अली की शहादत पर बयान दिया। इसके बाद जुलूस कोतवाली चौराहा पहुंचा, जहां ज़ाकिर-ए-अहलेबैत बेलाल हसनैन ने तकरीर की। आगे चहारसू चौराहा और ढालगरटोला इमामबाड़ा मद्दु मरहूम में मजलिस हुई, जिसे मौलाना कैसर अब्बास आज़मी ने संबोधित किया। यहां से अंजुमन हुसैनिया के नेतृत्व में कदीम तुरबत और अलम का जुलूस निकाला गया। इस दौरान नवाज़ हसन और अदीब ने दर्द भरे नौहे पढ़े, जिससे माहौल गमगीन हो गया। यह जुलूस कदीम रास्ते से होते हुए चहारसू चौराहे पर पहुंचा, जहां दूसरे जुलूस में शामिल हो गया। यहां शिया इंटर कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल मोहम्मद हसन नसीम ने तकरीर की। इसके बाद जुलूस शाही पुल, बेनी साहू की गली, ओलंदगंज, जोगियापुर और कचहरी होते हुए हुसैनाबाद स्थित शाह पंजा पहुंचकर संपन्न हुआ।

# साइबर क्राइम ब्रांच ने पूर्व सैनिक से हुई एक लाख 70 हजार की ठगी के रुपए वापस कराए

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** कमिश्नरेट की साइबर क्राइम ब्रांच ने एक भूतपूर्व सैनिक से हुई एक लाख 70 हजार रुपए की ठगी के पूरे पैसे वापस करा दिए हैं। दिनांक 4 मार्च 25 को पीड़ित भानुप्रताप सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी स्वर्णजयंती विहार थाना सेनपश्चिम पारा द्वारा साइबर क्राइम सेल कानपुर नगर आकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जिसमें पीड़ित द्वारा बताया गया कि एक फर्जी कम्पनी द्वारा मुझे विदेश में एजेन्ट की नौकरी देंगे तथा अच्छा पैकेज रहेगा चूंकि आप भूतपूर्व सैनिक हो तो आप योग्य भी हो। सेवानिवृत्ति के बाद आमदनी के लालच में आकर मैंने नौकरी पाने के लिए उनके बताये खाते पर मांगी गयी ज्वाइनिंग फीस जमा करदी । जिसमे बाद मुझ पता चला कि मेरे साथ साइबर क्राइम हो गया है। उपरोक्त के संबंध में सुनील कुमार वर्मा, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना/सेल कानपुर नगर द्वारा शिकायत प्रार्थना पत्र प्राप्त कर संज्ञान लेकर जांच हेतु साइबर तकनीकी आरक्षी सौरभ पाण्डेय को लगाया।

जिसकी जांच के क्रम में आवेदक के साथ हुई साइबर ठगी की धनराशि के संदिग्ध लाभार्थी बैंक खाता का विवरण प्राप्त करने एवं ठगी की धनराशि को रोकने हेतु जरिए ईमेल संबंधित बैंक को पत्राचार किया गया। जिसमें प्रतिउत्तर में बैंक द्वारा विवरण प्रदान करते हुए कार्यवाही के क्रम में संदिग्ध लाभार्थी बैंक खाते में ठगी की धनराशि को फ्रीज कर दिया गया। जिसके बाद साइबर सेल द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए संदिग्ध बैंक खाते से ठगी की सम्पूर्ण धनराशि को आवेदक के स्त्रोत खाते में वापस करा दिया गया।

# चीनी और संबद्ध उद्योग में सुधार प्रोटोकॉल विषय पर संगोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर के शर्करा शोध में "चीनी और संबद्ध उद्योग में सुरक्षा प्रोटोकॉल" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी (सेमीनार) का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में चीनी और संबद्ध उद्योगों से पधारे 100 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। संगोष्ठी का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संस्थान की निदेशक, प्रो.सीमा परोहा ने मुख्य अतिथि, डॉ मयंक द्विवेदी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक और निदेशक, डीएमएसआरडीई, कानपुर का स्वागत करते हुए सेमीनार में पधारे प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का परिचय दिया। तदनंतर प्रो.परोहा ने विशेष रूप से भारी मशीनरी के उच्च तापमान संचालन से लेकर दहनशील पदार्थों तक के कई खतरों से बचने के लिए सुरक्षा उपायों के महत्व पर जानकारी दी।

मुख्य अतिथि, डॉ. मयंक द्विवेदी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुये



मानव संसाधन की सुरक्षा के साथ-साथ उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। श्री एस दत्ता चौधरी, उप निदेशक (सुरक्षा), क्षेत्रीय श्रम संस्थान, कानपुर ने चीनी उद्योग में व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के बारे में जोर दिया, जिसमें उन्होंने फैक्ट्री अधिनियम 1948 से संबंधित विषयों, खतरों की पहचान, जोखिम मैट्रिक्स और सुरक्षा के क्षेत्र में एआई के एक गेम चेंजर हो सकने से संबंधित विषयों को समाहित किया। श्री दत्ता ने श्री विजय द्विवेदी, वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक, आरएलआई के साथ प्रतिनिधियों के समक्ष सीपीआर के बारे में डेमो दिया।

## होली सनातन संस्कृति का मुख्य त्यौहार है- डॉ अंजना सिंह



**जौनपुर** रंग पंचमी के अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी संगठन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ अंजना सिंह ने शहर के एक मैरिज हॉल में "स्नेहिल रंगोत्सव" होली मिलन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें अपनी संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखते हुए फगुआ गीत, ढोल मंजीरे के साथ पारंपरिक संगीत नृत्य लोक नृत्य और अबीर गुलाल और फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में आई अतिथि के रूप में प्रसिद्ध लोक गायिका वंदना दुबे और अर्चना दुबे दोनों बहनों ने अपने पारंपरिक गीत संगीत से सभी लोगों का मन मोह लिया और वहीं अतिथि प्रसूति रोग विशेषज्ञ( आशीर्वाद हॉस्पिटल) डॉक्टर अंजु कनौजिया शिक्षिका नीतू सिंह और शहर की सैकड़ों सम्मानित महिलाएं उपस्थिति रही!

# खत्म कुरान तराबीह का हुआ आयोजन

**● -मांगी गई मुल्क की तरक्की और अमन की दुआ**



**जौनपुर** शहर के मोहल्ला अहमद खां मंडी उमरपुर की जामा मस्जिद में एक कुरान मुक्कमल तराबीह को हाफिज अब्दुल हक़ ने पूरा करवाया।इस मौके पर मौलाना जावेद अंसारी ने कहा कि रमजान हम लोगों को सिर्फ भूख और प्यास का एहसास ही नहीं दिलाता बल्कि यह बताता है कि हर तबका जो समाज में रहता है उसके साथ किस तरीके से अच्छा व्यवहार किया जाए और किस तरीके से समाज में लोगों को आपसी सौहार्द व शांत वातावरण में एक दूसरे का सहयोग करते हुए रहना चाहिए ताकि समाज में हर और शांति स्थापित हो आखिर में हाफिज कैफ खान ने दुआ करवाई जिसमें देश की तरक्की व अमन की खास दुआ हुई इस बात पर सभी ने एक साथ आमीन कहा ।इस मौके पर मुख्य रूप से मस्जिद के संरक्षक निजामुल हक खान,रियाजुल हक़ खान,आले खान, मयसरे आलम उर्फ दारोगा खान, असहद खान, तालिब खान, सैफ खान, अख्तर अहमद, एडवोकेट शाहिद, शरीफ अहमद उर्फ माठे, रशीद अहमद, हामिद अहमद, अबूशाद, असद खान, इस्राइल अहमद, इस्माइल, डॉ सरफराज खान, शकील खान, नेयाज खान, इकबाल खान, एजाज खान, नफीस खान, मंजर अंसारी, गुलजार शेख, अमीरुद्दीन मंसूरी, फ़रीदुल हक़ खान, महबूब आलम, छोटू अहमद, गुलार अहमद, रैयान खान, अल्फ़ाज़ अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# युवती ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां खुशी नाम की एक युवती ने पुलिस पर प्रताड़ना और शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि युवती पिछले दो दिनों से थाने में बैठी थी, जहां दरोगा मंसाराम गुप्ता द्वारा उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। इस घटना से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें युवती अपनी आपबीती साझा कर रही है।

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, युवती ने लगाए गंभीर आरोप–** वीडियो के वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ने लगा, और पुलिस प्रशासन पर कई सवाल उठने लगे। समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वीडियो में युवती ने बताया कि उसे जबरन थाने में बैठाकर प्रताड़ित किया गया और उसका मानसिक व शारीरिक शोषण किया गया।

**बयान बदलने से मामला उलझा, पुलिसिया दबाव की आशंका–** हालांकि, इस पूरे मामले में नया मोड़ तब आया जब युवती का दूसरा बयान सामने आया। इस नए बयान में उसने कहा कि जो वीडियो वायरल हुआ है, वह उसने पुलिस से बचने के लिए बनाया था। इसके अलावा, उसने यह भी दावा किया कि उसका मोबाइल फोन गायब हो गया था, जिसे किसी ने चुपके से वायरल कर दिया। अब सवाल यह उठ रहा है कि कहीं युवती ने यह दूसरा बयान किसी दबाव में तो नहीं दिया? क्या पुलिस पर लगे आरोपों को दबाने की कोशिश की जा रही है? इस घटना को लेकर समाजसेवी और स्थानीय लोग गहरी चिंता जता रहे हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।




**समाजसेवियों की मांग, हो निष्पक्ष जांच–** घटना के सामने आने के बाद समाजसेवी संगठनों और स्थानीय लोगों ने इस मामले की गंभीरता से जांच करवाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर पुलिस दोषी है, तो संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या सच सामने आता है। फिलहाल, इस पूरे घटनाक्रम पर जिलेभर की नजरें टिकी हुई हैं।

# रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया लेखा परीक्षक, एंटी करप्शन टीम ने मछलीशहर बस स्टैंड से किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही एंटी करप्शन टीम ने शुक्रवार को एक और रिश्वतखोर कर्मचारी को पकड़ने में सफलता हासिल की। वाराणसी से आई टीम ने जौनपुर के विकास भवन में तैनात ज्येष्ठ लेखा परीक्षक सत्य नारायण को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पूरे विभाग में हड़कंप मच गया।

**ग्राम प्रधान के कार्यों के ऑडिट के बदले मांगी थी रिश्वत**

नेवढ़िया थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार ने एंटी करप्शन टीम को शिकायत दी थी कि उसकी मां सुदामा (ग्राम प्रधान) द्वारा कराए गए विकास कार्यों के ऑडिट के एवज में सत्य नारायण ने 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद एंटी करप्शन टीम ने योजना बनाकर मछलीशहर बस स्टैंड पर ट्रैप लगाया। तय योजना के अनुसार, जैसे ही लेखा परीक्षक ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

**टीम ने मछलीशहर बस स्टैंड पर बिछाया था जाल–** करीब दोपहर 12:30 बजे जब सत्य नारायण रिश्वत की रकम ले रहा था, तभी निरीक्षक मैनेजर सिंह के नेतृत्व में एंटी करप्शन टीम ने उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद उसे सिकरारा थाना ले जाया गया, जहां कानूनी कार्रवाई पूरी की गई।

**गिरफ्तारी में शामिल रही एंटी करप्शन टीम–** इस कार्रवाई में निरीक्षक मैनेजर सिंह (ट्रैप टीम प्रभारी, वाराणसी), नीरज कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव, शैलेंद्र कुमार, विनोद कुमार, सुमित कुमार भारती, अजीत



सिंह, अजय कुमार यादव, आशीष शुक्ला, सूरज गुप्ता और वीरेंद्र प्रताप सिंह शामिल रहे।

**भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की मुहिम जारी–** गौरतलब है कि एंटी करप्शन टीम लगातार सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर शिकंजा कस रही है। इसके बावजूद रिश्वतखोरी पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पा रही है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

# जिला अस्पताल में डॉक्टर से अभद्रता, हंगामे के बाद पुलिस ने कुछ लोगों को लिया हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** जिला चिकित्सालय उमानाथ सिंह में शुक्रवार दोपहर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक महिला मरीज के इलाज को लेकर डॉक्टर से उलझ गई। मामला अस्पताल की ओपीडी के कक्ष संख्या 11 का है, जहां ऑर्थो सर्जन डॉ. संजय कुमार कनौजिया मरीजों का उपचार कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, एक महिला अपनी सात वर्षीय बच्ची को दिखाने आई थी। डॉक्टर ने जांच के बाद अस्पताल से दवा दी और कुछ जरूरी उपाय बताए। इसी दौरान डॉक्टर ने महिला को दवा लाकर दिखाने के लिए कहा, जिस पर महिला नाराज हो गई और उनसे बहस करने लगी। देखते ही देखते स्थिति बिगड़ गई और महिला ने पर्चा मोड़कर डॉक्टर की ओर फेंक दिया।

आरोप है कि इसके बाद महिला ने फोन कर कुछ अन्य लोगों को बुला लिया, जिन्होंने आते ही डॉक्टर से अभद्रता की और कथित तौर पर उनके साथ हाथापाई की। डॉक्टर का कहना है कि भीड़ ने उनकी गर्दन दबाने की भी कोशिश की, जिससे अस्पताल में अफरातफरी मच गई।

हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस घटना के बाद अस्पताल में कार्यरत अन्य डॉक्टरों में भय का माहौल है। डॉ. संजय कुमार कनौजिया ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं किया गया था। वहीं, मरीज के परिजनों ने डॉक्टर के आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि कोई हाथापाई नहीं हुई, बल्कि सिर्फ कहासुनी हुई थी।

# मडियाहूं में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का होली मिलन समारोह संपन्न



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर मडियाहूं–** स्थानीय गोला बाजार रामलीला मैदान परिसर में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता और संस्कृति के रंग घुलते नजर आए।

**संगठन की एकजुटता पर जोर–** समारोह का शुभारंभ जिला प्रभारी शशि मौर्य और जिलाध्यक्ष तामीर हसन शिबू के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान संगठन की मजबूती और पत्रकारों की भूमिका पर चर्चा हुई, जिससे उपस्थित पत्रकारों को मार्गदर्शन मिला।

**रंगों में सराबोर हुआ माहौल–** होली मिलन के अवसर पर पत्रकारों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम ने पत्रकारों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत किया।

**पत्रकारिता की चुनौतियों पर मंथन–** इस मौके पर बदलते मीडिया परिदृश्य और पत्रकारिता की चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। वरिष्ठ पत्रकारों ने नए पत्रकारों को निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया, ताकि समाज में सच्चाई और न्याय की स्थापना हो सके। उल्लेखनीय उपस्थिति समारोह में जिला महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला सचिव रवि केसरी, जिला विधिक सलाहकार अमित तिवारी, तहसील प्रभारी राहुल गुप्ता, तहसील अध्यक्ष रवि सिन्हा, महासचिव अभिषेक पटेल, कपिल सिंह, गंगेश निगम, उपाध्यक्ष हिमांशु विश्वकर्मा, रोहित पटेल, सोनू गुप्ता, सिकंदर भारती, आशीष मौर्य, सचिव रोहित मिश्रा, कोमल यादव और गुलाब यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम पत्रकारों के आपसी सहयोग और संगठन की मजबूती का प्रतीक बना।

# ट्रेन की पटरी में फस कर गिरा युवक, हालत गम्भीर जिला अस्पताल रेफर

**● -जीआरपी सिपाही ने किया सराहनीय कार्य**

स्वतंत्र प्रभात

**शाहगंज,जौनपुर।** ट्रेन छूट जाने के कारण दौड़ कर कर ट्रेन को पकड़ने के चक्कर मे एक युवक का पैर पटरी में फस कर गिर गया। जानकारी के अनुसार बिहार निवासी 35 वर्षीय मकसूद आलम अपनी रोजी और दो बच्चे के साथ शुक्रवार को दिल्ली से लौट कर अपने घर जा रहा था। आज़मगढ़ में मकसूद आलम अपनी बीवी बच्चे से बिछड़ कर शाहगंज पहुंच गया।और रोडवेज के जलपान करके वापस रेलवे स्टेशन पर जा रहा था की उसकी ट्रेन छूट गयी और दौड़कर ट्रेन पकड़ने के चक्कर उसका ट्रेन की पटरी में फंसकर गिर गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। मौके



पर जीआरपी सिपाही जय प्रकाश यादव ने ततपरता दिखाते हुए इलाज हेतू सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर पहुंचाया जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वहीं उसके साथ घायल की पत्नी रोजी का रो रो कर बुरा हाल था। जीआरपी सिपाही जय प्रकाश यादव ने आर्थिक मदद करते हुए घायल की पत्नी रोजी को बच्चों के खाने पीने और दवा के प्रबंध का इंतज़ाम किया। जिसकी लोग भूरी भूरी प्रशंसा की।

# कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष आरिफ खान की नियुक्ति पर कांग्रेसी नेताओं का विरोध

**जौनपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर अध्यक्ष पद आरिफ खान पर की गई नई नियुक्ति को लेकर कांग्रेस पार्टी के भीतर असंतोष और विरोध के स्वर उभरने लगे हैं। कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति पर नाराजगी जाहिर की है और पार्टी नेतृत्व से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

**विरोध के कारण–** सूत्रों के अनुसार, विरोध करने वाले नेताओं का कहना है कि नए शहर अध्यक्ष की नियुक्ति में पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं और पुराने समर्पित नेताओं को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फैसला कुछ गिने-चुने नेताओं के प्रभाव में लिया गया है, जिससे कार्यकर्ताओं में असंतोष फैल रहा है। कई नेताओं का मानना है कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए ऐसे व्यक्ति को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए जो संगठन को सक्रिय कर सके, सभी गुटों को एकसाथ लेकर चल सके और आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती प्रदान कर सके। लेकिन वर्तमान नियुक्ति से ऐसा होता नहीं दिख रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर सकता है।

**नेताओं का विरोध और प्रतिक्रिया–** कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने खुलकर इस नियुक्ति का विरोध किया है और कांग्रेस हाईकमान से इस फैसले की समीक्षा करने की अपील की है। कुछ नेताओं ने तो पार्टी पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपने विरोध को औपचारिक रूप भी दिया है। वहीं, कुछ कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व ने उनकी बात नहीं सुनी, तो वे आगामी चुनावों में निष्क्रिय रह सकते हैं या फिर कोई बड़ा निर्णय लेने पर मजबूर हो सकते हैं।

**पार्टी नेतृत्व की प्रतिक्रिया–** जिला कांग्रेस कमेटी के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि यह नियुक्ति पूरी प्रक्रिया के तहत की गई है और सभी पक्षों को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने असंतोष जाहिर कर रहे कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पार्टी की एकता बनाए रखें और नए अध्यक्ष को सहयोग करें।

**आगे की रणनीति–** देखना होगा कि कांग्रेस हाईकमान इस विरोध को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या इस नियुक्ति पर पुनर्विचार किया जाता है या नहीं। फिलहाल, इस मुद्दे को लेकर जिले में कांग्रेस पार्टी के भीतर घमासान मचा हुआ है, और इसका असर आगामी चुनावी रणनीति पर भी पड़ सकता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गस्त के दौरान पुलिस ने तमंचा सहित एक को पकड़ा जेल भेजा



**बरेली**/क्यों लड़ियां थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक आनंद प्रकाश एवं उप निरीक्षक संजीव कुमार सिपाही राजीव कुमार आदि के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था हेतु भ्रमण करने निकले थे वह घूमते घूमते ज्योत जागीर होते हुए कमलापुर की तरफ मुड़े तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कमलापुर में 10 दिन पूर्व गन्ने में फायर करने वाला व्यक्ति देवस्थान के पास बेरी के पेड़ के नीचे बैठा है ।

पुलिस ने सूचना पर भरोसा करते हुए शीघ्र मौके पर पहुंचकर वहां बैठे अंकेश पुत्र धर्मपाल निवासी कमलापुर को दबोच लिया तलासी लेने पर उसके पास से 12 बोर तमंचा एक कारतूस खोखा बरामद हुआ वरिष्ठ उप निरीक्षक आनंद प्रकाश द्वारा तमंचा रखने का लाइसेंस मांगा गया तो वह सक पका गया और उसने बताया 10 बारह है दिन पूर्व वह इस तमंचे को चेक करने हेतु गन्ने के खेत में गया था जहां पर तमंचा चल जाने से उसके छरे फरसा से टकराकर उसके चेहरे पर जाकर लग गए इसी कारण इस तमंचे को वह मिट्टी में गाड कर छुपाने के लिए जाने का प्लान बना रहा था। के आपने पकड़ लिया पुलिस आरोपी को तमंचे सहित थाने ले आई और अवैध शस्त्र रखने के आरोप में उसे जेल भेज दिया है।

### पंखे का तार लगाते समय महिला की करंट लगने से हुई मौत



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** तहसील गोला क्षेत्र के ग्रंट नंबर 11 के ग्राम गिरधरपुर मे एक विवाहिता के द्वारा पंखा चलाने हेतु बोर्ड में तार लगाते समय करंट लगने से हुई मौत।करंट लगने के बाद वह काफी देर तक घर के अंदर ही जमीन पर पड़ी रही महिला। जब उसका पति घर पर आया तो वह हाथों में पंखे का तार लिये अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। पति के चिल्लाने पर ग्रामीण एकत्रित हो गये। तुरंत ही एम्बुलेन्स को बुलाया गया । परिजन उसको बांकेगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गये जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की पहचान बांकेगंज की ग्राम पंचायत ग्रन्ट 11 के गाँव गिरधरपुर निवासी प्रदीप कुमार की 45 वर्षीय पत्नी अनीता देवी के रूप में हुई है। महिला के पति प्रदीप ने बताया कि पंखे के तार में प्लट नहीं था । पंखा चलाने के लिए एक तार बोर्ड में लगा दिया और दूसरा तार लगाने ही जा रही थी कि तार उसके शरीर से टच कर गया। जमीन से अर्थ मिलने से वह तार सहित जमीन पर गिर पड़ी । फिलहाल शव का पंचायतनामा भरा गया है और पुलिस पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी में जुटी हुई है । मृतका के 3 बेटे हैं जो अविवाहित हैं।

### गौरिया निवासी मुनीर खान ने एक बार पुनः लहराया लखीमपुर का परचम



**लखीमपुर खीरी** – मुनीर को 21 मार्च (शुक्रवार) को *यंग इनोवेटर ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड 2025* से नवाजा गया.- यह अवॉर्ड दुनियाभर में प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी यूके में यह अवॉर्ड मिलेगा. बताते चले- यह अवॉर्ड युवाओ द्वारा किए गए नवाचारों (विशेष शोध) के लिए हर साल दिया जाता है जिनका शोध दुनिया की एक बड़ी आबादी को प्रभावित करता है यह अवॉर्ड 30 वर्ष से कम आयु के शोधार्थियों को दिया जाता है,सूत्र बताते है - पुरस्कार ग्रहण करने के लिए अमेरिका से लंदन पहुंच गए हैं मुनीर,- मुनीर वर्तमान में अमेरिका की हार्वर्ड विश्वविद्यालय में *एप्लाइड साइंटिस्ट* के पद पर कार्यरत हैं मुनीर पिछ्ले 2 वर्ष से कैंसर के इलाज़ में प्रयुक्त होने वाले सेंसर पर हार्वर्ड विश्वविद्यालय में काम कर रहे हैं. 2024 के मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले प्रोफेसर गर्यो रूवकून की रिसर्च लैब में कार्य कर रहे हैं मुनीर अवॉर्ड के बाद 24 March (सोमवार) को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में भी व्याख्यान देंगे।

# अप्सरा नदी पर बना बांध हुआ जर्जर दे रहा मौत को दावत होगी किसी दिन बड़ी घटना जिम्मेदार पड़े मौन

**● ब्रिटिश शासन में कराया गया था इस बांध का निर्माण किसी समय हो सकता धराशाई**

स्वतंत्र प्रभात

**बरेली**/जनपद के विकासखंड भदपुरा मैं स्थित क्यों लड़ियां मैं अप्सरा नदी पर बांध बनाकर शारदा सागर खंड शाहजहांपुर नहर का निर्माण किया गया था परन्तु इसकी आयु पूर्ण होने के बाद विभाग द्वारा इस बांध से होकर निकलने वाले बड़े वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था इसके लिए बांध के पश्चिम दिशा में आर सीसी के दो पोल लगाए गए उनके ऊपर भी बीम बनाया गया था जिसके कारण बड़े वाहनों का आवागमन बंद हो गया।

परंतु बड़े बहन चालकों से साथ गांठ कर विभाग के कुछ अधिकारियों ने अब इसे पुन ही बड़े वाहनों के संचालित होने के लिए खुली छूट दे दी है जिसके कारण किसी भी दिन यह बाध धराशाई हो सकता है और बड़ी घटना घटित हो सकती है इस बांध से होकर इस क्षेत्र के लोग नवाबगंज बरेली आदि स्थानों पर जाते हैं इसी बांध से होकर बच्चों की भरी बैन निकलती है बच्चे साइकिल एवं मोटरसाइकिल इत्यादि वाहनों से भी इसी बांध की छत से होकर निकल रहे हैं निकलने वालों की सुरक्षा की दृष्टि से बने बांध की दोनों दिशाओं में सुरक्षा दीवारें बरसों से टूटी पड़ी है जिन्हें विभाग ने ठीक करने की जरूरत नहीं जुटाई गई है । इधर बाध में पड़ी दरारों को छुपाने के लिए विभाग इसकी पुताई करवा रहा है जिससे यह किसी को दिखाई ना दे के यह पुल अब जर्जर अवस्था में है इस बाबत जे ई सिंचाई अनूप कुमार सागर से दूरभाष पर हुई वार्ता के अनुसार उन्होंने बताया बांध की पुताई कराई जा रही है टूटी पड़ी सुरक्षा दीवारों को ठीक करवा दिया जाएगा सूत्रों की मां ने तो इस बांध का निर्माण वर्ष 1898में कराया गया था जो अब गिरने के इंतजार में खड़ा है इसके निर्माण हेतु स्वर्गीय विधायक केसर सिंह गंगवार भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार वर्तमान विधायक डॉक्टर एमपी आर्य आदि ने भी इसके निर्माण के लिए पहल की परंतु कोई भी कार्यवाही नहीं हो सकी है।

यदि इस पुल का निर्माण नहीं कराया गया तो किसी दिन बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता परंतु सिंचाई विभाग इस तरफ से बिल्कुल धृतराष्ट्र की तरह आंखें बंद कर बैठा है जो जनता के लिए घातक सिद्ध हो सकता है इसके निर्माण हेतु क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने भी अधिकारियों को पत्र लिखा है ताकि किसी भी तरह की कोई जनहानि ना हो सके इसी क्रम में क्यों लड़ियां के प्रधान पति रविंद्र कुमार गंगवार ने बताया यदि विभाग अनुमति दे दे तो पुल की टूटी हुई रेलिंग है वह सही करा सकते हैं परंतु विभाग अनुमति तो दे विभाग ना तो अनुमति दे रहा है ना ही उसे ठीक करवा पा रहा है ऐसी स्थिति में यहां की जनता को गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।



# शिक्षा से व्यक्ति बनता है महान नाइस स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव



स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** सुसंस्कारित शिक्षा से ही भावी समाज को बेहतर बनाया जा सकता है। यह विचार क्षेत्र के ग्राम गोविंदापुर स्थित नाइस एजूकेशन एकेडमी स्कूल में आयोजित हुए दिव्य और भव्य वार्षिकोत्सव के अवसर पर अतिथियों नें व्यक्त किए हैं।कहा गया कि बेहतर शिक्षा से बच्चों का ज्ञान अर्जन होता है। वह तकनीकी शिक्षा व खेलकूद समेत विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए पारंगत होते हैं। शिक्षित व्यक्ति ज्ञान विज्ञान कंप्यूटर के क्षेत्र में पारंगत होकर जीवन में आने वाली तमाम चुनौतियों से मुकाबला करने में सक्षम होता है। इसलिए सर्व समाज के लोगों को बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने का संकल्प लेकर आगे आना चाहिए अध्यक्षता वेदप्रकाश अग्निहोत्री नें व संचालन शिक्षक संजीव कुमार दीक्षित ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन के साथ हुआ । आए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। एकांकी नाटक गीत संगीत के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों व अशिक्षा पर प्रहार किया। कार्यक्रम के दौरान संचालक महेंद्र उर्फ महेश वर्मा, प्रधानाचार्य अनुपम अवस्थी, प्रधानाचार्य मधू त्रिपाठी, प्रधानाचार्य दुर्गा प्रसाद मिश्रा, अवनि त्रिपाठी,डॉ रामशरन वर्मा, राजेश कश्यप, मनोज वर्मा,डॉ हरिशंकर, सुयश वर्मा, शिक्षक, बच्चे, अभिभावक मौजूद रहे।

# आखिर किस सक्षम अधिकारी के आदेश से बिछाई जा रही थी फर्जी अंडरग्राउंड लाइन -अहम सवाल

**● फर्जी लाइन बिछवाने वाले ठेकेदार पर रिपोर्ट दर्ज करने से क्यों बचते नजर आ रहे जिम्मेदार**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुरखीरी-** गढ़ी बिजली उपकेंद्र से कुछ दूर रातोंरात 250 मीटर फर्जी अंडरग्राउंड लाइन बिछाने का मामला सामने आया है। एक्सईएन के मुताबिक, लाइन बिछाने के लिए निगम से अनुमति नहीं ली गई। मामला जब खुला तो अब अफसर ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर कराने की बात कह रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक प्रॉपर्टी डीलर को फायदा पहुंचाने के लिए यह लाइन बिछाई जा रही थी, छाउछ से गढ़ी उपकेंद्र के लिए 33 केवीए की लाइन निकली है। वहीं से मितौली डिविजन की बसैगापुर उपकेंद्र के लिए लाइन जाती है। गढ़ी उपकेंद्र से करीब 300 मीटर आगे एसएसबी की ओर मंगलवार को कुछ मजदूर अंडरग्राउंड बिजली की लाइन डाल रहे थे। इसी दौरान गढ़ी उपकेंद्र के एसडीओ शफरुद्दीन अंसारी उधर से गुजरे। बिना उनकी जानकारी लाइन बिछाने का मामला देख उनको संदेह हुआ। एसडीओ ने मजूदरों से बात तो पता चला कि पूर्णेश नाम का एक ठेकेदार यह लाइन बिछा रहा है। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना लखीमपुर डिविजन के एक्सईएन शैलेंद्र कुमार को दी। सूचना पर एक्सईएन शैलेंद्र और छाउछ उपकेंद्र के एसडीओ एके चौरसिया पहुंच गए। अफसरों ने मौके पर मीडिया को बुलाकर खुद ही मामले को खुलासा किया।

**वर्जन-** लखीमपुर डिविजन के एक्सईएन शैलेंद्र कुमार ने बताया कि यह लाइन पूरी तरह फर्जी है। मामले में संबंधित ठेकेदार पूर्णेश के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी। साथ ही पूरे मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। करीब 250 मीटर की फर्जी लाइन बिछाई गई है।

**एक्सईएन के पास पहुंचा फोन, सुबह मिल लेंगे-** फर्जी लाइन बिछाए जाने की जानकारी जैसे ही एसडीओ ने एक्सईएन को दी तो कुछ देर बाद एक्सईएन के पास ठेकेदार का फोन पहुंचा। ठेकेदार ने सुबह मिल लेने की बात कही।

# मिशन मैदान का कमाल स्कूलों में बढी 12% उपस्थित



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी, 21 मार्च।** लखीमपुर खीरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान को मिशन के रूप में अपनाते हुए बड़ी मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप लखीमपुर खीरी ने मिशन मैदान का संकल्प लेते हुए एक साल में मिशन के पहले फेज के तहत जिले में एक हजार परिषदीय विद्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले खेल मैदान तैयार किये हैं, जहां बच्चे खेल के जरिये अपना मानसिक और शारीरिक विकास कर रहे हैं। जिलाधिकारी का संकल्प ÷मिशन मैदान÷, अब हकीकत बन गया है। मिशन मैदान के चलते खीरी जिला निपुण असेसमेंट में 72वें स्थान से 26वें स्थान पर आ गया है। वहीं स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति 12 फीसद बढ़ी है और मिड-डे मील में उनकी रुचि भी बढ़ी है। बता दें कि एक साल पहले स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति का रेश्यो 57.24 प्रतिशत था, जो आज बढ़कर 69.40 प्रतिशत हो गयी है।

**बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीमवर्क विकसित करने को तैयार किये गये खेल मैदान**

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीमवर्क विकसित करने के लिए एक साल पहले मिशन मैदान के तहत पहले फेज में एक हजार परिषदीय विद्यालयों में खेल मैदान विकसित करने का संकल्प लिया गया था। इसके तहत वर्तमान में खेल मैदान बनकर तैयार हो गये हैं, जहां नौनिहाल विभिन्न खेलों के माध्यम से स्वथ्य और और उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मिशन मैदान की थीम खेलेगा खीरी, जीतेगा खीरी रखी गयी थी। डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल ने बताया कि मिशन के तहत 765 विद्यालयों में खो-खो कबड्डी, वॉलीबॉल और बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित किये गये हैं जबकि 205 परिषदीय विद्यालयों में हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल अैर बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित किये गये हैं। वहीं 30 विद्यालयों को चिन्हित करते हुए रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन विकसित किये गये हैं, जहां बच्चे कैरम, चेस, माइंड गेम, सिमेट्री गेम और टेबल टेनिस खेल क लुत्फ उठा रहे हैं।

**खेल गतिविधियों से बच्चे सुबह की कर रहे शुरुआत**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मिशन मैदान के तहत अब लखीमपुर खीरी के सरकारी स्कूलों के बच्चे हर दिन 30 मिनट की खेल गतिविधि के साथ अपनी सुबह की शुरुआत कर रहे हैं। इससे न केवल उनका शारीरिक विकास हो रहा है, बल्कि उनका मानसिक स्वास्थ्य और एकाग्रता भी बेहतर हो रही है। मिशन को सफल बनाने में मनरेगा और स्थानीय संसाधनों की बड़ी भूमिका रही है। स्थानीय स्तर पर श्रमिकों को इस योजना में रोजगार मिला, जिससे गांवों में आर्थिक सशक्तिकरण को भी बल मिला। डीएम की इस पहल ने यह साबित कर दिया कि जब प्रशासन, समुदाय और सरकार मिलकर काम करें, तो असंभव भी संभव हो सकता है। मिशन मैदान सिर्फ एक खेल परियोजना नहीं है, बल्कि यह बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम वर्क जैसी महत्वपूर्ण योग्यताओं का विकास भी कर रहा है। यह पहल उन बच्चों के लिए एक नई उड़ान लेकर आई है, जिन्हें खेल सुविधाओं का पहले कोई अवसर नहीं मिलता था।

# बेसिक शिक्षा विभाग में अजब गजब खेल एक साथ दो कार्य शिक्षा अर्जन और शिक्षण कार्य कैसे

**● किसी सक्षम अधिकारी के आदेशों से बाई डी कॉलेज में रेगुलर वी ए की क्लास लेता रहा शिक्षा मित्र और स्कूल में करता रहा अध्यापन कार्य**

**शिक्षामित्र के पद पर तैनात रहते बी ए की डिग्री संस्थागत छात्र के रूप में हासिल करने का मामला**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** जनपद खीरी के बेसिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार थमने का नाम ही नहीं ले रहा है बेसिक शिक्षा विभाग अरसे से भ्रष्टाचार का पर्याय बना हुआ है यहां आए दिन घपले घोटाले के नए-नए मामले अखबारी सुर्खियां बनते हैं मामला चाहे फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी कर रहे शिक्षकों और शिक्षामित्र का हो और फिर चाहे फर्नीचर खरीद घोटाला हो या फिर कोरोना काल में एमडीएम एवं बच्चों को निशुल्क मिलने वाले ड्रेस जूता मोजा तथा स्कूल बैग वितरण का मामला रहा हो हमेशा विभाग अखबारी सुर्खियां बनता रहा है जिसके चलते जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की लाख सखूती और सक्रियता के बावजूद शिक्षा व्यवस्था पटरी पर लौटती नजर नहीं आ रही है बेसिक शिक्षा प्रणाली में कोई अमूल सुधार होते नजर नहीं आ रहा है।

**क्या है पूरा मामला**

मामला विकासखंड फूलबेहड़ के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भीखनापुर से जुड़ा है जहां शिक्षामित्र के पद पर तैनात शिक्षामित्र सतीश कुमार द्वारा प्रधानाध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी के मिली भगत से नियम कानून को ताक पर रखकर एक साथ दोहरा लाभ लेते रहे और जिम्मेदारखंड शिक्षा अधिकारी फुलबेहड सहित प्रधानाध्यापक चैन की नीद सोते रहे उनको अपने शिक्षामित्र के इस कृतय की भनक तक नहीं लगी मामले पर गौर फरमाए तो शिक्षामित्र सतीश कुमार एक और जहां शिक्षामित्र के पद पर प्राथमिक विद्यालय भीखनापुर में बतौर शिक्षामित्र शिक्षण कार्य में संलग्न है वहीं दूसरी तरफ युवराज दत्त महाविद्यालय में बी ए की रेगुलर छात्र के तौर पर डिग्री हासिल कर करते रहे अब अहम सवाल यह है कि किस समय पर सतीश अपनी बी ए की क्लास अटेंड करते थे और किस समय स्कूल में शिक्षण कार्य करते थे इस यक्ष प्रश्न का उत्तर शिक्षामित्र सतीश कुमार से लेकर प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय भिखनापुर व खंड शिक्षा अधिकारी फुलबेहड के पास भी ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं एक साथ दो काम कैसे संभव है उक्त नियमित कक्षाओं के लिए किसी सक्षम अधिकारी से अनुमति ली गई थी नियमानुसार सेवा के दौरान व्यक्तिगत परीक्षा देने के लिए भी विभागीय अनुमति लिए जाने की आवश्यकता होती है इनके द्वारा तो बतौर नियमित छात्र रहकर बी ए की डिग्री हासिल की गई है अहम सवाल यह पैदा होता है एक तरफ शिक्षामित्र की सेवाएं देते रहे और दूसरी तरफ बाय डी सी से नियमित छात्र के रूप में शिक्षा भी ग्रहण करते रहे दोनों काम एक साथ कैसे संभव हो सकते हैं नियमानुसार महाविद्यालय में प्रत्येक विषय के प्रवक्ता द्वारा अपनी कक्षा प्रारंभ करने से पूर्व कक्षा में उपस्थित छात्राओं की उपस्थिति दर्ज करना होता है और उक्त उपस्थिति का विवरण विश्वविद्यालय को भेजने का प्रावधान है यदि किसी छात्र की महाविद्यालय में उपस्थित 75त्न से कम होती है तो ऐसे छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाती तो फिर उक्त सतीश कुमार दो काम एक साथ शिक्षा अर्जन और अध्यापन किस प्रकार देते रहे लोगों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लंबे समय से यही पर तैनात प्रधानाध्यापिका जी अकसर र विलंब से ही विद्यालय आती हैं जिनके गैर मौजूदगी में यही शिक्षामित्र साहब ही विद्यालय के समस्त कार्य संचालित करते हैं ऐसा लोगों का आरोप है एमडीएम हो या फिर अन्य कार्य सूत्र बताते हैं की उक्त शिक्षा मित्र के चाचा श्री राम इसी विद्यालय की न्याय पंचायत में एनपीआरसी के पद पर पदासीन रहे हैं जो अब रिटायर हो चुके हैं और शिक्षामित्र आज भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है विद्यालय के प्रधानाध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी फुलबेहड द्वारा कूटरचना करके दोहरा लाभ लेने वाले उक्त फर्जी वाडा के मास्टरमाइंड शिक्षामित्र के विरुद्ध आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है सारे मामले को धनवल के दम पर दफनाने का खेल बदस्तूर खेला जा रहा है यदि मामले का बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा लिया जाए संज्ञान और मामले की कराई जाए निष्पक्ष जांच तो होगा दूध का दूध और पानी का पानी फिलहाल मामला जांच का विषय बना है।

## नाली चोक होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी लोग परेशान



**सम्पूर्णानगर- खीरी।** पलिया विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगाही खुर्द में सफाई कर्मी के न होने से लोगों को हो रही भारी दिक्कत जिम्मेदार मौन। ग्राम पंचायत सिंगाही खुर्द में पिछ्ले दो वर्षो से सफाई कर्मी की तैनाती न होने के कारण ग्राम पंचायत में बनी नालियां पूरी तरह से चौक हो गई है जिसकी वजह से नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है लोगों को मजबूरन गंदे पानी के अंदर से ही गुजरना पड़ रहा है ग्रामीणों ने बताया कि कई दफा ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य से शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई सड़क पर गंदा पानी बहने की वजह से रमजान माह में रोजेदारों को भी मजबूरन गंदे पानी के किनारे किनारे से हो कर गुजरना पड़ रहा है इस पर जब एडिओ पंचायत सर्वेश कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि जल्द ही सफाई कर्मी की तैनाती कर दी जाएगी और रोस्टर लगाकर ग्राम पंचायत की सभी नालियों की सफाई करा दी जाएगी।

# सरकारी धन के दुरुपयोग किए जाने के मामले की जांच कराए जाने की मांग

**● ग्रामीण ने पीएम व सी एम से सरकारी धन का दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की की मांग**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** मामला जनपद खीरी में कदम कदम पर अपनी जड़े जमा चुके भ्रष्टाचार का है इस भ्रष्टाचार और अफसरशाही पर भारी नौकरशाही से तंग हाल और परेशान लोगों ने देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से भ्रष्टाचार की जांच कराकर इसमें लिप्त दोषी लोगों एवं सरकारी धन का दुरुपयोग करने वाले कर्मचारियों एवं अफसरो के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है विश्वसनीय सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार ताजा मामला निर्माण विभाग के खंड एक के अंतर्गत आने वाले एलआरपी से सीतापुर की ओर जाने वाले स्टेट हाईवे 21 पर 1 किलोमीटर से 14 किलोमीटर तक हर किलोमीटर में गड्ढे ना होने के बावजूद हर किलोमीटर में गड्ढे दिखाकर 40 लाख रुपए खर्च कर दिए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है लोगों का आरोप है कि जिम्मेदारों द्वारा सड़क में गड्ढे ना होते हुए भी गड्ढे दिखाकर 40 लख रुपए का खर्च दशाकर अपनी-अपनी तिजोरिया भर ली गई हैं मजेदार बात तो यह है कि इसी सड़क के रिन्यूअल के लिए करीब चार माह के अंदर ही शासन से लगभग 17 करोड रुपए मिले थे अब सवाल पैदा होता है जब एक 8 महीने के अंदर ही करीब 17 करोड रुपए खर्च कर सड़क का रिनुअल होना था तो फिर सड़क पर बगैर गड्ढा हुए गड्ढा दिखाकर 40 लख रुपए क्यों और कहां खर्च कर दिए गए?यह पहला मामला नहीं है दूसरा मामला ठीक इसी प्रकार का शारदा नगर रोड का भी है जहां पर भी जिम्मेदारो द्वारा बजट को ठिकाने लगाने की तरकीब ढूंढ़ निकाली गयीं जनता की जुबानी सत्य माने तो जनता का कहना है कि हमारे टैक्स से अर्जित धन का बेजह खर्च किए जाने के मामले की जांच होना नितांत आवश्यक है और जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अफसर के साथ-साथ जिम्मेदार सह कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी होना चाहिए जिससे इस तरह के भ्रष्टाचार व सरकारी धन के दुरुपयोग के मामलों की पुनरावृत्ति पर प्रभावी रोक लगाई जा सके लोगों ने उक्त मांगों को लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के उपयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले की जांच टीम गठित कर जांच कराए जाने की मांग की है।




# एक राय होकर गाली गलौज, मारपीट करने के 05 आरोपी अभियुक्तों को न्यायालय उठने तक की सजा

**● 15,000/- रुपये के अर्थदण्ड किया गया दण्डित**

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस ने अपराधियों को अधिक सजा दिलाने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशानुसार थाना कोतवाली कर्वी में लंबित मामलों में गहन पैरवी की जा रही है, ताकि अपराधियों को न्यायालय से कठोर सजा दिलवायी जा सके। इस क्रम में, आज दिनांक 20 मार्च 2025 को, न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया गया। थाना कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 639/2017, जिसमें आरोपी अभियुक्तों ने गाली गलौज, मारपीट और अन्य अपराध किए थे, पर सुनवाई की गई।इस मामले में अभियुक्तों के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506, 427 भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत आरोप लगाए गए थे। न्यायालय ने आरोपी अभियुक्तों 1. भानु प्रताप पुत्र उदयभान सिंह 2. रजत सिंह पुत्र उदयभान सिंह 3. रणधीर पुत्र गुलजार सिंह 4. गीता देवी पत्नी विक्रम सिंह और 5. राममिलन पुत्र दुलमुल निवासीगण भरतकूप थाना भरतकूप को न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई और प्रत्येक को 3000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। कुल मिलाकर, सभी अभियुक्तों पर 15,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह और पैरोकार अशोक बाबू की मेहनत एवं सहायक अभियोजन अधिकारी बृजमोहन द्वारा की गई प्रभावी बहस ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस विभाग और अभियोजन पक्ष की संयुक्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप, आरोपी अभियुक्तों को न्यायालय से कड़ी सजा मिली और यह संदेश दिया गया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस विभाग ने इस निर्णय को न्याय की जीत और अपराधियों के खिलाफ कड़ी सजा दिलाने के एक और कदम के रूप में देखा है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## भदोही में तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार, बीते 2 मार्च क़ो हुई थी लूट



**भदोही।** कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने बुधवार की रात क़ो एक बड़ी कार्रवाई में तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के 4 एंड्रॉइड मोबाइल, एक अपाचे बाइक और अवैध तमंचा बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक बीते 2 मार्च क़ो विपिन कुमार शर्मा नाम के व्यक्ति से घमहापुर-जाहिदपुर मार्ग पर अपाचे बाइक सवार तीन बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। भदोही एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने कुदौला-याकूबपुर पुल के पास से गिरोह के सरगना अतीक अहमद समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। अन्य दो आरोपी हारिस और मकसूद हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से विपिन कुमार का चोरी किया मोबाइल और तीन अन्य चोरी के मोबाइल बरामद किए। इसके अलावा एक चोरी की अपाचे बाइक, 315 बोर का अवैध तमंचा और दो कारतूस भी मिले। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस ने इन पर कई धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। गिरोह के दो अन्य फरार साथियों की तलाश जारी है।

## श्रीराम जन्मोत्सव विशाल शोभा यात्रा का आयोजन तीन अप्रैल को

**चुनार, मिर्जापुर।** श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर समिति द्वारा 3 अप्रैल को विशाल शोभा यात्रा निकाले जाने के संबंध में बृहस्पतिवार को बैठक का आयोजन नगर के साहब राम गोला स्थित स्व.अमर नाथ सिंह के बाड़े में आयोजित किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं रामभक्तो से विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 अप्रैल को श्रीराम जन्मोत्सव विशाल शोभा यात्रा निकाला जाएगा। शोभा यात्रा दुर्गा जी मोड़ से शुरू होकर नगर के स्टेशन रोड,टेकौर, भरपूर तिराहा,लाल दरवाजा, सद्दूपुर मुहाना होते हुए बालू घाट पर गंगा पूजन एवं गंगा आरती के साथ समापन किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह, महामंत्री चेतनराम मौर्य, उपाध्यक्ष पंकज सिंह,सन्तोष भारतीय, पवन बिन्द,राजन गुप्ता, राजेश चौहान,भोलू साहनी, मनोज यादव,कमलेश यादव,भोला मौर्या,संदीप वर्मा, अंकुर श्रीवास्तव, भरत प्रजापति, महेश वर्मा,राजन सेठ, मिथिलेश महाजन, संजय कुशवाहा,दीपक सिंह, अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त मौजूद रहे।

## भूतपूर्व सैनिक के पत्नी के निधन पर ग्रामीणों में शोक की लहर

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पचायत खुटहा के बरबसा गहरवार गाव निवास मिथिलेश मिश्रा के माता जी की 99 साल की उम्र में निधन हो जाने से ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ पड़ी प्राप्त जानकारी के अनुसार मिथिलेश मिश्रा के पिता भूत पूर्व सैनिक वशिष्ठ नारायण मिश्रा की धर्मपत्नी दम्पति देवी का 99 साल की उम्र में निधन हो गया निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों मे शोक का लहर दौड़ पड़ा मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि हमारे पिता भूतपूर्व सैनिक वशिष्ठ नारायण मिश्रा का निधन काफी दिन पहले हो चुका है अब 99 वर्ष में माता जी का भी देहांत हो गया वशिष्ठ नारायण मिश्रा के पास तो पुत्र हैं और दोनों पुत्र सरकारी नौकरी से रिटायर है दम्पति देवी के निधन की सूचना मिलते ही गांव के आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने लगे माता को उनके बड़े लड़के राजकुमार मुखाग्नी देकर अंतिम संस्कार किया ग्रामीणों में विजय नारायण दुबे भगवान मिश्र जयशंकर मिश्रा सुनील मिश्रा पंकज मिश्रा दिनेश मिश्रा विनय दुबे कुलदीप मिश्रा सहित ग्रामीणो ने शोक व्यक्त किया।

## सपा सरकार के नशे मे धूत्त है सचिव साहब

**ग्राम पंचायत मे बने पचायत भवन दिन मे नही बल्कि रात मे दारूबाजों के लिए खोला जाता है**

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत ददरी मे बने पचायत भवन दिन में नहीं बल्कि रात में दारुबाजो के लिए खोला जाता है जहां पर बकायदा दारुबाज दारु की पार्टी करते है वही ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की योजना धरातल पर नहीं बल्कि कागज पर दिखाई दे रही है कोई कागजात बनवाने के लिए सचिव साहब से कहा जाता है तो वह कानून की बात करते हैं जो पेपर 1 घंटे में तैयार होता है वह पेपर 15 दिन में उपलब्ध करा पाते हैं सचिव साहब ग्रामीणों का मानना है कि यही इनके हर ग्राम पंचायत का यही हाल है चाहे इनका ग्राम पंचायत ददरी देख लिया जाए बबुरा भैरव दयाल देख लिया जाए या फिर बरौधा देख लिया हर ग्राम पंचायत में सिर्फ और सिर्फ कागज पर काम दिखाई दे रहा है जमीन पर नहीं दारू बाजो के संबंध में सचिव से बात किया गया तो सचिव ने अपना पल्ला झाड़ने हुए कैमरा चेक करने का बात बताया।

# जिलाधिकारी ने निपुण विद्यालयों को सम्मानित कर,पीएम श्री विद्यालयों की मासिक पत्रिका का किया विमोचन

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही 21 मार्च 2025** /कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में चल रहे कार्यो के बारे में सभी को अवगत कराया और पिछले माह किए गए कार्यों का विवरण जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि जनपद में कुल 644 विद्यालयों का थर्ड पार्टी आकलन किया गया था जिसमे से 511 विद्यालय निपुण घोषित किये गए। जिलाधिकारी द्वारा 79.34त्न स्कूलों के निपुण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई और उपस्थित जनों को बधाई दी गयी।बेसिक शिक्षा अधिकारी ने यह भी बताया कि दिसंबर माह की भांति फरवरी में भी जनपद छात्र उपस्थिति के क्षेत्र में 80.70त्न औसत उपस्थिति के साथ प्रदेश में जनपद द्वितीय स्थान पर रहा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने उम्मीद जताई कि आगामी सत्र के आकलन में हमारे 100 फ़ीसदी विद्यालय निपुण विद्यालय बनकर उभरेंगे। जिलाधिकारी द्वारा पीएम श्री विद्यालयों में हो रहे कार्यों की विद्यालयवार समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पीएम श्री विद्यालयों की तरह मासिक पत्रिका का विमोचन भी किया और कहा कि इस तरह के कार्यों से छात्रों में न सिर्फ प्रतिस्पर्धा बढ़ती है बल्कि उनकी कम्युनिकेशन क्षमता का विकास भी होता है । इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्रत्येक विकासखंड से 5-5 विद्यालयों को निपुण घोषित होने पर सम्मानित भी किया और प्रत्येक शिक्षक की प्रशंसा की। सम्मान समारोह के पश्चात जिलाधिकारी ने प्रत्येक विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारियों से विद्यालयों के निपुण प्रतिशत की समीक्षा की और आगामी सत्र की योजना के बारे में भी बात की। उन्होंने भाषा के तौर पर अंग्रेजी शिक्षण पर भी ध्यान दिए जाने संबंधी चर्चा की। इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की भी विस्तार से समीक्षा की गई और सुझाव दिए गए। उन्होंने कायाकल्प योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों की समीक्षा की तथा खंड विकास अधिकारियों को यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित भी किया। उन्होंने सक्षम अधिकारियों को क्रिटिकल गैप एवं सांसद निधि से विद्यालयों में पेंडिंग कार्यों को पूर्ण कराए जाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा के विकास और गुणवत्तायुक्त शिक्षा हेतु अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए शासन की मंशानुसार कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी विकास खण्डों के खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक, खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, धीरज सिंह, रत्नेश कुमार पाण्डेय एवं विनय शंकर पाण्डेय (स्टेट रिसोर्स समूह सदस्य) एवं निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक गण उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला थाना का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**महिला अपराध सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही हेतु किया गया निर्देशित**



दिनांक-21.03.2025 को अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों के रख-रखाव महिला हेल्प-डेस्क व साइबर हेल्प डेस्क आदि का अवलोकन करते हुए थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर, बैरक व शौचालय आदि की साफ-सफाई का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। महिला अपराध सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने व लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सभी पुलिस अधि0/कर्मचारियों को अच्छा टर्न आउट रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# विश्व वानिकी दिवस पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संचेतना का दिया संदेश

**● स्वच्छ व हरित धरती के लिए वृक्षारोपण अनिवार्य- जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही 21 मार्च 2025-** पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने के अन्तर्गत जनसहभागिता एवं संवेदीकरण हेतु 21 मार्च विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में पीपल का पेड़ व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा आम के वृक्ष लगाकर दिया विश्व वानिकी दिवस का संचेतना। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हर व्यक्ति पौधा लगाकर उसका लालन-पालन अपने पुत्र की तरह करें तभी पेड़ बचेगा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो बीमारियां नहीं होगी यह भी कहा की वर्तमान एवं भावि पीढ़ी पीढ़ी पेड़ के महत्व को समझें। कलेक्ट्रेट परिसर में मिया वाकी पद्धति से कलेक्ट्रेट में वृहद स्तर पर वन संरक्षण का कार्य किया गया है। पेड़ पौधों के संचयन के लिए सिंचाई व रख-रखाव बेहतर ढंग से होना चाहिए ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित हो सके।

वन विभाग की तरफ से कलेक्टेऊ्ट परिसर में जिलाधिकारी विशाल सिंह सहित मौके पर उपस्थित अन्य लोगों ने वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरणीय संतेचना का संदेश दिया तथा उपस्थित लोगों ने ''लाइफ प्रतिज्ञा'' कर पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर सम्भव बदलाव लाने पर बल दिया गया तथा अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत् रूप से प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने विश्व वानिकी दिवस पर स्वच्छ एवं हरित धरती के लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हम सबको उपलब्ध संसाधनों के विनाशकारी उपभोग के स्थान पर विवेकपूर्ण व समझदारी से उपयोग को जन-अभियान व जन-आन्दोलन बनाना है। वास्तव में ''मिशन लाइफ'' जीवनशैली में परिवर्तन कर जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने एवं शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के मूल मंत्र है।

## भदोही में एएसपी रहे डॉ तेजवीर सिंह क़ो पुलिस परिवार के लोगों ने भावुक मन से किया विदा

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक रहे डॉ. तेजवीर सिंह का बुलंद शहर स्थानांतरण हुआ जहां वृहस्पतिवार को विदाई और सम्मान समारोह कार्यक्रम पुलिस लाईन ज्ञानपुर सभागार कक्ष में अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही व अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी तथा जनता जनार्दन द्वारा किया गया। विदाई-सम्मान समारोह में अधिकारियों व कर्मचारियों व जनमानस के द्वारा डॉ0 तेजवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार जताते हुए उनके जीवन के नये पड़ाव के लिए शुभकामना व बधाई दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भदोहीवासियों के स्नेह व विश्वास जताने के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरे सेवा काल में मुझे सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व जनता जनार्दन का भरपूर, सहयोग, स्नेह व प्यार मिला जो मेरे जीवन की अमूल्य पूंजी है। एसपी सहित समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक को बुके व स्मृति चिन्ह भेंटकर जीवन के अगले एसाईनमेंट के लिए उन्हें शुभकामना देते हुए बधाई दिया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में महाकुंभ मेला व जनपद में महत्वपूर्ण पर्वो के आयोजनों के दौरान कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रही जिसका प्रमाण विभिन्न चुनौतीपूर्ण अवसरों पर उक्त कार्यक्रमों का सकुशल सम्पादन रहा जैसे प्रमुख त्यौहारों होली, कांवड़ यात्रा, दशहरा, दीपावली व अन्य में न केवल शांति और सौहार्द रहा बल्कि जन कल्याण की दृष्टि से कई नये अभूतपूर्व आयाम भी स्थापित हुए, जो जनपद में पहले नही हुआ था। आम जनमानस की समस्या के निस्तारण हेतु आपकी कटिबद्धता लीक से हट के थी, जिसका लाभ आम जन मानस को लगातार प्राप्त हुआ है। आपकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे हैं जिससे पूरे जनपद में पुलिस की छवि में भी अत्यन्त सुधार हुआ। अपने अधीनस्थों, जनपद स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम जनमानस के साथ आपका व्यवहार उत्कृष्ट कोटि एवं प्रशंसनीय रहा है। इस सराहनीय कार्य हेतु आप भूरि-भूरि प्रशंसा एवं बधाई के पात्र हैं। फरियादियों की पीड़ा को समझने वाले, कार्य सिधान्त में मधुरता के साथ कठोरता का समिश्रण, कानून व शान्ति व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाने वाले एक लोकप्रिय अधिकारी बताया। इस विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना व शाखा प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन ज्ञानपुर, पीआरओ पुलिस अधीक्षक, वाचक पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## सड़क दुर्घटना में छोटे भाई की मौत बड़ा भाई सामान्य रूप से घायल

**चौरी** थाना क्षेत्र के वाराणसी भदोही मार्ग पर चकिया तिराहा चौरी बाजार के पास शुक्रवार की दोपहर बाइक से भदोही से वाराणसी की तरफ जा रहे दो सगे भाइयों को पीछे से आ रही टेलर ने रोक दिया जिससे छोटे भाई की मौके पर मौत हो गई जबकि बड़ा भाई सामान्य रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस मृतक केशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। बताया जाता है कि वाराणसी जनपद के मिर्जा मुराद थाना क्षेत्र के मोमिनपुर करधना गांव निवासी शहाबुद्दीन 26 अरफात 24 दोनों सगे भाई भदोही के बुखारा पैलेस में काम करते हैं घटना के समय वहीं से अपने घर बाइक से जा रहे थे छोटा भाई बाइक चला रहा था जबकि बाद पीछे बैठा था चकिया तिराहे के पास पहुंचे तो वहां जल निगम की पाइप फटने से काफी पानी सड़क के किनारे जमा था जिसे बचाने के चक्कर में भाई का संतुलित हो गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े जब तक उठते तब तक पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर दोनों भाइयों को रोक दी जिसमें अराफात की मौके पर मौत हो गई ट्रेलर चालक टेलर लेकर भागने में सफल रहा दोनों भाइयों की शादी नहीं हुई थी इनके पिता और मां की पहले ही मौत हो चुकी है घटना के बाद से उनके परिवार में कोहराम मचा है।

# प्रदेश के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद मुख्यालय पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक की -मुख्य विकास अधिकारी

**● जनपद भदोही जीआईसी में 25, 26 और 27 मार्च को आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम**

**कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही** 21 मार्च 2025-जिलाधिकारी विशाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में प्रदेश के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यूपी-भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर जनपद मुख्यालय पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार कक्ष में किया गया। प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद भदोही के नोडल अधिकारी समीर वर्मा सचिव समाज कल्याण को नामित किया गया है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद में 25, 26 और 27 मार्च को जीआईसी ग्राउंड में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसके अन्तर्गत विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, स्टॉल, फूड कोर्ट, रोजगार मेला, आरोग्य मेला, ऋण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम अन्तर्गत सरकार द्वारा किये गये कार्यो व चलायीं जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर रहेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि प्रदर्शनी में जनपद की विगत 8 वर्षो की उपलब्धियों, जनकल्याण की योजनाओं, स्थापित व निर्माणाधीन परियोजनाओं, नई औद्योगिक इकाईयों आदि के अच्छे फोटोग्राफ्स, मॉडल आदि को प्रदर्शित किया जाये। उन्होंने कहा कि स्टाल पर सम्बन्धित विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी की पुस्तिका, पम्पलेट आदि रखा जाये, जिन योजनाओं के आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही गतिमान हैं, उनके बारे में लोगों को जानकारी दी जाये और पात्र लाभार्थियों के वहीं पर फार्म भराने की व्यवस्था भी करायी जाये। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम को अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, सुरक्षित उद्यमी-समृद्ध व्यापार तथा अन्त्योदय से सर्वोदय आदि थीम पर आयोजित किया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम अन्तर्गत लाभार्थियों को टूल किट, ऋण वितरण, चेक आदि का वितरण भी जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाये। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग आवश्यक तैयारी शीघ्र पूरी कर ले और शासन के निर्देशानुसार तीन दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न करायें। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डी आई ओ एस, परियोजना निदेशक, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह व अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समाज के आखिरी इंसान को जोड़ने का कार्य करती है रामचरितमानस-अखिलेश मणि

स्वतंत्र प्रभात

**चील्ह मीरजापुर।** विकासखंड कोन अंतर्गत ग्रामसभा तिलठी में चल रहे धर्म सम्मेलन के विश्राम दिवस में देवरिया से पधारे विख्यात विचारक अखिलेश मणि शाण्डिल्य ने बताया अगर इस कलयुग में रामराज्य की स्थापना करनी है तो रामचरितमानस के बताए पदचिन्हों पर चलना होगा।रामराज्य में सब एक समान है जहाँ राम आखिरी इंसान को भी अपने दिल से लगाते है।आगे कथा में उन्होंने बताया कि रामचरितमानस एक ऐसा ग्रंथ है जिसमे मानव जीवन की समस्याओं का हल है।प्रभु श्रीराम को जब बनवास हुआ तो तो उन्होंने कैसे एक साधारण इंसान की तरह सारे कष्टों को सहा और और एक साधारण इंसान की तरह उसका हल निकाला।इस दौरान जंगल के कई किरदारों को मुक्ति प्रदान की यहां तक कि एक गरीब अबला नारी सबरी के जूठे बेर को प्रेम से खाया और उसका भी उद्धार किया।कथा के आखिरी में रामराज्य की स्थापना करवा कर कथा का समापन किया जिसमें सभी श्रोता झूम उठे।इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रसाद उपाध्याय,राजनाथ चौबे, संयोजक चंदन मिश्रा, आशुतोष उपाध्याय,टोनी दुबे,विक्कू दुबे,गोलू पुजारी,बाबूलाल उपाध्याय, प्रभाकर दुबे, आशू मिश्रा, शुभम मिश्रा, और अन्य भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बच्चों से ना करायें कार्य - ज्ञानेंद्र सिंह

**चुनार मिर्जापुर** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गुरुवार को भरेहटा गांव स्थित उषा ईंट भट्ठा पर शिक्षा का अधिकार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक अदालत के पीएलबी राजेन्द्र कुमार मिश्र ने 4 से 6 वर्ष के बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोडना श्रम अपराध शासन के ओर से बच्चों को निशुल्क शिक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में उपस्थित श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने उपस्थित ईंट भट्ठा पर कार्यरत श्रमिकों को सभी श्रमिक आनलाइन रजिस्ट्रेशन लेबर कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने ने श्रम विभाग में पंजीकरण कराने के उपरांत शिशु हित लाभ पुत्री विवाह सन्त रविदास योजना शिक्षा सहायता योजना मेधावी छात्र पुरस्कार योजना अटल आवासीय योजना सहित बच्चों से मजदूरी न कराए बल्कि उन्हें शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उषा सिंह विधि महाविद्यालय प्रबंधक महेंद्र सिंह सौरभ सिंह विजय कुमार योगेश्वर त्रिपाठी सीडब्ल्यूसी पूर्व सदस्य बसन्त लाल श्रीवास्तव रंजीत सिंह सहित ईंट भट्ठा के सैकड़ों श्रमिक मौजूद रहे।

# वाराणसी में हूं और मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था जिसके कारण खबर दे से भेज रहा हूं कृपया सभी खबरों को वरीयता दें

**● जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मिर्जापुर।** शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय पी जी कॉलेज चुनार मीरजापुर से प्रातः 8.30 बजे महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी एवं राजकीय पी जी कॉलेज चुनार के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ रविन्द्र गौतम एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक जागरूकता साइकिल रैली सकतेशगढ़ के लिए रवाना की गयी, जिसमें स्वयंसेवकों नें विभिन्न सामजिक मुद्दों पर स्लोगन "दहेज़ देना, बंद करो, बंद करो", "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ", "सुरक्षित नारी, जिम्मेदारी हमारी" जैसे नारों द्वारा जनजागरण करते हुए शकतेशगढ़ आश्रम से होते हुए पुनः महाविद्यालय चुनार में आकर समाप्त हुई।

उक्त रैली से पूर्व रात्रि में काशी विद्यापीठ की टीम अपनी यात्रा के द्वितीय दिवस में महाविद्यालय में रुकी, जिसमें एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन काशी विद्यापीठ के स्वयंसेवकों और चुनार के स्वयंसेवकोंके बीच में आयोजित हुई, जिसका विषय नशा मुक्ति एवं दहेज़ प्रथा था। जिसमें चुनार के छात्र विकास साहनी को प्रथम स्थान, अखिलेश यादव को द्वितीय स्थान मिला। उक्त साइकिल रैली चुनार महाविद्यालय से प्राचीन दुर्गा मंदिर होते हुए सकतेशगढ़ पहुंचकर मंदिर में सेवा भाव करके वापस चुन्नी दरी होते हुए लगभग 70 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। रैली में डॉ अम्बुज मिश्रा, डॉ ध्यानेंद्र कुमार, डॉ बालरूप, डॉ आनंद चौधरी सहित साथ में महाविद्यालय के आठ स्वयंसेवकों प्रियांशु, मनीष, विजय, अभय, सतीश, अखिलेश, ब्रजेश आदि एवं विद्यापीठ के 21 स्वयंसेवकों नें भाग लिया।

## भदोही साइकिलिंग क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी को जापान से मिला न्योता, विदेशों में हो रही है सराहना

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही।** भदोही साइकिलिंग क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी के स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की सराहना देश में नहीं बल्कि जापान में भी हो रही है। हिरोशिमा निकोंहॉन कंपनी लिमिटेड के प्रेसिडेंट श्री योशीमिची सवादा व्यापार के सिलसिले में गोपीगंज आए थे। उन्होंने पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता साइकिल यात्रा के लिए भदोही साइकिलिंग क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी को बहुत बहुत धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में प्रत्येक व्यक्ति खुद में व्यस्त है और ऐसे में आप अपने समाज और देश के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं जो बहुत ही कबीले तारीफ है। उन्होंने अताउल अंसारी को जापान में आने के लिए निमंत्रण पत्र भी दिया। बताते चले कि अताउल अंसारी के कार्यो की सराहना भदोही में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हो रहा है। जैसे ही जापान का निमंत्रण मिला अध्यक्ष सहित क्लब के कार्यकर्ताओं में जोश उत्साह देखने को मिला है। अताउल अंसारी से जब पत्रकारों ने बात किया तो उन्होंने कहा कि विदेश से आए निमंत्रण का श्रेय हमारे क्लब के मेंबर व कार्यकर्ताओं की देन है। जो आज भदोही में नहीं बल्कि विदेशों में भी लोग भदोही साइकलिंग क्लब को जान रहे हैं। इससे हमारे देश, प्रदेश, जिले का भी नाम रोशन हो रहा है और आगे उन्होंने कहा कि जल्द ही विदेशों में भी साइकलिंग क्लब के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की जाएगी।

## बैठक सम्पन्न

**चित्रकूट:** भारतीय सिंधु सभा की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। जिसमें सिंधी समाज के आगामी प्रमुख पर्व झूलेलाल जयंती चेती चंद की तैयारियों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए इस बार पर्व को धूमधाम से मनाने पर सहमति जताई गई। इस मौके पर विवेक आसवानी, राजीव लखानी, साधु राम, श्याम लाल, कुक्कू, सुरेश लेखराज, जैकी किशोर, प्रदीप, मनोज, जॉनी भावना, शायना आदि मौजूद रहे।

## छीबों ग्राम प्रधान चयनित



**चित्रकूट:** महाराष्ट्र में होने वाले उन्मुखीकरण कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग ने चित्रकूट जनपद से रामनगर ब्लाक के छीबों ग्राम प्रधान अनिल मिश्रा का चयन किया है। महाराष्ट्र में पांच दिवसीय एक्सप्रोजल विजिट कार्यक्रम होगा। जो 22 से 26 मार्च तक चलेगा। यह 25 सदस्यीय दल महाराष्ट्र राज्य की उत्कृष्ट पंचायतों में भ्रमण करेगा।

## जेआरडीएसयू में हुऐ विभिन्न कार्यक्रम

**चित्रकूट :** जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनके माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया गया। शुक्रवार को आयोजित योग कार्यक्रम में जितेंद्र प्रताप सिंह ने योग के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी। साथ ही जीवन में योग का महत्व बताया। इसी प्रकार शंख चौराहा सीतापुर के पास आयोजित किए गए नशा मुक्ति नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में डॉ रीना पांडेय, भविष्या माथुर, डॉ शांत चतुर्वेदी, ओम प्रकाश के निर्देशन में स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। विश्वविद्यालय में आयोजित बौद्धिक सत्र में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के ग्रामीण विकास प्रबंधन संकाय के डॉ अमरजीत सिंह, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय की सहायक आचार्या डॉ नीतू तिवारी, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय के सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ एस के अर्शिया आदि ने विचार प्रस्तुत किए। इसके अलावा आयुष विभाग द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा कैम्प का भी आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मुकेश पांडेय व डॉ राजेश कुमार ने लोगों का निःशुल्क परीक्षण कर दवाएं दी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई परिनिर्वाण दिवस का हुआ भव्य आयोजन

**● होली मिलन व सम्मान समारोह में समाज सेवा और प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**

स्वतंत्र प्रभात




**चित्रकूट।** कल्याण भारती इंटर कॉलेज कालूपुर कर्वी में आयोजित अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी का परिनिर्वाण दिवस का कार्यक्रम अत्यंत भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम के साथ ही समाजसेवियों व प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा परिषद के वित्त एवं लेखा अधिकारी वेद प्रकाश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास पथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर प्रभाकर सिंह व सभासद शंकर प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

वित्त एवं लेखाधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि अवंती बाई का परिनिर्माण दिवस एक प्रेरणा दिवस है जो हमें राष्ट्र के लिए एक कुछ करने की प्रेरणा देता है। समाज में शिक्षा, सेवा संस्कार के प्रति जागरूकता फैलाने का आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि समाज सेवा ही सच्ची देशभक्ति है। हम सब को अपने-अपने स्तर पर समाज को शसक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए। डॉ प्रभाकर सिंह ने कहा कि अवंती बाई लोधी ने मातृभूमि की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया वह हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है उनके संघर्ष और वीरता ने स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका को मजबूत किया था। आज के युवा उनके जीवन से देशभक्ति साहस और आत्म सम्मान का पाठ सीख सकते हैं। सभासद शंकर प्रसाद यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वीरांगना अवंती बाई ने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी चारों ओर से घिर जाने के बाद उन्होंने आत्मसम्मान के लिए अपने को समाप्त कर दिया था। उनके संघर्ष का संदेश है कि जब भी देश या समाज पर संकट आए हमें साहस के साथ उसका सामना करना चाहिए। इस कार्यक्रम मैं समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया पुलिस एवं शिक्षक पद पर चैनी तीन प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया इसके साथ ही समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए डॉक्टर प्रभाकर सिंह और शंकर प्रसाद यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक परिस्थितियों भी हुई जिनमें छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और नृत्य के माध्यम से माहौल को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। प्रधानाचार्या कल्पना राजपूत व प्रबंधक जागेश्वर प्रसाद राजपूत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और तीन प्रतिभाओं उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित छविनेश राजपूत सत्येंद्र राजपूत व बिहार में शिक्षक पद पर चयनित रामरूप राजपूत को अंग वस्त्र चवनप्राश व अवंती बाई की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में होली मिलन भी हुआ। विद्यालय की छात्रा चेतन रिया पांडेय वंशिका ने सरस्वती वंदना ,स्वागत गीत व अवंती बाई की झांकी प्रस्तुत की और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महारानी अवंती बाई लोधी के अनुयायी सीबी सिंह ईश्वरी प्रसाद राजपूत हजारी प्रसाद राजपूत विजय पाठक अवधेश गणेश राजपूत दिनेश राजपूत देवी दयाल राकेश राजपूत दादू नरेंद्र श्रीकेशन आदि मौजूद रहे ।कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक धीरेंद्र कमलेश बुद्धमान अश्विनी सुहानी सूबेदिता गीता अंकित रोशनी लक्ष्मी देवी सूर्य प्रताप सिंह आदि सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाचार्य कल्पना राजपूत द्वारा किया गया।

# इफको ग्रामीण युवकों को भी देगी साहित्य पुरस्कार : अवस्थी

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो लखनऊ।** इफको के प्रबंध निदशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने कहा है कि ग्रामीण भारत में किसानी संबंधित युवकों को भी साहित्य पुरस्कार देंगी।अभी तक किसानी में लगे साहित्य कारों को ही यह पुरस्कार दिया जाता था। डॉ अवस्थी श्री लाल शुक्ल के जन्म शताब्दी समारोह में धन्यवाद भाषण दे रहे थे।उन्होंने कहा युवकों को खेती में अभिरुचि पैदा करने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप उन्हें भी साहित्यिक पुरस्कार देगी। उन्होंने कहा इफको केवल केमिकल उर्वरक और नैनो उर्वरक ही नहीं पैदा करती बल्कि साहित्य कविता ग्रामीण कला संगीत और साहित्य को भी प्रोत्साहित करती है और उसके लिए योजना बनाती है।उन्होंने शुक्ल के शताब्दी समारोह में सामिल मुख्य अतिथि मनोज सिन्हा सहित सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लालापुर थाना क्षेत्र के मझियारी में यमुना नदी का सीना चीर रहे बालू माफिया

## खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी व पुलिस पर लगे आरोप

स्वतंत्र प्रभात



**बारा (प्रयागराज)।** जिला मुख्यालय प्रयागराज से तकरीबन 40 किलोमीटर दूर स्थित थाना लालापुर के मझियरी गांव में इन दिनों यमुना नदी में बालू माफियाओं ने अपना कारोबार तेजी से अपना लिया है। क्षेत्र में कहां - कहां अवैध बालू का कारोबार हो रहा है इसकी जानकारी खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी व पुलिस महकमें को बखूबी है। लेकिन जानबूझकर खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी व पुलिस विभाग अनजान बनी हुई है। यही कारण है कि बालू के अवैध कारोबारियों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है। सूत्रों की माने तो लालापुर थाना क्षेत्र में मझियारी गांव में यमुना नदी में दिन दहाड़े अवैध बालू खनन का मामला बदस्तूर जारी है। जिसकी जानकारी खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी के साथ - साथ लालापुर पुलिस को भी है। लेकिन इन चिन्हित स्थानों पर कार्रवाई करने से खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी व पुलिस कतरा रही है। यहां तक की बालू के अवैध कारोबार को लेकर खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी व लालापुर पुलिस को बखूबी जानकारी है लेकिन इन अवैध बालू के कारोबारियों पर लगाम कसने में कहीं न कहीं खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी व लालापुर पुलिस की मिलीभगत समझी जा रही है।खनन विभाग के आला अधिकारियों की सख्त कसावट के बाद भी खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी व लालापुर पुलिस की मिली भगत से क्षेत्र में कुछ ऐसे अवैध कारोबार हैं जो दिन दूना रात चौगुना पैर पसार चुके हैं। जो खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी व लालापुर पुलिस के लिए दुधारु गाय साबित हो रहे हैं। लालपुर थाना क्षेत्र के मझियारी गांव में यमुना नदी में खुलेआम बालू की निकासी जारी है। बालू माफिया खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी के लिए मोटी कमाई का जरिया होने के कारण इन पर लगाम लगाना तो दूर मानो खनन विभाग इन कारोबारी के साथ इस तरह से कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है जैसे खनन इंस्पेक्टर व पुलिस विभाग के ही देखरेख में इसतरह के बालू के अवैध कारोबार चलते हो, जबकि उच्च प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिन प्रतिदिन बालू के अवैध कारोबारियों पर शक्ति वरतने की हिदायतें मिलती आ रही हैं लेकिन खनन इंस्पेक्टर है कि उच्च अधिकारियों के आदेशों को ठेंगा दिखाकर अपने क्षेत्र में अवैध कार्यों पर छूट दे रखे हैं।

# कर्नाटक में 48 विधायक हनी ट्रैप में फँसे, राजनीति में एक बार फिर तूफ़ान

स्वतंत्र प्रभात

हनी ट्रैप बम फूटने से कर्नाटक की राजनीति में एक बार फिर तूफ़ान खड़ा हो गया है। इस बार मामला सीधे हनी-ट्रैप से जुड़ा है। सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने गुरुवार को ऐसा बम फोड़ा कि विधानसभा से लेकर सड़क तक हड़कंप मच गया। उनका दावा है कि राज्य के 48 विधायक हनी-ट्रैप यानी प्रेम जाल में फँस चुके हैं, और हैरानी की बात यह कि खुद राजन्ना भी इस साज़िश का शिकार बनते-बनते बचे। यह सनसनीखेज खुलासा तब हुआ जब बीजेपी विधायक बसंगौड़ा पाटिल यत्नाल ने विधानसभा में तंज कसा कि कोई मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए विधायकों को हनी-ट्रैप के जाल में फँसा रहा है। तो क्या कर्नाटक की सत्ता का खेल अब प्यार और धोखे की स्क्रिप्ट पर चल रहा है? राज्य के सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने गुरुवार को सनसनीखेज दावा किया कि राज्य के 48 विधायक हनी-ट्रैपिंग का शिकार हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी खुद की हनी-ट्रैपिंग की कोशिश हुई थी। इस गंभीर आरोप के बाद उन्होंने राज्य पुलिस से मामले की जाँच की मांग की है। यह मामला तब सामने आया जब बीजेपी विधायक बसंगौड़ा पाटिल यत्नाल ने विधानसभा में आरोप लगाया कि कोई मुख्यमंत्री बनने की चाहत में विधायकों को हनी-ट्रैप में फँसाने की साज़िश रच रहा है। मंत्री राजन्ना ने विधानसभा में कहा कि कई लोगों के मुताबिक़ कर्नाटक अब सीडी और पेन ड्राइव का कारखाना बन गया है। विपक्ष ने दावा किया कि दो कारखाने चल रहे हैं। इस पर पलटवार करते हुए मंत्री ने तंज कसा, क्या एक आपके पास और एक हमारे पास है? अगर आप अपने कारखाने के मालिक का नाम बताएंगे, तो हम अपने वाले का खुलासा कर देंगे। उन्होंने इस हनी-ट्रैपिंग ऑपरेशन को चलाने वालों का पता लगाने के लिए विशेष जाँच की मांग की। मंत्री ने दावा किया कि 48 विधायकों के पेन ड्राइव मौजूद हैं, जिनमें सत्तारूढ़ दल के साथ-साथ विपक्षी दलों के सदस्य भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, यह समस्या सिर्फ़ राज्य के नेताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय दलों के नेता भी इसके शिकार हैं। यह एक गंभीर ख़तरा है। राजन्ना ने गृह मंत्री जी परमेश्वर से जल्द ही शिकायत दर्ज करने और कार्रवाई की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास खुद को हनी-ट्रैप करने की कोशिश के सबूत हैं। विधानसभा में मौजूद गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इन आरोपों पर गंभीरता दिखाई। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में उच्च स्तरीय जांच का आदेश देगी। यह बयान बीजेपी विधायक वी सुनील कुमार की उस मांग के एक दिन बाद आया, जिसमें उन्होंने अफवाहों की जांच की मांग की थी कि राज्य के मंत्री सहित कुछ नेता हनी-ट्रैप के शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा था कि इस तरह के कृत्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के पद की गरिमा को ठेस पहुँचाते हैं। सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने इन कथित कृत्यों की निंदा की। और शहरी विकास मंत्री ब्यराती सुरेश ने इन अपराधों के ख़िलाफ़ सख़्त कार्रवाई की मांग की। हनी-ट्रैप के ये आरोप ऐसे समय में सामने आए हैं जब कांग्रेस के दो गुटों के बीच सत्ता की खींचतान चल रही है। द इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के के हवाले से रिपोर्ट दी है कि हाल ही में दिल्ली गए राजन्ना ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से इस घटना की शिकायत की थी। चर्चा है कि राजन्ना और उनके बेटे को हनी-ट्रैप में फंसाने की कोशिश की गई थी। यह मामला कांग्रेस के अंदरूनी संघर्ष को और उजागर करता है यह घटना कर्नाटक की राजनीति में एक नया विवाद लेकर आई है। हनी-ट्रैपिंग जैसे हथकंडे न केवल व्यक्तिगत छवि को नुक़सान पहुंचाते हैं, बल्कि लोकतंत्र की गरिमा पर भी सवाल उठाते हैं। दोनों पक्षों के नेताओं के शामिल होने का दावा इस समस्या की गहराई को दिखाता है। अगर जांच में इन आरोपों की पुष्टि होती है, तो यह राज्य की राजनीति में भूचाल ला सकता है। साथ ही, यह सवाल भी उठता है कि क्या सत्ता हासिल करने के लिए इस तरह के अनैतिक तरीके अब आम हो गए हैं?फिलहाल, सभी की नजरें सरकार की ओर से शुरू होने वाली जांच पर टिकी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या इस हनी-ट्रैप फैक्ट्री के पीछे के चेहरों का खुलासा हो पाता है या यह मामला भी सियासी शोर में दबकर रह जाएगा।

# 15 राज्यों में 40 यूनिवर्सिटी से सेटिंग और छाप डालीं 8000 फर्जी डिग्रियां

स्वतंत्र प्रभात

उप्र एसटीएफ की आगरा यूनिट ने आगरा में फर्जी मार्कशीट और डिग्री ऑन डिमांड खेल का बड़ा खुलासा किया है. यह यूपी की अब तक की फर्जी मार्कशीट और डिग्री की सबसे बड़ी दुकान मानी जा रही है. गिरफ्तार मास्टरमाइंड धनेश मिश्रा से एसटीएफ और शाहगंज थाना पुलिस की पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं. धनेश मिश्रा ने फर्जी मार्कशीट व डिग्री के गोरखधंधे का नेटवर्क 15 राज्यों में फैला रखा था. अब जांच टीम उसके एजेंटों की संख्या की सूची बना रही है. एक मार्कशीट या डिग्री के लिए एजेंटों को मिश्रा पांच हजार रुपये तक का कमीशन देता था. अलग-अलग राज्यों की करीब 40 निजी यूनिवर्सिटी के बाबुओं और एजेंसियों से उनकी सांठगांठ थी. इनके जरिए ही ऑन डिमांड ही मार्कशीट और डिग्री सारा खेल चल रहा था. मार्कशीट या डिग्री कुरियर या ईमेल पर ही आ जाती थी. आगरा एसटीएफ और शाहगंज थाना पुलिस अब गिरफ्त में आए धनेश मिश्रा से पूछताछ करके यूनिवर्सिटी के बाबुओं, एजेंट, मार्कशीट और डिग्री लेने वालों की सूची बना रही है. एसटीएफ की आगरा यूनिट ने मूलत कासगंज निवासी धनेश मिश्रा को गिरफ्तार किया है. धनेश मिश्रा एलएलबी पास है. अभियुक्त धनेश मिश्रा अधिवक्ता बनना चाहता था मगर, उसने खुद का काम शुरू करने के लिए नोट पैड एजुकेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाई. इसके जरिए ओपन यूनिवर्सिटीज के लिए नामांकन कराने लगा. आगरा एसटीएफ यूनिट के प्रभारी निरीक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि धीरे धीरे धनेश मिश्रा का लोगों से संपर्क बढता चला गया. उसने फर्जी मार्कशीट और डिग्री बनाने का काम शुरू कर दिया. एसटीएफ के प्रभारी निरीक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि अभियुक्त धनेश मिश्रा ने 12 हजार रुपये महीने पर अर्जुन नगर में तीन मंजिला मकान लिया. इसके भूतल पर स्थित दो कमरों में फर्जी मार्कशीट और डिग्री की दुकान संचालित होती थी. फर्जी मार्कशीट और डिग्री के कार्यालय में तीन से चार युवतियां पांच से छह हजार रुपये मासिक की नौकरी पर रखीं. यहां से सुभारती यूनिवर्सिटी, मंगलायतन यूनिवर्सिटी, सिक्किम ओपन बोर्ड और सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कराने की आड़ में फर्जी डिग्री और मार्कशीट का खेल चला रहा था. नौकरी पर रखी युवतियां ही छात्रों से बात करती थीं. प्रवेश लेने वालों को परीक्षा में भी सुविधा दिलाने का वादा करके अतिरिक्त रकम लेकर कार्यालय की युवतियों से कॉपियां लिखवाता था. इसके बाद इन कॉपियों को संबंधित विश्वविद्यालय में भेजता था. ऐसी कॉपियां भी मिली हैं. युवतियों ने भी इस बारे में जानकारी दी है. 40 से अधिक बाबुओं से सेंटिंग, 15 राज्यों में नेटवर्क~ एसटीएफ के प्रभारी निरीक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि अभियुक्त धनेश मिश्रा से पूछताछ और उसके कार्यालय से मिले दस्तावेज, डायरी, लेपटॉप और मोबाइल से उसके 15 राज्य में फैले नेटवर्क के सबूत मिले हैं. फर्जी मार्कशीट और डिग्री के नेटवर्क में एजेंट शामिल हैं. जिन्हें हर फर्जी मार्कशीट और डिग्री के लिए पांच हजार और इससे अधिक रुपये तक दिए जाने का अभियुक्त धनेश मिश्रा ने खुलासा किया है. अभियुक्त धनेश मिश्रा ने खुलासा किया है कि ऑन डिमांड डिग्री या मार्कशीट की ऑर्डर आने पर सबसे पहले दिल्ली, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में स्थित निजी विश्वविद्यालयों के 40 से अधिक बाबुओं से बात करके उन्हें फर्जी मार्कशीट और डिग्री की डिमांड देता था. निजी यूनिवर्सिटी के बाबुओं से सेटिंग करके ही फर्जी मार्कशीट और डिग्री भेजता था. गैंग की सूची बना रही एसटीएफ और पुलिस~ फर्जी मार्कशीट और डिग्री बनाने वाले अभियुक्त धनेश मिश्रा से पूछताछ, उसके मोबाइल से मिले ईमेल, मोबाइल से मिले नंबर, दस्तावेज के आधार पर पूरे नेटवर्क की कुंडली बनाई जा रही है. एसटीएफ और शाहगंज पुलिस अब अभियुक्त की सेटिंग वाले निजी यूनिवर्सिटी के बाबुओं, यूनिवर्सिटी के कर्मचारी के साथ ही एजेंट की सूची बना रही है. इस सूची 300 लोग भी शामिल हैं. जिनकी फर्जी मार्कशीट और डिग्री से अलग अलग राज्यों में अलग अलग विभाग में नौकरी पाई है. इनके बारे में अभियुक्त धनेश मिश्रा ने भी जानकारी दी है. आगरा एसटीएफ यूनिट के प्रभारी निरीक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि अभियुक्त धनेश मिश्रा के पास ऐसे युवा आते थे. जो किसी कारणवश पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते थे. जिन्हें अच्छी नौकरी पाने के लिए बिना परीक्षा दिए मार्कशीट चाहिए होती थी. उसने अपने नेटवर्क में शामिल ऐसे ही एजेंट के नाम बताए हैं. जो अक्सर करके प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए फर्जी मार्कशीट और डिग्री बनाने का काम लेकर आते थे. क्योंकि, प्राइवेट नौकरी में मार्कशीट या डिग्री का सत्यापन नहीं कराया जाता है. इसकी वजह से उसका फर्जीवाडा पकड में नहीं आ रहा था. आठ हजार से अधिक डिग्रियां बेचीः एसटीएफ की पूछताछ और मिले दस्तावेजों से एसटीएफ और शाहगंज थाना पुलिस का अनुमान है कि आरोपी अब तक हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, ग्रेजुएशन, एमबीए, एमसीए, डी फार्मा, बी डिप्लोमा समेत अन्य डिप्लोमा और डिग्री कोर्स की डिग्री बनाकर बेच चुका है. अब तक आठ हजार से अधिक फर्जी अंकपत्र, प्रमाणपत्र बेच चुका है. एसटीएफ निरीक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि जनवरी 2024 में ताजगंज क्षेत्र से फर्जी मार्कशीट बेचने वाले गैंग को दबोचा था. उस गैंग में अभियुक्त धनेश मिश्रा भी शामिल था मगर, वो बच गया था. जब साथी जेल गए तो धनेश मिश्रा ने अपना अलग काम शुरू कर दिया था.

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किशोरी की मौत, बहन झुलसी!

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** हंडिया थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बरौत क्षेत्र के विरापुर कसौधन मे दो सगी बहनें खेत में काम करने गई थी तभी आकाशय बिजली गिरने से एक की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो मौके पर पहुंचकर इलाज के लिए बरौत कस्बा के एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।वही मौत की सूचना पर परिजनों ने कोहराम मच गय। मिली जानकारी के अनुसार हंडिया थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बरौत क्षेत्र के बीरापुर कसौधन गांव में गुरुवार सुबह 10~00 के आसपास घर के पास खेत में काम करने गई प्रीति यादव उम्र लगभग 19 वर्ष व दूसरी बहन नीलम यादव पुत्री शिव शंकर यादव उम्र लगभग 27 वर्ष, खेत में काम कर ही रही थी कि इसी बीच तेज गड़गड़ाहट की आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिर गई जिससे दोनो घायल हो गई।जहां घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो मौके पर पहुंचकर घायल पड़ी दोनों बहनों को बरौत कस्बा के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां प्रीति यादव को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दी। वहीं मौत की सूचना पर मृतिका के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की जानकारी ग्राम प्रधान सुरेश यादव ने हल्का लेखपाल संदीप यादव को दिया जहां लेखपाल पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया।

# प्रयागराज में नाबालिग बेटे ने पैसा न देने पर पिता को उतारा मौत के घाट!

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** बेटे ने पिता की हत्या कर दी। विवाद के दौरान उसने सीलिंग फैन के हैंगिंग रॉड से वृद्ध पिता के सिर पर वार कर दिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। किशोर घर से भागकर चौराहे पर पहुंचा और वहां पर पीकेट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को घटना की जानकारी दी तो वह दंग रह गए। पुलिस ने किशोर को हिरासत में ले लिया है। बेटी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कौंधियारा क्षेत्र के सेहरा गांव के रहने वाले भारत लाल पटेल खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनकी चार बेटियां और एक बेटा है। दो बेटियों की शादी हो गई है, जबकि दो बेटियां और बेटा घर पर ही रहते हैं। इकलौता बेटा 16 साल का है और वह शराब का आदी हो चुका है। बृहस्पतिवार को रात करीब ग्यारह बजे बेटा घर पहुंचा और पिता भरत लाल से पैसे मांगने लगा। पैसा देने से मना करने पर पिता-पुत्र में विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान घर में रखे सीलिंग फैन लटकाने के रॉड से बेटे ने पिता के सिर पर हमला कर दिया। इससे भारत लाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद घबराकर आरोपी बेटा सड़क की तरफ भाग गया। चौराहे पर उसने पीकेट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से बताया कि उसने अपने पिता की हत्या कर दी है। यह सुनकर पुलिसकर्मी दंग रह गए। पहले उनको विश्वास नहीं हुआ और सोचा कि यह शराब के नशे में बोल रहा है। इसके बाद जब आरोपी रोने और चिल्लाने लगा तो पुलिसकर्मी उसको लेकर घर पहुंचे तो वृद्ध का शव पड़ा था। पुलिस को देखकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पड़ोस में गई दोनों बेटियां भी पहुंच गई। पुत्री नीतू पटेल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ पिता की हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों के मुताबिक 13 मई 2024 को भारत लाल ने दूसरी बेटी की शादी के लिए जमीन बेची थी। शादी करने के बाद कुछ पैसा बचा था। उसी पैसे को लेकर आए दिन पिता-पुत्र में विवाद होता था।

# विकसित कौशाम्बी अभियान के तहत अधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित




स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में नीति आयोग के आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहें विकसित कौशाम्बी अभियान में ÷हम सबका सपना, विकसित कौशाम्बी अपना÷ के तहत समस्त जिलास्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के सम्बन्ध में उदयन सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए विकसित कौशाम्बी अभियान के इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि हम लोग यह उद्देश्य बनाकर कार्य करें, जिससे जनपद में मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर शून्य हो। गर्भवती व धात्री महिलाओं के समुचित पोषण व कुपोषित बच्चों के पोषण आदि पर कार्य करते हुए चिन्हित क्षेत्रों में अधिकमतम सकारात्मक परिवर्तन लाना हैं। आप सभी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करके पूरे ग्राम स्तर पर आशा, ऑगनबाड़ी एवं अन्य ग्राम स्तरीय अधिकारियों के साथ टीम बिल्डिंग बनाकर सकारात्मक उर्जा के साथ कार्य करें। कार्यशाला में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत, ज़िलाधिकारी के निर्देशन में प्रशिक्षण सत्र में मुख्य रूप से लैंगिक समानता और कार्य, स्वास्थ्य एवं पोषण संकेतक तथा विकसित कौशांबी अभियान के लिए अभिसरण मॉडल के महत्व जैसे-विषयों पर सीबीएससी टीम से श्रेया, शिवी उपाध्याय एवं ज्योतिका द्वारा महिलाओं के स्तनपान, आयरन एवं फोलिक एसिड के नियमित सेवन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आकांक्षी विकास कौशाम्बी/मंझनपुर के सभी एसीएमओ, एमओवाईसी, बीसीपीएम एवं सीएचओ द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अन्तर-विभागीय समन्वय को मजबूत करना और सेवा वितरण एवं समुदाय की भागीदारी में सुधार लाने के लिए प्रभावी व्यवहार परिवर्तन रणनीतियों को विकसित करना है। प्रशिक्षण सेंटर फॉर सोशल एंड बिहेवियर चेंज (बैठब्द्ध और माइक्रोसेव कंसल्टिंग संचालित किया गया। इस सत्र में लिंग और कार्य, स्वास्थ्य एवं पोषण संकेतक और विकसित कौशाम्बी अभियान के लिए अभिसरण मॉडल के महत्व जैसे-प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच सहयोग को सुदृढ़ करना और व्यवहार परिवर्तन रणनीतियों को मजबूत बनाकर जिले में सेवा वितरण और सामुदायिक भागीदारी में सुधार लाना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह, समस्त नोडल अधिकारी आकांक्षी विकास खण्ड कौशाम्बी/मंझनपुर, सीबीएससी टीम से श्रेया, शिवि उपाध्याय, ज्योतिका, दीपक एवं सीएम फेलो राजेश कुमार तथा सौम्या अवस्थी उपस्थित रहीं।

# रिद्धि सिद्धि ग्रुप आप इंस्टीट्यूट भरवारी में मनाया गया रंगोत्सव का भव्य होली मिलन समारोह

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एवं निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता द्वारा रिद्धि सिद्धि रिसॉर्ट फेस-1, भरवारी में रंगोत्सव नामक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह नगरवासियों और जिले भर के जनप्रतिनिधियों के लिए आपसी सौहार्द और आनन्द का अवसर बन गया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर पारंपरिक होली उत्सव की झलक दिखी, जहाँ रंगों के साथ-साथ मिठास भी घुली रही। आयोजकों ने मेहमानों के स्वागत के लिए विशेष व्यंजनों की व्यवस्था की थी, जिसमें गुजिया, ठण्डाई और अन्य पारंपरिक पकवानों का स्वाद सबको खूब भाया। लोगों ने आपसी भाईचारे और प्रेम के इस पर्व का भरपूर आनन्द लिया और एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं। समारोह की सबसे खास बात रही सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, जहाँ प्रोफेशनल संगीतकारों और डांसर्स ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सबका मन मोह लिया। लोकगीतों, बॉलीवुड धुनों और होली के पारंपरिक गीतों पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच हर कोई उत्साह से झूमता नजर आया। इस आयोजन ने होली के पारंपरिक उल्लास को आधुनिक रंग में रंगते हुए नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि ÷रंगोत्सव÷ सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि भरवारी के लिए होली उत्सव की एक नई परम्परा बन चुका है। लोगों ने इसे सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक बताया और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की अपेक्षा जताई। नि विधायक संजय कुमार गुप्ता ने सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए कहा कि होली न केवल रंगों का त्योहार है, बल्कि आपसी प्रेम और सौहार्द का भी प्रतीक है। उनका उद्देश्य समाज में खुशियाँ फैलाना और सभी को एक साथ जोड़ना है। इस आयोजन ने न केवल नगरवासियों को एक मंच पर लाकर आपसी सम्बन्धों को और मजबूत किया, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता की मिसाल भी पेश की। ÷रंगोत्सव÷ की गूंज अब सिर्फ भरवारी तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि यह पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ऑल इंडिया फाउण्डेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर हलवासिया, कौशाम्बी जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, नि विधायक मंझनपुर लाल बहादुर नि विधायक, सिराथू शीतला प्रसाद पटेल, नगर अध्यक्ष सिराथू भोला यादव, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण केसरवानी, जाया पाल, सपना गुप्ता, प्रतिभा कुशवाहा, कैलास चन्द्र केसरवानी, गंगा प्रसाद काले, अध्यक्ष सराय अकिल अनूप सिंह पार्षद सूरज यादव सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि व सम्मनित लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## बीआरसी खपरियावां में कटकमदाग प्रखंड के 44 स्कूलों को मिला टैब, शिक्षकों में खुशी

**हजारीबाग, झारखंड।** कटकमदाग प्रखंड के 44 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों को एसर कंपनी के टैबलेट का वितरण बीआरसी खपरियावां में किया गया। यह वितरण बीपीओ पंकज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



इन टैबलेट में शिक्षा विभाग से जुड़े जे गुरुजी ऐप, दीक्षा ऐप, निष्ठा ऐप सहित कई महत्वपूर्ण ऐप्स पहले से इंस्टॉल किए गए हैं। इनका उपयोग शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने, शैक्षणिक सामग्री तक पहुंचने और विद्यालय प्रशासनिक कार्यों के लिए करेंगे।टैबलेट मिलने से शिक्षकों में उत्साह देखा गया, क्योंकि अब तक वे अपने निजी मोबाइल से स्कूल संबंधी कार्य करते थे। टैबलेट से छात्रों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सुधार होगा। साथ ही, बाल गीत, कहानियों और अन्य डिजिटल सामग्री के जरिए शिक्षण को और रोचक बनाया जा सकेगा।टैब वितरण कार्यक्रम में सहयोग के लिए बीपीएम गौतम कुमार सेन, बीआरपी नाज परवीन, कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष कुमार, सुनील कुमार, मोनिशा कुमारी और रवि कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मो. जहांगीर अंसारी, अजाप्ता जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार, शिव शंकर पाठक, मनोज काशी, एहतेशाम अरशद, मो. मोजाहिर, एहसान मंजर, बिंदु लता, आबदा खातून सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक भी मौजूद थे।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की पलामू जिला कमिटी की बैठक सम्पन्न

**डालटनगंज, झारखंड।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की पलामू जिला कमिटी की बैठक आज शाहपुर चलानी किला में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय अध्यक्ष बाल किशुन उरांव ने कहा कि 24 मार्च को विधानसभा घेराव के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। इस घेराव में पलामू



प्रमंडल से बड़ी संख्या में आंदोलनकारी रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह घेराव झारखंड आंदोलनकारियों की मांगों को लेकर किया जा रहा है, जिससे सरकार का ध्यान उनकी समस्याओं की ओर आकर्षित किया जा सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 23 मार्च को शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर मेदिनीनगर के भगत सिंह चौक पर सुबह 11 बजे भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा ने की और संचालन महासचिव धर्मेंद्र चंद्रवंशी ने किया। इस दौरान शंखनाथ सिंह, प्रदीप सिन्हा, नरेश यादव, बिलंगना किंडो, राम सिंह, मुंद्रीका सिंह, सलोनी टोपनो, शांति देवी, चंद्रधन मेहता समेत सभी प्रखंडों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान का निरीक्षण, 27 मार्च के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

**रांची, झारखंड–** आगामी 27 मार्च 2025 को राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान, पुराना विधानसभा, रांची में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे, रविंद्र सिंह, सतीश पॉल मुंजिनी, गजेंद्र सिंह और मेहुल दूबे ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस विशेष कार्यक्रम में प्रभारी के. राजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:30 बजे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ होगी। इसके बाद, सुबह 9:40 बजे वरिष्ठ नागरिकों और पूर्व एनएसयूआई नेताओं के साथ संवाद का सत्र आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 10:00 बजे शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 100 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके उपरांत, 10:15 बजे पासवा स्वयंसेवकों के साथ चर्चा होगी। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। केशव महतो कमलेश ने आयोजन समिति के संयोजक आलोक कुमार दूबे को निर्देश दिया कि सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए, ताकि यह कार्यक्रम भव्य और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

# तिलैया जलाशय से विस्थापितों को अब तक नहीं मिला जमाबंदी पर्चा, विधायक मनोज कुमार यादव ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड।** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा में तिलैया जलाशय से विस्थापित परिवारों की समस्याओं को लेकर तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, जमाबंदी पर्चा न मिलने और सरकारी योजनाओं से वंचित रहने को लेकर कई अहम सवाल उठाए। विधायक मनोज यादव ने सरकार से सवाल किया कि क्या यह सही है कि 1951-52 में तिलैया जलाशय निर्माण के दौरान हजारीबाग जिले के बरही अंचल के नाथुवामारन चचरो, पडीरमा, माधोपुर गांव के लोगों को विस्थापित कर कोलंगा, बसरिया (पंचमाधव), लचुडीह, गाजो, हरला में पुनर्वासित किया गया, लेकिन अब तक उन्हें जमाबंदी पर्चा नहीं मिला है? इसके अलावा विधायक श्री यादव सवाल किया है कि क्या यह सही है कि 2016 में जारी विभागीय संकल्प संख्या-820 के तहत भू-अर्जन से प्रभावित विस्थापित परिवारों को पुनर्वास स्थल और आवंटित भूमि का स्वामित्व देने का




निर्देश दिया गया था? क्या यह सही है कि विस्थापित परिवारों को जमाबंदी पर्चा नहीं मिलने से वे सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। जिसके जवाब में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार मंत्री ने स्वीकार किया कि दामोदर घाटी निगम से विस्थापित कुल 38 रैयतों को शुद्धि पत्र जारी किया गया है। इसमें मौजा-बसरिया में 0.56 एकड़ भूमि के लिए 4 शुद्धि पत्र और मौजा-कोलंगा में 40.5852 एकड़ भूमि के लिए 34 शुद्धि पत्र जारी किए गए हैं। हालांकि, अधिकांश प्लॉट वन भूमि के रूप में अधिसूचित होने के कारण जमाबंदी प्रक्रिया में कठिनाई आ रही है। मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि 2016 के संकल्प के अनुसार विस्थापित परिवारों को आवंटित भूमि का स्वामित्व मिलना चाहिए, लेकिन हजारीबाग जिले के बरही अंचल के बरसोत थाना संख्या-139, खाता संख्या-187 और चुन्दिया गजुवा थाना संख्या-134, खाता संख्या-88 में स्थित 400 एकड़ भूमि वन भूमि घोषित है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि वन विभाग से अनुमति लंबित है। उन्होंने बताया कि हजारीबाग के उपायुक्त ने 12 सितंबर 2024 को पत्रांक-2185/रा0 के तहत वन प्रमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी वन प्रमंडल, हजारीबाग को विस्थापित परिवारों को मालिकाना हक देने हेतु 400 एकड़ भूमि को डी-नोटिफाई करने का प्रस्ताव भेजा है। वन विभाग द्वारा इस पर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। सरकार ने स्पष्ट किया कि तिलैया डैम से विस्थापित परिवारों को मालिकाना हक तभी मिल सकेगा, जब भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 के तहत पूर्वानुमति प्राप्त होगी। इस सम्बंध में विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि विस्थापितों को लेकर वह लगातार आवाज उठाते रहे है, इससे पहले भी उनके द्वारा इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए सरकार तक मामले को पहुंचाया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विस्थापितों को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता रही है।

# पबसंत यादव बने हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने दी बधाई



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड।** शुक्रवार को संपन्न हुए हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के चुनाव में बसंत यादव ने शानदार जीत हासिल की। उन्होंने 116 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। उनकी इस सफलता पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह जी ने उन्हें बधाई दी और महासमिति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुन्ना जी ने कहा कि बसंत यादव की यह जीत महासमिति के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनके नेतृत्व में समिति और अधिक प्रभावशाली तरीके से कार्य करेगी तथा हजारीबाग में रामनवमी उत्सव को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मुझे विश्वास है कि वह सभी वर्गों को साथ लेकर महासमिति को और मजबूत करेंगे तथा सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देंगे। गौरतलब है कि इस चुनाव में कुल 240 मत डाले गए थे। बसंत यादव ने 116 वोट प्राप्त किए, जबकि विशाल बाल्मीकि को 61, दिलीप गोप को 30 और मीत यादव को 15 मत मिले। इस निर्णायक जीत के साथ बसंत यादव महासमिति के नए अध्यक्ष बने।

# गैर संचारी रोगों से बचाव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया जोर




स्वतंत्र प्रभात

**रांची, झारखंड।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बदलती जीवनशैली, खानपान और पर्यावरणीय कारणों से गैर संचारी बीमारियां (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) तेजी से बढ़ रही हैं। इनमें डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी बीमारियां शामिल हैं, जो हर घर में देखने को मिल रही हैं। यदि हम सतर्क नहीं हुए, तो यह हमारे जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। मुख्यमंत्री झारखंड विधानसभा में यूनिसेफ द्वारा आयोजित राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिजीज थ्रू हेल्दी डाइट्स कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित शारीरिक गतिविधियों को अपनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर और हृदय रोग जैसी बीमारियों से बचने के लिए हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने खानपान में संतुलित आहार नहीं अपनाते और शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान नहीं देते, तो आगे चलकर इलाज में भारी खर्च उठाना पड़ सकता है, फिर भी पूर्ण स्वस्थ होने की गारंटी नहीं रहती। उन्होंने लोकल इंडिजिनस फूड्स (मिलेट्स) को अपनाने और जंक फूड्स से बचने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में तेजी से फैलती बीमारियों का समुचित इलाज करने के लिए हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाना जरूरी है। इससे यह पता चलेगा कि कौन-सी बीमारियां किस क्षेत्र में ज्यादा प्रभावी हैं और उसके अनुसार स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को सही समय पर इलाज मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग बीमारियों का प्रभाव है। जैसे सिमडेगा में सिकल सेल और एनीमिया आम हैं। साहिबगंज और संथाल क्षेत्र में कालाजार का असर अधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार बीमारियों के क्षेत्रीय प्रभाव को चिन्हित कर उसके अनुसार चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री ने बच्चों के बढ़ते जंक फूड्स के सेवन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जंक फूड्स बच्चों को धीरे-धीरे बीमार बना रहे हैं और आगे चलकर गंभीर रोगों का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हमें अपने भोजन में मिलेट्स जैसी पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर चीजें शामिल करनी होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बच्चों में जन्म से ही कुछ बीमारियां पाई जाती हैं। यदि इनका समय पर इलाज नहीं किया गया, तो उनकी स्थिति गंभीर हो सकती है। इसलिए, नवजात शिशुओं की समय पर जांच और इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र महतो, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन, यूनिसेफ की आस्था अलंग एवं डॉ. कनीनिका मित्रा समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# सामाजिक कार्यकर्ता शम्पा बाला मद्धेशिया ने ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के बीच मनाया अपना जन्मदिन, दिया सेवा और सम्मान का संदेश

## बुजुर्गों के आशीर्वाद और मुस्कान ने मेरे इस दिन को सच में खास बना दिया - शम्पा बाला मद्धेशिया

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड।** समाज में बुजुर्गों के प्रति प्रेम और सम्मान की मिसाल पेश करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता शम्पा बाला मद्धेशिया ने अपना जन्मदिन अनूठे तरीके से ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने न केवल बुजुर्गों के साथ समय बिताया बल्कि उनके सुख-दुख में सहभागी बनकर उनकी खुशी को दोगुना कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन से हुई, जिसमें सभी बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आध्यात्मिक माहौल ने समूचे आयोजन को और भी पवित्र और भावनात्मक बना दिया। जिसके पश्चात शम्पा बाला मद्धेशिया ने केक काटकर बुजुर्गों को अपने हाथों से खिलाया, जिससे सभी के चेहरों पर मुस्कान आ गई। यह दृश्य न केवल भावुक करने वाला था, बल्कि सामाजिक मूल्यों को भी दर्शाता था। इसके बाद बुजुर्गों के बीच



नाश्ते का वितरण किया गया। हर एक बुजुर्ग ने उनके इस प्रयास की सराहना की और उन्हें ढेरों आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी विवेक तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा की आज के समय में बुजुर्गों को परिवार का प्यार और सम्मान देने की जरूरत है। शम्पा ने जिस तरह अपना जन्मदिन यहां मनाया, वह प्रेरणादायक है। इसके अलावा, शम्पा बाला मद्धेशिया के परिवारजन भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को और भी आत्मीय बना दिया। उनकी उपस्थिति से बुजुर्गों को पारिवारिक माहौल का अनुभव हुआ, जिससे उनकी खुशी दोगुनी हो गई। शम्पा बाला मद्धेशिया ने कहा की मेरे लिए इससे बेहतर जन्मदिन का कोई और तरीका नहीं हो सकता था। इन बुजुर्गों के साथ समय बिताकर मुझे असीम शांति और खुशी मिली। समाज के हर व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने जीवन में कभी न कभी बुजुर्गों के प्रति सेवा और सम्मान का भाव व्यक्त करे। बुजुर्गों को एक नई ऊर्जा और अपनापन का अहसास कराया गया, उनकी आँखों में खुशी की चमक और चेहरे पर मुस्कान देखकर यह साफ जाहिर हुआ कि जन्मदिन उनके लिए भी किसी उत्सव से कम नहीं था। मौके पर शम्पा बाला मद्धेशिया की माता जी पुष्पा देवी, भाई अनिष्क राज और वंश राज, चाची अनीता देवी और मित्र अमन गुप्ता उपस्थित थे।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रामनवमी जुलूस में डीजे पर रोक के मुद्दे पर सदन में उठाए सवाल

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड।** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी महापर्व और भव्य शोभायात्रा को लेकर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में जोरदार आवाज उठाई। उन्होंने रामनवमी जुलूस में डीजे बजाने पर लगाई जा रही प्रशासनिक पाबंदी का विरोध करते हुए इसे आस्था और परंपरा पर प्रहार बताया। विधायक ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी एक अंतरराष्ट्रीय पर्व है, जिसे देखने देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान करीब 4 लाख से अधिक राम भक्त सड़कों पर निकलते हैं, लेकिन प्रशासन हर वर्ष डीजे बजाने की अनुमति देने में आनाकानी करता है, जिससे श्रद्धालुओं में




असंतोष रहता है। सदर विधायक ने सवाल उठाया कि झारखंड में अन्य धार्मिक पर्वों जैसे सरहुल, कर्मा पूजा में डीजे बजाने की छूट दी जाती है, तो फिर रामनवमी के दौरान ही इस पर रोक क्यों लगाई जाती है? उन्होंने कहा कि यह भेदभाव पूर्ण नीति धार्मिक भावनाओं को आहत करती है और इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। विधायक ने सदन के माध्यम से मांग की कि हजारीबाग की रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया जाए और इसे कार्निवल के रूप में मनाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति भव्य झांकियां निकाली जाएं और डीजे बजाने की छूट मिले, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था और उल्लास में कोई कमी न आए। सदर विधायक ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी का 100 वर्षों से भी अधिक पुराना गौरवशाली इतिहास है। इसे भव्य रूप से मनाने की परंपरा को बनाए रखना आवश्यक है, ताकि यह पर्व अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को बरकरार रख सके। उन्होंने सरकार से मांग की हजारीबाग की रामनवमी को अंतरराष्ट्रीय पहचान देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं साथ शोभायात्रा के दौरान डीजे बजाने की अनुमति दी जाए।

# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य आरोग्य दूत एवं साथिया पीयर एजुकेटर सम्मान समारोह आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

साहेबगंज, झारखंड। सिद्धो कान्हो सभागार में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय स्वास्थ्य आरोग्य दूत एवं साथिया पीयर एजुकेटर का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त हेमंत सती ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उपायुक्त ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला और किशोर-किशोरियों के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में साथिया पीयर एजुकेटर्स की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम किशोर स्वास्थ्य को लेकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम




है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित साथिया पीयर एजुकेटर्स से उनके अनुभव साझा करने को कहा और उनके द्वारा समुदाय में किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति और यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्कृष्ट स्वास्थ्य आरोग्य दूतों और साथिया पीयर एजुकेटर्स को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति के अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी, विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किशोर-किशोरियां इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने सभी से अपील की कि वे राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के उद्देश्यों को सफल बनाने में अपना योगदान दें और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रयासरत रहें। मौके पर सिविल सर्जन डॉ0 प्रवीण कुमार संथालीया, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला प्रजनन प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ0 किरण माला, डीपीएम हीना गौरव बर्नवाल आदि उपस्थित थे।

# ओम आरोहणम् संस्थान द्वारा कटकमदाग प्रखण्ड कार्यलय में दिव्यांगजनों से विशेष संवाद हेतु कार्यशाला का हुआ आयोजन




स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड।** कटकमदाग प्रखण्ड कार्यलय में ओम आरोहणम् संस्थान द्वारा शुक्रवार को दिव्यांग से संवाद हेतु विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने दिव्यांग जनों से विस्तृत संवाद की। कार्यशाला के माध्यम से केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जागरूक किया। हर योजनाओं से दिव्यांगजनों को लाभ दिलाने एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्थान हमेशा कार्य करने का भरोसा दिया। साथ ही हर दिव्यागजनो की जन जरूरतों पर हरसंभव सहयोग एवं हमेशा खड़े रहने का भरोसा दी। इस दौरान बडी संख्या में दिव्यांग उपस्थित रहे। कार्यशाला से प्रभावित होकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार योजनाओं से जागरूक होकर दिव्यांगजनों ने आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया। 200-250 उपस्थित दिव्यांग में मात्र 20-23 का ही दिव्यांग प्रमाण पत्र बना हुआ था। प्रमाण पत्र नहीं रहने के कारण सरकारी योजनाओं के लाभ से दिव्यांगजन वंचित रह जायेंगे। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की सभी से आग्रह की। सरकारी योजनाओं में सहुलियत को भी अवगत करवाया। ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के इस नेक पहल एवं संवाद पर दिव्यांगजनों ने उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं कटकमदाग प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शिव बालक प्रसाद से औपचारिक मुलाकात की। विकास योजनाओं की जानकारी ली एवं दिव्यांगजनों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ने पर विशेष बातचीत किया। मौके पर ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने संवाद कार्यक्रम में कार्यशाला में उपस्थित दिव्यांग जनों को संबोधित कर कहा कि दिव्यांग जनों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की हर योजनाओं से जोडना मुख्य उद्देश्य है। दिव्यांग प्रमाण पत्र के माध्यम से सरकार की हर योजनाओं से शत् प्रतिशत लाभ मिलता है। ऐसे बहुत से योजनाएं हैं जो सिर्फ दिव्यांग जनों के लिए सरकार के द्वारा चलाई जा रही है। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाएं सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने।

# लाभुकों का शत प्रतिशत ई-केवाइसी कराने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त व डीडीसी एवं डीएसओ ने छः जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़, झारखंड।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से लाभान्वित लाभुकों (पीला कार्ड एवं गुलाबी कार्ड) का शत-प्रतिशत इ-केवाइसी समय पर पूर्ण कराने के लिए जिले में 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभान्वित लाभुकों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी कराने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभान्वित लाभुकों का शत प्रतिशत आधार सीडिंग सुनिश्चित किये जाने का आदेश जारी किया गया है। जिसमें शहरी सहित सभी प्रखंडों के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को राशन कार्डधारी के घर जाकर शत प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी करने का निर्देश दिया गया है। ये जागरूकता रथ के माध्यम से लाभुकों को ई-केवाईसी कराने के प्रति जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त ने जिले के सभी कार्डधारियों से अपील किया कि आप अपने नजदीकी डीलर के पास जाकर अपना ई-केवाईसी जरुर करायें।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह* ने बताया गया कि सभी लाभुकों का ई-केवाईसी पूर्ण किये जाने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। इसलिए ई-केवाईसी का कार्य समय पर पूर्ण कराने के लिए 21 से 27 मार्च तक जिले मे ई-केवाईसी सप्ताह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जो मजदूर अन्य राज्यों में काम कर रहे हैं, वह वहीं के जन वितरण प्रणाली विक्रेता से सम्पर्क स्थापित कर ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करेंगे।

# किसान आंदोलन- विरोध की राह से भटकाव तक का सफर

## [टकराव से नहीं, संवाद से निकलेगा हल- किसान आंदोलन का संदेश]



लोकतंत्र का असली सौंदर्य उसकी आजादी में छिपा है—वह आजादी जो हर नागरिक को अपनी बात कहने, अपनी असहमति जताने का हक देती है। यह अधिकार ही लोकतंत्र की धड़कन है, जो सत्ता को जनता के प्रति जवाबदेह बनाए रखता है और शासन को निरंकुश होने से रोकता है। लेकिन जब यही विरोध अपनी सीमाएं लांघकर तर्क और समाधान की राह छोड़ देता है, जब वह हठधर्मिता और टकराव का रंग ले लेता है, तो वह न केवल अपने मकसद से भटक जाता है, बल्कि समाज के लिए बोझ बन जाता है। किसान आंदोलन इसका सबसे ज्वलंत और दुखद उदाहरण है। यह आंदोलन, जो कभी किसानों की आवाज बनकर उभरा था, धीरे-धीरे संवाद की संभावनाओं को कुचलता हुआ अड़ियलपन और अव्यवस्था का पर्याय बन गया। इसने न सिर्फ कृषि सुधारों के सवाल को उलझाया, बल्कि देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया और आर्थिक ढांचे को ठप कर दिया। सवाल यह है—यह आंदोलन कहां से शुरू हुआ, और कहां जाकर भटक गया?

किसान आंदोलन की शुरुआत 2020 में तब हुई, जब केंद्र सरकार ने तीन कृषि कानूनों को लागू किया। सरकार का दावा था कि ये कानून किसानों को बिचौलियों की जकड़न से आजादी देंगे, उन्हें खुले बाजार में अपनी उपज बेचने का मौका देंगे, और खेती को आधुनिक बनाकर उनकी आय बढ़ाएंगे। यह एक बड़ा सपना था—कृषि को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक ढालने का सपना। लेकिन किसानों के मन में शंकाएं पनपने लगीं। क्या ये कानून बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए रास्ता बनाएंगे? क्या न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था, जो दशकों से उनकी आर्थिक रीढ़ रही है, खत्म हो जाएगी? ये डर जायज थे, क्योंकि भारत जैसे देश में खेती सिर्फ आजीविका नहीं, संस्कृति और भावनाओं का हिस्सा है। किसानों ने सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद की, और शुरुआत में यह विरोध एक सशक्त लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के रूप में उभरा।

सरकार ने इन शंकाओं को दूर करने की कोशिश की। कई दौर की वार्ता बुलाई गई, कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव रखा गया, और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कमेटी बनाकर बीच का रास्ता निकालने की पहल की। लेकिन आंदोलनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। उनकी जिद थी कि कानून पूरी तरह रद्द हों और एमएसपी को कानूनी गारंटी मिले। यह अड़ियल रुख धीरे-धीरे संवाद की हर गुंजाइश को निगल गया। दिल्ली की सीमाओं पर ट्रैक्टरों की कतारें लगीं, सड़कें महीनों तक जाम रहीं, ट्रकों की लंबी लाइनें ठहर गईं, व्यापार ठप हुआ, और आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। यह आंदोलन अब किसानों की लड़ाई से ज्यादा हठधर्मिता का प्रदर्शन बन चुका था। क्या यह वाकई किसानों के हित में था, या सिर्फ एक ऐसी जिद जो समाधान की बजाय समस्या को और गहरा रही थी?

किसानों की सबसे बड़ी मांग थी कि एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाए। पहली नजर में यह मांग भावनात्मक रूप से मजबूत और जायज लगती है। आखिर कौन किसान नहीं चाहेगा कि उसकी फसल का दाम तय हो, उसकी मेहनत की कीमत सुरक्षित रहे? लेकिन इस मांग का दूसरा पहलू उतना ही जटिल और चुनौतीपूर्ण है। अगर एमएसपी को कानून बना दिया जाए, तो सरकार को हर फसल को तय दाम पर खरीदना होगा—चाहे बाजार में उसकी मांग हो या न हो। इससे सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ेगा, गोदामों में अनाज सड़ेगा, और कृषि बाजार का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाएगा। इतना ही नहीं, इससे किसानों में नवाचार की भावना कम होगी—नई फसलें उगाने, तकनीक अपनाने या बाजार की जरूरतों के हिसाब से बदलने की प्रेरणा खत्म हो जाएगी। सरकार ने इन खतरों को बार-बार सामने रखा, इसे अव्यावहारिक बताया, लेकिन आंदोलनकारियों के कानों पर जूं तक न रेंगी। यह हठ क्या हासिल कर रहा था—किसानों का भला, या सिर्फ एक असंभव सपने की खोज?

इस पूरे प्रकरण में पंजाब सरकार की भूमिका भी कम दिलचस्प नहीं। जब किसान दिल्ली की सीमाओं पर डटे थे, तब सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने खुलकर उनका साथ दिया। उनके नेता धरना स्थलों पर पहुंचे, जोशीले भाषण दिए, और किसानों को ÷क्रांतिकारी÷ करार दिया। यह समर्थन तब तक चला, जब तक आंदोलन से अराजकता नहीं फैली। लेकिन जैसे ही सड़कों पर हिंसा भड़की, कानून-व्यवस्था पर सवाल उठे, और आम लोग परेशान होने लगे, वही सरकार पलटी। आंदोलनकारियों को हटाने का फैसला लिया गया—वह भी तब, जब नुकसान अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुका था। यह क्या था—राजनीतिक अवसरवाद या मजबूरी? सच तो यह है कि पंजाब सरकार ने पहले आग को हवा दी, और फिर उसे बुझाने का नाटक किया। इस दोहरे रवैये ने आंदोलन को और उलझाया, समाधान को और दूर धकेल दिया।

किसान आंदोलन ने एक कड़वी सच्चाई सामने रखी—जब विरोध टकराव का रूप ले लेता है, तो वह अपनी आत्मा खो देता है। लोकतंत्र में असहमति का हक है, लेकिन वह अराजकता की सीमा को पार नहीं करना चाहिए। इस आंदोलन ने सड़कों को जाम किया, अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाई, और समाज में दरारें पैदा कीं। लेकिन क्या यह सब जरूरी था? क्या संवाद से यह रास्ता नहीं निकल सकता था? सरकार को किसानों की असली तकलीफें सुननी होंगी—उनका डर, उनकी अनिश्चितता, उनकी उम्मीदें। इसके लिए उसे नीतियों में पारदर्शिता लानी होगी, भरोसा जीतना होगा। दूसरी ओर, किसानों को भी हठ छोड़ना होगा। यह समझना होगा कि हर मांग का कानूनी जवाब संभव नहीं, और हर जिद हल नहीं लाती। दोनों पक्षों को अपने-अपने किलों से बाहर निकलकर संवाद की मेज पर बैठना होगा। टकराव से सिर्फ नुकसान होता है—चाहे वह किसानों का हो, सरकार का हो, या पूरे देश का।

कृषि सुधार भारत जैसे देश के लिए अनिवार्य हैं। खेती को आधुनिक बनाना, किसानों को सशक्त करना, और अर्थव्यवस्था को गति देना समय की मांग है। लेकिन यह तभी मुमकिन होगा, जब सरकार और किसान मिलकर काम करें। सरकार को चाहिए कि वह किसानों के साथ संवेदनशीलता से पेश आए—उनकी आशंकाओं को दूर करे, उनकी बात सुने, और व्यावहारिक समाधान पेश करे। किसानों को भी चाहिए कि वे अड़ियल रुख छोड़ें और बदलते वक्त के साथ कदम मिलाएं। यह आंदोलन तभी सार्थक होगा, जब हठधर्मिता की जगह संवाद ले, और टकराव की जगह सहयोग ले। किसान आंदोलन हमें एक गहरा सबक देता है—लोकतंत्र में संवाद ही वह सेतु है, जो टूटी उम्मीदों को जोड़ सकता है। जब आंदोलन अपनी राह से भटककर हठ की आग में जलने लगता है, तो वह न सिर्फ अपने मकसद को खो देता है, बल्कि समाज को भी घायल करता है। क्या हम इस सबक को सीखेंगे? क्या सरकार और किसान मिलकर एक नई शुरुआत करेंगे? या फिर यह आग और भड़केगी, और सब कुछ जलाकर राख कर देगी? जवाब हमारे हाथ में है—संवाद चुनें, या हठ की कीमत चुकाएं।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

# संपादकीय

## क्रूरता हैवानियत की मिसाल बनी एक कलियुगी नशेड़ी पत्नी!





प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की बेरहमी से हत्या करने वाली मुस्कान ने बिल्कुल एक सस्पेंस फिल्म की तरह थ्रिलर क्राइम को अंजाम दिया और पति के परिवार जनों को ही पति की हत्या करने का आरोप लगाते हुए अपने बचाव की कोशिश की लेकिन इस दौरान अपनी बेटी के पिता के प्रति प्यार के सामने बेबस हो गई । बेटी के पापा के पास जाने की जिद पर मुस्कान रोने लगी थी। तभी अपनी बेटी के स्वभाव से परिचित मां ने जब मुस्कान को हकीकत जानने के लिए उसे साथ देने का भरोसा दिलाया तो उसने अपने दोस्त आशिक के साथ मिलकर पति की हत्या करने का सच उगल दिया। इसे सुनने के बाद उसके माता-पिता के पैरो तले की जमीन खिसक गई। वे उसे लेकर थाने पहुंचे। इस तरह मर्चेंट नेवी अधिकारी सौरभ कुमार सिंह की हत्या का सच दुनिया के सामने आया। आपको बता दें कि मेरठ की मुस्कान ने सौरभ से प्यार किया, 2016 में शादी की, एक बेटी को जन्म दिया लेकिन फिर उसी प्यार का कत्ल करने की ऐसी खौफनाक साजिश भी रच डाली कि पुलिस अधिकारी भी सन्न रह गए . घर के अंदर चाकू चले, खून बहा, शरीर के टुकड़े किए गए, प्लास्टिक के ड्रम में रख दिया और फिर उस पर सीमेंट डाल दिया, ताकि किसी को शक न हो. मुस्कान ने घर पर ताला लगाकर लोगों को बता दिया कि वह पति के साथ घूमने जा रही है. लेकिन जुर्म का राज ज्यादा दिनों तक छुप नहीं सका. एक कबूलनामा और फिर पुलिस की दस्तक के साथ वह खौफनाक राज बाहर आ गया, जिसने पूरे मेरठ को हिलाकर रख दिया.साल 2015 में सौरभ और मुस्कान की मुलाकात हुई थी. प्यार हुआ और 2016 में दोनों ने शादी कर ली. दोनों की जिंदगी में खुशियां थीं, एक प्यारी-सी बेटी भी थी, जो इस वक्त दूसरी कक्षा में पढ़ रही है. सौरभ मर्चेंट नेवी में अफसर थे और लंबे समय तक समुद्र में रहने के कारण, मुस्कान अकेले मेरठ में बेटी के साथ किराए के मकान में रहती थी.वक्त बदला और 2019 में मुस्कान के जीवन में साहिल की एंट्री हुई, जो उसी मोहल्ले में रहता था. शुरुआत में दोनों के बीच दोस्ती थी, लेकिन यह दोस्ती धीरे-धीरे खतरनाक मोहब्बत में बदल गई. साहिल अब मुस्कान की जिंदगी का हिस्सा बन चुका था, और सौरभ की गैरमौजूदगी में उनके घर का भी

मुस्कान का जन्मदिन 25 फरवरी को था. वह इसे खास बनाने की तैयारी कर रही थी, लेकिन इस बार एक और चीज तय थी. सौरभ की हत्या. सौरभ लंदन से मेरठ लौटा था, लेकिन उसे क्या पता था कि यह उसकी आखिरी यात्रा होगी. इस खौफनाक साजिश को अंजाम देने के लिए मुस्कान और साहिल ने मिलकर योजना बनाई।

4 मार्च की रात जैसे ही सौरभ घर में सोने गया, मुस्कान ने इशारा किया और साहिल ने चाकू से उसके ऊपर हमला कर दिया.सौरभ पूरी ताकत से लड़ने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मोहब्बत में अंधी हो चुकी मुस्कान ने उसे बचाने की कोशिश तक नहीं की. वह बेबस देखता रहा कि कैसे उसकी पत्नी और उसका प्रेमी उसकी ही जान के दुश्मन बन चुके हैं. कुछ ही मिनटों में सौरभ की सांसें थम गईं। मुस्कान ने मोहल्ले में यह अफवाह फैला दी कि वह और सौरभ हिमाचल घूमने जा रहे हैं. इसके बाद उसने घर का ताला लगा दिया ताकि किसी को शक न हो.इसके बाद साहिल और मुस्कान ने मिलकर एक प्लास्टिक का ड्रम खरीदा. उन्होंने सौरभ के शव के टुकड़े किए और ड्रम में भर दिए. फिर इसमें सीमेंट डालकर उसे ठोस कब्र में बदल दिया ताकि किसी को शक न हो.

आप को बता देंसौरभ की हत्या के बाद मुस्कान और साहिल ने मनाली में तीन दिन तक रहे. बताया जा रहा है वहां दोनों में हनीमून मनाया. होटल के कमरे में वह सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालती रही, जैसे उसकी जिंदगी में सब कुछ ठीक हो. लेकिन उसकी यह खुशी ज्यादा दिन नहीं टिकने वाली थी। मुस्कान को लगा था कि वह अपनी खौफनाक साजिश को छुपा लेगी, लेकिन एक गलती ने उसे बेनकाब कर दिया. उसने यह पूरा घटनाक्रम अपनी मां को बता दिया. शायद उसने सोचा कि मां उसे बचा लेगी, लेकिन मां ने पुलिस को फोन कर दिया. पुलिस ने जब मुस्कान से पूछताछ की, तो पहले वह घबराई, फिर झूठ पर झूठ बोलती गई. लेकिन जैसे ही साहिल से पूछताछ की गई, वह टूट गया और उसने पूरी कहानी उगल दी।

जब पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे में बंद पड़े ड्रम को खोला, तो दो घंटे की मशक्कत के बाद भी वह नहीं खुल सका. ठोस सीमेंट ने लाश को बुरी तरह से जकड़ लिया था. पुलिस ने ड्रम को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया, जहां उसे काटकर शव को बाहर निकाला गया. जैसे ही यह खबर फैली, पूरे इलाके में सनसनी फैल गई.मेरठ के एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सौरभ राजपूत 4 मार्च को मेरठ आए थे. तभी उनकी हत्या कर दी गई. उनकी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल ने मिलकर उन्हें मारा और लाश को ड्रम में छुपा दिया. हमने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ हत्या और साजिश रचने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुस्कान के परिवार वालो के अनुसार सौरभ की हत्या को लेकर मुस्कान पहले गुमराह करती रही। वह सौरभ की हत्या करने के बाद अपने प्रेमी के साथ टूर पर चली गई थी। 13 दिन बाद वह घर लौटी। मुस्कान की बेटी पीहू बार-बार पापा के पास जाने की जिद कर रही थी। बेटी को पापा के लिए तड़पता देख मुस्कान रोने लगी। मुस्कान को रोते देख मां कविता रस्तोगी ने पूछा तो उसने यह कहते हुए गुमराह करना चाहा कि सौरभ मुझसे तलाक लेना चाहता था, इसलिए उसके परिवार ने उसकी हत्या कर दी है, लेकिन कविता अपनी बेटी के स्वाभाव को समझती थी।सच जानने के लिए कविता और प्रमोद रस्तोगी ने मुस्कान को भरोसा दिलाया कि वह उसका हर हाल में साथ देंगे। इस पर मुस्कान टूट गई, उसने बताया कि साहिल के साथ मिलकर उसने सौरभ को मार दिया है। इसके बाद दंपती के पैरों तले से मानो जमीन खिसक गई, तभी मुस्कान को लेकर थाने पहुंच गए। पुलिस ने उनकी कहानी सुनकर साहिल को गिरफ्तार कर लिया, उसके बाद सौरभ की हत्या का खुलासा हो गया। पुलिस ने दोनो को बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

हत्या की यह बेहद क्रूरता अमानवीयता भरी वारदात सभ्य समाज के लिए चिंता जनक है वहीं समाज में नशे के दुष्प्रभाव और पारिवारिक सामाजिक मूल्यों के पतन तथा विवाहेत्तर संबंधो के दुष्परिणाम दैहिक भोग वासना की स्वच्छंदता के चलन से पैदा हो रही समस्याओं वैवाहिक संबंधों में दरार को बयान करती है। यह समाज के पतन की ओर इशारा करती है। समाज में लोकलाज का भय समाप्त होना रोक टोक हस्तक्षेप के खत्म होने का भी नकारात्मक प्रभाव है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# मिश्रा जी को मानसिक चिकत्सा की जरूरत




मुमकिन है कि कोई नासमझ आज के इस आलेख को पढ़ने के बाद मेरे ऊपर अदालत की मानहानि का मामला बनाने की सोचे,लेकिन मेरा इरादा माननीय अदालतों का मान बनाये रखने का है और इसीलिए मै पूरी जिम्मेदारी से लिख रहा हूँ कि इलाहबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश राम मनोहर मिश्रा को मानसिक चिकित्सा उपलब्ध कराई जाये ,वो भी सरकारी खर्चे पर। मिश्रा जी ने हाल ही में बलात्कार के एक मामले में कहा है कि -%कहा कि %स्तन छूना और पायजामा का नाड़ा तोड़ना रेप नहीं है।

माननीय मिश्रा जी अनाड़ी नहीं हैं। उनके पास न्यायिक सेवा का लंबा अनुभव है। 6 नवंबर 1964 को जन्में जस्टिस राम मनोहर मिश्र ने 1985 में विधि स्नातक की पढ़ाई पूरी की. फिर 1987 में उन्होंने विधि स्नातकोत्तर किया। मिश्रा जी वर्ष 1990 में मुंसिफ के रूप में उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में शामिल हुए। डेढ़ दशक बाद 2005 में उच्चतर न्यायिक सेवा में इनका प्रमोशन हुआ। चार साल बाद 2019 में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुए। यहां पर प्रमोशन से पहले इन्होंने बागपत, अलीगढ़ जिलों में सर्विस की. साथ ही इन्होंने जेटीआरआई के निदेशक और लखनऊ में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया।

मुझे पूरा यकीन है कि मिश्रा जी ने कानूनी दायरे में ही अहम टिप्पणी की होगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी युवती का जबरन स्तन पकड़ता है या पायजामे का नाड़ा तोड़ता है, तो यह रेप की श्रेणी में नहीं आएगा। यानी ऐसे मामले में धारा 376 के तहत आरोप तय नहीं किया जा सकता। हालांकि, यह गंभीर यौन अपराध माना जाएगा और धारा 354-बी के तहत आरोपी को सजा दी जाएगी।मिश्रा जी अपनी जगह पूरी तरह सही भी हो सकते हैं ,लेकिन जिस पीड़िता के साथजो अपराध हुआ वो और इस देश की तमाम जनता मिश्रा जी की टिप्पणी से न तो मुतमईन हैं और न इसे स्वीकार कर सकते हैं।

मिश्रा जी ने सिर्फ टिप्पणी ही नहीं की बल्कि अपनी विद्वता प्रमाणित करते हुए ये भी कहा कि रेप की कोशिश और अपराध की तैयारी के बीच का अंतर समझना जरूरी है। किसी घटना को किस धारा के तहत रखा जाएगा, यह घटना की प्रकृति और उसके इरादे पर निर्भर करता है। कासगंज के एक मामले में यह टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि कानून को सही तरीके से समझना और लागू करना आवश्यक है। दरअसल मिश्रा जी की महिलाओं के प्रति मानसिकता को समझना आसान नहीं है क्योंकि जहां वे एक तरफ एक विवादास्पद फैसला सुनाते हैं वहीं पूर्व में 2023 में, रेप के एक मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि पीड़िता को सह-अपराधी मानना पूरी तरह गलत है। ऐसी बातें महिला के सम्मान के खिलाफ हैं और समाज में गलत संदेश देती हैं। 2024 में, एक महिला के गुजारे भत्ते से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि मिडिल क्लास परिवार की महिला के लिए 2500 रुपये में गुजारा करना बहुत मुश्किल है। इसलिए, भत्ते की राशि को बढ़ाकर 5000 रुपये प्रति माह किया जाना चाहिए।


अब ये तो मिश्रा जी ही बता सकते हैं कि कोई अपराधी या आरोपी किसी महिला के स्तन को किस इरादे से स्पर्श करता है या उसके पायजामे का नाडा तोड़ता है ? लेकिन आम आदमी को तो यही समझता है कि आरोपी की नीयत में खोट के अलावा और कुछ हो ही नहीं सकता। मुमकिन है कि पक्षकार इस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय की शरण ले,मुमकिन है कि समर्थ न होने पर अपमान का घूँट पीकर घर बैठ जाये ,लेकिन ये बहस तो मिश्रा जी ने शुरू कर ही दी है कि उनका फैसला भारतीय समाज के मूल्यों के विपरीत है भले ही वो क़ानून के हिसाब से सौ फीसदी सही हो। पिछ्ले कुछ वर्षो में मश्रा जी की ही नहीं बल्कि पूरी न्यायपालिका की दृष्टि में अन्तर आया है। हमारी न्यायपालोका की आँखों से पट्टी क्या हटी अब वो धार्मिक हो गयी है । खुद मिश्रा जी ने मार्च 2024 में, जस्टिस मिश्र की अध्यक्षता वाली हाईकोर्ट की बेंच ने एक निचली अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना यूनानी दार्शनिक प्लेटो की अवधारणा से की गई थी। निचली अदालत ने कहा था कि जब कोई धार्मिक व्यक्ति सत्ता में होता है, तो शासन के अच्छे परिणाम सामने आते हैं। जस्टिस मिश्र ने इस टिप्पणी को हटाने का आदेश दिया। यानि मिश्रा जी मिलाओं के प्रति ही नहीं बल्कि योगी जी के प्रति भी संवेदनशील नजर आते हैं मिश्रा जी की टिप्पणी के बारे में अकेला मै ही नुक्ताचीनी करता तो आप मुझे सिरफिरा कह सकते थे ,लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति और सामाजिक कार्यकर्ता रूपरेखा वर्मा का कहना है, %%कम से कम यह कहा जा सकता है कि यह निर्णय निराशाजनक, अपमानजनक और शर्मनाक है. महिला की सुरक्षा और गरिमा के मामले में तैयारी और प्रयास के बीच का सूक्ष्म अंतर बहुत ही अकादमिक है."पेशे से वकील सायमा ख़ान कहती हैं, "भारतीय क़ानून में किसी भी आपराधिक प्रयास को पूर्ण अपराध की श्रेणी में ही देखा जाता है, बशर्ते कि इरादा स्पष्ट हो और अपराध की दिशा में ठोस कदम उठाया गया हो. पायजामी की डोरी तोड़ना या शरीर को जबरन छूना साफ तौर पर बलात्कार के प्रयास की श्रेणी में आ सकता है, क्योंकि इसका मकसद पीड़िता की शारीरिक स्वायत्तता का उल्लंघन करना है.'।

आपको बता दें की पीड़ित लड़की की मां ने आरोप लगाया था कि 10 नंवबर 2021 को शाम पांच बजे जब वो अपनी 14 वर्षीय बेटी के साथ देवरानी के गांव से लौट रही थी तो अभियुक्त पवन, आकाश और अशोक मोटरसाइकिल पर उन्हें रास्ते में मिले। मां का कहना था कि पवन ने उनकी बेटी को घर छोड़ने का भरोसा दिलाया और इसी विश्वास के तहत उन्होंने अपनी बेटी को जाने दिया। लेकिन रास्ते में मोटरसाइकिल रोककर इन तीनों लोगों ने लड़की से बदतमीज़ी की और उसके प्राइवेट पार्ट्स को छुआ. उसे पुल के नीचे घसीटा और उसके पायजामी का नाड़ा तोड़ दिया। लेकिन तभी वहां से ट्रैक्टर से गुजर रहे दो व्यक्तियों सतीश और भूरे ने लड़की का रोना सुना. अभियुक्तों ने उन्हें तमंचा दिखाया और फिर वहां से भाग गए। जब नाबालिग की मां ने पवन के पिता अशोक से शिकायत की तो उन्हें जान की धमकी दी गई जिसके बाद वे थाने गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई.

ये मामला कासगंज की विशेष कोर्ट में पहुंचा जहां पवन और आकाश पर आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार), पॉक्सो एक्ट की धारा 18 (अपराध करने का प्रयास) और अशोक के ख़िलाफ़ धारा 504 और 506 लगाई गई। इस मामले में सतीश और भूरे गवाह बने, लेकिन इस मामले को अभियुक्तों की तरफ से इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी गयी। इस मामले में जस्टिस मिश्रा लकीर के फकीर बन गए। हालांकि ये मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अमल में आने से पहले का है. इसलिए फ़ैसला आईपीसी की धारा 376 के तहत दिया गया है और इसके प्रावधान अलग हैं। धारा 375 बलात्कार को परिभाषित करती है जिसके मुताबिक जब तक मुंह, या प्राइवेट पार्ट्स मे लिंग या किसी वस्तु का प्रवेश ना हो, वो बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है.जस्टिस मिश्रा ने इस केस में साफ किया कि सेक्शन 376, 511 आईपीसी या 376 आईपीसी और पॉक्सो एक्ट के सेक्शन 18 का मामला नहीं बनता है। न्यायमूर्ति मिश्रा को अभी बहुत दिनों तक काम करना है ,इसलिए जरूरी है कि एक बार उनसे ऊपर की अदालत उनके और उनके फैसलों के बारे में समीक्षा जरूर करे ,अन्यथा इस तरह के लज्जास्पद फैसलों की वजह से न्यायपालिका के प्रति आम जनता का विश्वास डिग जाएगा यदि ऐसा होता है तो ये हमारी न्यायव्यवस्था के लिए एक गंभीर चुनौती बन सकती है। क्या आप मिश्रा जी की टिप्पणी से सहमत हैं?

**राकेश अचल**

# कला-संस्कृति में धनी बिहार




बिहार इतिहास के पन्नो का वह अमिट नाम है, जिसने सभ्यता की शुरुआत से ही अपनी गौरव की कहानी गढ़ी है। बिहार नाम मूल रूप से 'बिहार' शब्द से लिया गया है, जो एक संस्कृत शब्द है। जिसका अर्थ है 'निवास' या 'विश्राम'। ऐसा माना जाता है कि यह स्थान बौद्धों और जैनों के ठहरने की जगह थी। बिहार में विक्रमशिला, ओदंतपुरी और नालन्दा जैसे कई प्रसिद्ध बौद्ध मठ एवं बिहार थे। बिहार की कला की संस्कृति एक समृद्ध और विविधतापूर्ण संस्कृति है, इसकी मिट्टी में भोजपुरी, मैथिली, मगही और अंग संस्कृति की मिश्रित सुगंध है। बिहार की कला की बात करें, तो यह रंग-बिरंगी परम्पराओ और रीति रिवाज़ों का मेल है। जिसमें कुछ प्रमुख कला शैलियां इस प्रकार है-

### पटना कलम

यह एक विशिष्ट भारतीय चित्र कला शैली है। जिसका विकास में हुआ है। इसे मुगल कला से प्रभावित मना जाता है और ये आज भी जिंदा है। पटना कलम ने अपनी कला में आम जनजीवन को महत्व दिया है। इसमें चौक बाजार, मंदिर, गांव की महिलाएं, स्कूल जाते हुए बच्चे, छठ पूजा, हलवाई जैसे अनेक रोज दिन के दिनचर्चाओं को सुंदर तरीके से दिखाया गया है। इसमें लघुचित्रों को बड़ी सावधानी से बनाया जाता है। इस कला के ज़रिए हमें पटना और बिहार के लोगों के त्योहारों, संस्कृति और जीवन की झलक मिलती है।

### मंजूषा कला

मंजूषा कला भागलपुर जिले की एक अद्भुत कला है। यह एक ऐसी कला है, जिसमें कहानी को क्रमिक श्रृंखला बंध सुंदर तरीके से चित्रित किया जाता है। कहा जाता है कि इस कला का प्रमाण सिंधु घाटी से भी मिलता है। मंजूषा कलाबिहुला -विषहरीकी लोकगाथा पर आधारित है 7 इस कला में हिंदू देवी-देवताओं के अलावा सांप, फूल, सूर्य, चंद्रमा आदि के चित्र सूंदर तरीके से उकेरे जाते है।

### बावन बूटी कला

यह एक तरह की बुनकर कला है, जो बिहार के नालंदा और गया जिले की पारंपरिक कला है। इसमें साड़ी, शॉल और सूती कपड़ों पर 52 विशिष्ट रूपों को बनाया जाता है, जो बौद्ध धर्म के प्रतीकों से जुड़े है। बावन बुटी साड़ियां सिर्फ भारत मे ही नही बल्कि विदेशों तक प्रसिद्ध थी।

### वेणु शिल्प

वेणु शिल्प एक प्राचीन कला है। जिसका सम्बंध सम्राट अशोक के समय से माना जाता हैं। यह पटना और समस्तीपुर सहित बिहार के कई जिलों का शिल्प उद्योग है। इस कला में बाँस को छीलकर और काटकर तरह-तरह की कलात्मक चीजे बनाई जाती है। इस तरह की बनाई चीजे खादी मेले या दुकानों में देखने को आसानी से मिल जाते है। यह कला अब व्यवसाय क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। इसमें बांस की कुर्सी-टेबल से लेकर टोकरियाँ और सजावटी वस्तएं भी बनाई जाती हैं।

### पेपर मेसी कला

इस कला को मिथला की संस्कृति से जुड़ा प्राचीन कला माना गया है। इसमें कागज की लुगदी बना कर अनेको तरह की चीजें तैयार कि जाती हैं। जैसे- मुखौटे, खिलौने और सजावटी समान आदि।

### सिक्की कला

सिक्की कला भी एक प्राचीन कला है। इसका विकास मिथलांचल के साथ-साथ बिहार के अन्य जिलों में भी हुआ। यह एक सुंदर हस्तशिल्प कला है, जिसमे बिहार के समृद्ध संस्कृति की झलक मिलती है। इस कला में सिक्की नाम के घास का प्रयोग किया जाता हैं और रंग-बिरंगे टोकरियाँ, चटाई, पंखे, आभूषण, सजावटी समान और खौलने बनाये जाते है। सिक्की घांस से निर्मित वस्तुएँ 100 वर्ष तक खराब नही होती है।

### सुजनी कला

सुजनी कढ़ाई कला बिहार के ग्रामीण क्षेत्र के प्रसिद्ध पारंपरिक कला है। इसमें साड़ी और कपड़े को टुकड़े को सिलकर कलात्मक कढ़ाई की जाती है। सुजनी कढ़ाई को जीआई टैग भी प्राप्त है।

### टेरा कोटा शिल्प

यह एक प्राचीन कला है, जो देश के सभी हिस्सों में है। इसमें मिट्टी के बर्तन, मूर्तियां और वस्तएं बनाई जाती है। बिहार में टेरा कोटा शिल्प की शुरुवात मौर्य काल से मानी जाती है। इसमें राम-रस और गेरूआ मिट्टी का प्रयोग होता हैं और रंगों से सजाया जाता है।

### मधुबनी कला


बिहार की मधुबनी चित्रकला ने समूचे विश्व में ख्याति पाई हैं। कहा जाता है कि इस कला की शरुवात मिथिला के राजा जनक ने की थी। यह मिथला क्षेत्र दरभंगा और मधुबनी के साथ ही नेपाल की भी विशिष्ट कला है। इस कला में चटकीले और विषम रंगों के साथ हर तरह के दृश्य को सुंदर तरीके से दिखाया जाता है। मधुबनी पेंटिंग का प्रयोग साड़ी, कपड़ों से दीवारों और वस्तुओं की सजावट तक में किया जाता हैं। किसी भी देश या राज्य की सांस्कृतिक पहचान, उसकी समृद्ध कला से होती है और बिहार इसमें धनी है।

**अम्बिका कुशवाहा 'अम्बी'**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उम्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रो. कुन्दुरू रामाचन्द्रा रेड्डी बने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति



**गोरखपुर-** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रो. कुन्दुरू रामाचन्द्रा रेड्डी को विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राज्य आयुष विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश अधिनियम-2020 की धारा-12 की उपधारा-3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है। प्रो. रेड्डी वर्तमान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बी.एच.यू.), वाराणसी के आयुर्वेद विभाग के अंतर्गत रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। वह कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अगले तीन वर्षों तक इस पद पर रहेंगे। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय है, जिसे आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया है। प्रो. रेड्डी की नियुक्ति से विश्वविद्यालय को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। नए कुलपति की नियुक्ति से विश्वविद्यालय को मिलेगा नया मार्गदर्शन- प्रो. कुन्दुरू रामाचन्द्रा रेड्डी आयुर्वेद एवं भैषज्य कल्पना के क्षेत्र में गहरी विशेषज्ञता रखते हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व से विश्वविद्यालय में आयुष शिक्षा एवं शोध को नई ऊंचाइयां मिलने की संभावना है। विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार और राज्यपाल कार्यालय ने विश्वविद्यालय को सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

### नगर पंचायत गोला वार्ड नम्बर दो रानीपुर में आयोजित सप्तदिवसीय संगीत मयी श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन

**भागवत कथा श्रवण से ही परमात्मा की प्राप्ति का मार्ग है सम्भव आचार्य ब्रह्मानंद जी**



**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला उपनगर के वार्ड नम्बर दो रानीपुर में मुख्य यजमान श्रीराम मद्धेशिया के यहां आयोजित संगीत मयी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भागवत कथा वाचक आचार्य ब्रह्मानंद जी उपस्थित भागवत प्रेमियों को कथा का रसपान करते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण से ही परमात्मा के प्राप्ति का मार्ग सम्भव है। भागवत कथा का शुभारम्भ ब्रह्मसूत्र से हुआ है। इस ग्रन्थ में परम सत्य का निरूपण है। जो परम सत्य है वही ब्रह्म है। राजा परीक्षित ने शुकदेव जी से पूछा कि महाराज मरणधर्मा जीव का परम कर्तव्य क्या है। महाराज शुकदेव जी राजा परीक्षित से कहते है कि आपका प्रश्न सबका कल्याण करने वाला है। कलियुग के प्रभाव के कारण राजा परीक्षित से भूल हुई उन्होंनेऋषि के गले मे मरा हुआ सर्प डाल दिया। जिसके कारण ऋषि के पुत्र ने परीक्षित को श्राप दिया कि सातवे दिन यही सर्प, राजा तुझे डँस लेगा जिससे तुम्हारी मौत होगी। अर्थात जिसे गर्भ में भगवान का दर्शन हुआ था ऐसे राजा से अपराध हो गया। कलियुग के प्रभाव से बचने का एक मात्र उपाय भगवत नाम स्मरण ही है। भागवत कथा के अंत में मुख्य यजमान श्रीराम मद्धेशिया और उनकी धर्मपत्नी पूनम मद्धेशिया ने व्यासपीठ की आरती उतारी। इस अवसर पर दयाशंकर यादव देवेंद्रपांडेय विंध्याचल पांडेय चंद्रभान चौधरी शिवशंकर मद्धेशिया, धर्मेंद्र गुप्ता नवरत्न विपुल शेषनाथ श्याम सुंदर प्रेमनाथ राकेश राजेन्द्र जितेंद्र शम्भू एवम वार्ड नम्बर दो के सम्मानित जन के साथ साथ अगल बगल के लोगो ने उपस्थित होकर भागवत कथा का रसपान किया।

### कप्तानगंज व छावनी थाना क्षेत्र में हुई चोरी का खुलासा, पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस ने कप्तानगंज और छावनी थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सीओ सदर ने पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी दी। सीओ सदर ने बताया कि छावनी थाना क्षेत्र के विक्रमजोत पुरवा में दो दुकानों में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी का शत-प्रतिशत सामान और नगदी बरामद की गई है वहीं, कप्तानगंज थाना क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक बाल अपचारी सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो मोटरसाइकिल, 95,000 रुपए नगद और एक डीवीआर बरामद किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। सीओ सदर ने पुलिस टीम के इस सराहनीय कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की और आम जनता से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

# गोरखपुर में गो-तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई- चार अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** जनपद गोरखपुर के थाना गीडा क्षेत्र में गो-तस्करी करने वाले एक संगठित गिरोह के खिलाफ पुलिस ने कड़ा कदम उठाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गोरखपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत गैंग लीडर सिद्धू उर्फ सीटू उर्फ वाशिद सहित चार अपराधियों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस गिरोह पर आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए गो-तस्करी जैसे गंभीर अपराध करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गीडा ने गैंग के सरगना सिद्धू उर्फ सीटू उर्फ वाशिद और उसके तीन अन्य सदस्यों–सलीम पुत्र मकबूल, कमलू पुत्र हजारी, और इस्तखार शाह उर्फ बांके–के खिलाफ गैंग चार्ट तैयार किया। जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर से अनुमोदन के बाद थाना गीडा में मुकदमा संख्या 158/2025 दर्ज किया गया, जिसमें धारा 2(ख)(XI), (XVII) और 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई की गई।अपराध का विवरणपुलिस के अनुसार, दिनांक 04 अप्रैल 2024 को इन अभियुक्तों ने एक ट्रक में 30 गोवंश को अवैध रूप से सहजनवां से कुशीनगर होते हुए बिहार ले जाने की कोशिश की थी। इस घटना के संबंध में थाना गीडा में मुकदमा संख्या 142/2024 दर्ज किया गया था, जिसमें धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम और धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।अभियुक्तों का आपराधिक इतिहाससिद्धू उर्फ सीटू उर्फ वाशिद (पुत्र खलील, निवासी मोहल्ला कुरेशियन बघारा, थाना तितावी, जनपद मुजफ्फरनगर): मु0अ0सं0 142/2024 (गोवध निवारण अधिनियम), थाना गीडा, गोरखपुर। मु0अ0सं0 110/2023 (गोवध निवारण अधिनियम, IPC 307, आर्म्स एक्ट), थाना पटहेरवा, कुशीनगर।मु0अ0सं0 278/2023 (गैंगेस्टर एक्ट), थाना पटहेरवा, कुशीनगर। सलीम (पुत्र मकबूल, निवासी बंजारनपुरवा महरुमूर्तिहा, थाना हरदत्तनगर गिरन्ट, जनपद श्रावस्ती)- मु0अ0सं0 142/2024 (गोवध निवारण अधिनियम), थाना गीडा, गोरखपुर। मु0अ0सं0 1611/2014 (IPC 323, 504, 506), थाना मल्हीपुर, श्रावस्ती। कमलू (पुत्र हजारी, निवासी बंजारनपुरवा महरुमूर्तिहा, थाना हरदत्तनगर गिरन्ट, जनपद श्रावस्ती)- मु0अ0सं0 142/2024 (गोवध निवारण अधिनियम), थाना गीडा, गोरखपुर।मु0अ0सं0 0010/2004 (आबकारी अधिनियम), थाना मल्हीपुर, श्रावस्ती।मु0अ0सं0 0089/2021 (IPC 147, 148, 323, 324, 354(ख), 392, 436, 452, 506), थाना मल्हीपुर, श्रावस्ती।इस्तखार शाह उर्फ बांके (पुत्र अब्दुल मजीद, निवासी मियांगंज मनियारपुर, थाना बन्धुआ कला, जनपद सुल्तानपुर)- मु0अ0सं0 142/2024 (गोवध निवारण अधिनियम), थाना गीडा, गोरखपुर।पुलिस का बयानपुलिस का कहना है कि इस गिरोह के सदस्यों की गतिविधियों से जनमानस में भय और आतंक का माहौल था। गो-तस्करी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने और इन अपराधियों को स्वतंत्र रूप से घूमने से रोकने के लिए यह कार्रवाई जरूरी थी। गैंगेस्टर एक्ट के तहत की गई इस कार्यवाही से क्षेत्र में संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है।गोरखपुर पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि अपराधियों में कानून का खौफ बना रहे और समाज में शांति व्यवस्था कायम हो सके।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों से हुई मारपीट



स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर,-** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर में शुक्रवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से हुए इस संघर्ष में एक पक्ष के तीन सगे भाई और एक भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष को मामूली चोटें आईं।


**कैसे भड़का विवाद?**

घटना की जानकारी के अनुसार, गांव के निवासी मुन्ना मौर्य का कहना है कि उनके परिवार के पास 15 ग 10 डिसमिल जमीन है, जिसमें से कुछ हिस्से पर उनके सगे चाचा पहले से मकान बनाकर रह रहे हैं। बाकी बची जमीन पर रामहित पुत्र स्व. जमुना सहित अन्य लोग अवैध रूप से कब्जा कर कच्चा मकान बना रहे थे। यह मामला पहले भी विवादित रहा है और प्रशासन की?? के बाद लेखपाल एवं कानूनगो ने जमीन की पैमाइश कर उनके हिस्से की पुष्टि की थी। शुक्रवार सुबह जब दूसरे पक्ष के लोग फिर से जमीन पर कब्जा करने पहुंचे तो विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर लेकर भिड़ गए, जिसमें मुन्ना मौर्य, उनके भाई राजू, हरीश और भतीजा विकास को गंभीर चोटें आईं।

**पुलिस की कार्रवाई-** घटना के बाद दोनों पक्षों ने गोला थाने पर तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को चिकित्सा परीक्षण के लिए सीएचसी गोला भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**गांव में तनावपूर्ण माहौल-** घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्कता बरती जा रही है।

## विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी- फर्जी वीजा और एयर टिकट देने वाला गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर, चौरी चौरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत चौरी चौरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने और फर्जी वीजा व एयर टिकट देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

**मामले का संक्षिप्त विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्त हरेन्द्र पुत्र स्व. राममिलन, निवासी बेलवाबाबु, थाना चौरी चौरा, जनपद गोरखपुर पर आरोप है कि उसने वादी मुकदमा से विदेश भेजने के नाम पर पैसा लिया और बदले में कूटरचित व अवैध वीजा तथा फर्जी एयर टिकट प्रदान किया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर चौरी चौरा थाने में मामला दर्ज किया गया था।

**गिरफ्तारी एवं धाराएं-** पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त हरेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ मु.अ.सं. 124/25 के तहत धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 351(3), 316(2) भा.न्या.सं. में मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम- उपनिरीक्षक आशीष कुमार मिश्रा - थाना चौरी चौरा

प्रशिक्षु हेड कांस्टेबल उदय प्रताप सिंह - थाना चौरी चौरा

कांस्टेबल विजय प्रकाश सिंह - चौरी चौरा

कांस्टेबल कुँवर विजय सिंह थाना चौरी चौरा

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि विदेश जाने के लिए किसी भी अनधिकृत व्यक्ति पर भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### पत्रकार की मां के निधन से गांव में शोक की लहर, अंतिम संस्कार में शामिल हुए जनप्रतिनिधि और पत्रकार



**खजनी-** नगर पंचायत उनवल के वार्ड नंबर तीन अंतर्गत टेकवार गांव में उस समय शोक की लहर दौड़ गई जब वरिष्ठ पत्रकार गजेन्द्र राम त्रिपाठी की माता ज्ञानमती देवी (85 वर्ष) का बुधवार देर रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थीं और गोरखपुर के एम्स अस्पताल में इलाजरत थीं, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। ज्ञानमती देवी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई, जिससे पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर पहुंचे। शुक्रवार दोपहर 12ः00 बजे मां सरजू घाट, गोला पर वैदिक विधि-विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि उमेश दुबे उर्फ पिंटू, वरिष्ठ पत्रकार, अधिवक्ता, समाजसेवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दुखद घटना पर क्षेत्र के कई पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### पुलिस लाईन ज्ञानपुर में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों द्वारा पुलिसकर्मियों को सीपीआर व प्राथमिक उपचार सम्बन्धित दिया गया प्रशिक्षण




स्वतंत्र प्रभात

अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही की पहल पर आज दिनांक 21.03.2025 को जीवनदीप हॉस्पिटल भदोही के चिकित्सकों की टीम द्वारा पुलिस लाईन ज्ञानपुर में कार्यक्रम का आयोजन कर पुलिसकर्मियों को महत्वपूर्ण प्राथमिक उपचार व सीपीआर का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। आकस्मिक परिस्थितियों जैसे- हार्ट अटैक, सड़क दुर्घटना, करंट लगने, पानी में डूबने सिर में गंभीर चोट लगने आदि के दौरान उपस्थित पुलिसकर्मियों द्वारा पीड़ितों को त्वरित सीपीआर देकर उनका जीवन बचाया जा सकता है। चिकित्सकों द्वारा पुलिसकर्मियों को सीपीआर देने की संपूर्ण प्रक्रिया व उससे होने वाले लाभों के संबंध में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण देकर जानकारी दी गई। आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान पीड़ित को समय सीमा के अंदर समुचित सीपीआर का उपचार मिल जाने पर 100 में 70 व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है। प्रशिक्षित करने वाली चिकित्सीय टीम डॉ0 ए0के0 गुप्ता (एम.एस), राजीव सिंह (एचआर मैनेजर), उमाशंकर पाल(मैनेजर), डॉ0 शिवम प्रजापति, राजवेन्द्र सिंह, राजेंद्र स्वामी व सहयोगी चिकित्सीय टीम।

### पुलिस ने लॉकअप में दो भाइयों को बेरहमी से पीटा

**अलीगढ़।** थाना दादों क्षेत्र में भाईयों के आपसी विवाद में मकान खाली कराने को लेकर शिकायत करने गये दे भाईयों के पुलिस ने लॉकआप में बंद करके जमकर बेरहमी से पीटा जिसकी शिकायत पीड़ित परिवार ने डीआईजी से की हैं। गांव खुशीपुरा कासिमपुर निवासी वीर प्रकाश पुत्र सेठीलाल ने डीआईजी को दी लिखित शिकायत में बताया कि वे चार भाई हैं। बीते शुक्रवार शाम करीब 6 बजे परिवार में मकान खाली करने को लेकर कहासुनी हो गई। थाना दादों क्षेत्र में एक मकान खाली कराने को लेकर तीन भाइयों में मारपीट हो गई। शिकायत लेकर थाना दादों पहुंचे दो भाइयों को पुलिस कर्मियों ने बेरहमी से पीटा। पीड़ितों ने इसकी शिकायत डीआईजी से की है। थाना दादों के गांव खुशीपुरा कासिमपुर निवासी वीर प्रकाश पुत्र सेठीलाल ने डीआईजी को दी लिखित शिकायत में बताया कि वे चार भाई हैं। परिवार में मकान खाली करने को लेकर कहासुनी हो गई। इसमें वीर प्रकाश और उसका तीसरे नंबर का भाई सुधीर एक तरफ थे। यह दोनों अपने-अपने हिस्से में रह रहे थे। दूसरे नंबर के भाई उमेश को यह मकान खाली करना था, लेकिन वह इसकी खिलाफत कर रहा था। इस बात पर झगड़ा हो रहा था।

## गरीब और कमजोर वर्गों के हितों के लिए बसपा करती है संघर्ष- शिवबाबू

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर दिया गया। जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने कहा कि वर्ष 2007 में उत्तर प्रदेश में बनी बसपा की सरकार ने प्रदेश में समाज के कमजोर वर्गों को अपने पैरों पर खड़ा किया था। समाज के संतों और महापुरूषों को विभिन्न स्तर पर सम्मान दिया गया, किंतु यह सब जातिवादी पार्टियों को पंसद नहीं आ रहा है। जिसके चलते अब इन वर्गों में से स्वार्थी किस्म के लोगों को आगे करके उनके जरिए अनकों छोटे संगठन और पार्टियां बनवाकर बसपा की ताकत को कमजोर करने में लगे है। पार्टी कार्यकर्ताओं को ऐसे लोगों से सचेत रहना चाहिए। पार्टी के मिशनरी व निष्ठावान कार्यकर्ता नई पीढ़ी के युवाओं को बसपा मुखिया के त्याग के बारे में बताएं। जिन्होंने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर और बसपा संस्थापक कांशीराम के बताए मार्ग पर चलते हुए अपने परिवार और रिश्तेदारों को भी संगठन के सामने महत्व नहीं दिया है। बसपा मुखिया मायावती केवल ईमानदारी और निष्ठा से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को ही आगे जिम्मेदारियां देतीं हैं।

इस मौके पर मुख्य मंडल प्रभारी बल्देव प्रसाद वर्मा, संतोष कुमार वर्मा, कपिल देव वर्मा, जिला प्रभारी मान सिंह कुशवाहा, रावेन्द्र कुमार वर्मा, कौशलेन्द्र कुमार वर्मा, फूलचंद्र खंगार, रामलखन निषाद, जुमना पाल, दिनेशचंद्र वर्मा, वीरन पासी, सोनपाल वर्मा, अरुण पाल, रामरहीस वर्मा, प्रखर पटेल, रोहित पटेल, जगदीश सिंह यादव, विनय कुमार पाल, रामसंवारे, इकराम वर्मा, राजकमल वर्मा, छत्रपाल वर्मा, शिववरन वर्मा, चैतूराम वर्मा, बृजमोहन वर्मा, कुलदीप पटेल, राजेश रैकवार, धानी निषाद, प्रिंस कुशवाहा, सुखराज प्रजापति, नत्थू नामदेव, फूलकुमार वर्मा, मेहरबान प्रताप, रामभजन वर्मा, अखिलेश कुमार वर्मा, रामऔतार वर्मा, अमरेन्द्र विक्रम विक्रांत यादव, अजय पटेल, शिवशंकर तिवारी, रामपाल, रामबहोरी, संतोष, विनोद, उदय यादव आदि मौजूद रहे।

## किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में एक दिवसीय प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मऊ को सौंपा। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने बताया कि राष्ट्रीय आवाहन पर 13 महीने से धरनारत किसानों पर बुलडोजर चलाकर तम्बूओ को उखाड़ने एवं किसान नेताओं को गिरफ्तार करने के विरोध मे आज देश भर मे आंदोलन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया है। कहा कि सालों से किसान एमएसपी गारंटी कानून, एनजीटी कानून सहित अन्य समस्याओं को लेकर आंदोलन कर रहें थे। जिसके बाद बीते दिन किसानों व सरकार के मध्य हुई वार्ता विफल होने के बाद पंजाब सरकार ने किसानों के तम्बूओं पर बुलडोजर चला कर तम्बूओ को उखाड़ दिया। साथ ही किसान नेताओं को जबरन गिरफ्तार किया गया। जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि सरकारों के तानाशाही रवैये के कारण देश के किसानों मे भारी आक्रोश हैं। किसानों के अधिकारों का हनन किया जा रहा हैं। शान्तिप्रिय अदोलनों को कुचला जा रहा हैं। मांग की कि किसानों को न्याय दिलाए।

इस मौके पर मंडल सचिव रामकरण सिंह, प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी, तहसील अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी, तीरथ सिंह, फौजी साधोप्रसाद, छोटे लाल, विजय त्रिपाठी, नरेश त्रिपाठी, शत्रुघ्न सिंह, राकेश सिंह, हेमराज पटेल, बद्रीप्रसाद, बिजय सिंह, रमेश सिंह, महिला किसान बुधरनिया, संगीता, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# आईसीडीएस विभाग के पोषण मिशन के प्रगति की जिलाधिकारी ने बैठक कर की समीक्षा

**● ई कवच व यूनिसेफ के डाटा में काफी अंतर आने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त कर संबंधित को लगाई डॉट**

**आईसीडीएस, स्वास्थ्य व यूनिसेफ की संयुक्त टीम सभी ब्लॉकों में कैंप लगाकर सेम मैम बच्चों को शत प्रतिशत दवा देना करें सुनिश्चित-डीएम**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 21 मार्च 2025-** आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत पोषण मिशन की प्रगति समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने ई कवच व यूनिसेफ के डाटा में काफी अंतर आने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर व संबंधित को डॉट लगाते हुए आईसीडीएस, यूनिसेफ व सीएमओ की संयुक्त टीम एक साथ समन्वय बनाते हुए सही डाटा कलेक्शन व फीडिंग पर बल दिया। डीएम ने सभी ब्लॉकों के सीडीओ को निर्देशित किया कि ब्लॉकवार कैंप लगाते हुए सैम, मैम बच्चों को मेडिसिन देना सुनिश्चित करें। बेसिक स्कूल के बच्चों को एमडीएम खाना खाने के बाद आयरन की गोली देना सभी शिक्षक व आईसीडीएस कर्मचारी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सम्भव अभियान के अन्तर्गत सैम बच्चों की फीडिंग की स्थिति में अपेक्षित सुधार किया जाय। समस्त आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण टेऊकर एप्प का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कराया जाना सुनिश्चित हो। पोषण पुनार्वास केन्द्र में सैम बच्चों को भर्ती कराये जाने हेतु निर्देश दिये। प्रत्येक माह राशन वितरण की फीडिंग, गृह भ्रमण, दक्षता मापन, पोषण टेकर पर करना सभी सीडीपीओ सुनिश्चित करें। उन्होंने समुदाय आधारित गतिविधियों के जॉच करने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया। पोष्टाहार का वितरण, शत-प्रतिशत हर हाल में ससमय वितरण हो जाना चाहिए। पोषण के दृष्टिगत सहजन का वृक्ष लगाया जाना सुनिश्चित करें। जिन आगनबाड़ी केन्द्रो पर वजन व लम्बाई, तौल मशीन नही है बगल के केन्द्र से समन्वय बनाते हुए उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविका की बैठक कर पोषण ट्रैकर एप पर प्रगति सुधार हेतु निर्देश दिये गये तथा टीम बनाकर उक्त कार्य किया जा रहा है। समुदाय आधारित गतिविधियों एव बी0एस0एच0एन0डी0 की फीडिंग पोषण ट्रैकर एप पर करायी जा रही है। विगत माह के सापेक्ष अपेक्षित सुधार हुआ है। समस्त आर0बी0एस0के0 टीम को चिन्हित सैम बच्चों का परीक्षण कर पोषण पूनर्वास केन्द्र में भर्ती कराये जाने हेतु अवगत कराया गया। पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका का आधार व मोबाईल सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। कतिपय आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका के आधार में त्रुटि होने के कारण अभी भी कार्य संतोष जनक नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य पोषण मिशन के अन्तर्गत जनपद स्तर पर नामित नोडल अधिकारी एवं कन्वर्जेन्स समिति के सदस्य आदर्श आगनबाड़ी केन्द्र बनाये जाने हेतु गोद लेने वाले समस्त जिला/ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं जिला पोषण समिति एवं निवारण समिति के सदस्यों के साथ पोषण सम्बन्धित विभिन्न आयामों पर समीक्षा की गयी। उन्होंने बताया कि सही पोषण-देश रोशन भाव के अन्तर्गत बच्चों के पोषण की स्थिति कुपोषित/अतिकुपोषित बच्चों, एन0आर0सी0, वी0एच0एन0डी0, पोषण टैऊकर, होम विजिट, ब्लाक कन्वर्जेन्स समिति की बैठक, 11 से 14 वर्ष की स्कूल न जाने वाली किशोरी बालिकाओं एवं एनीमिक किशोरियों की सूचना, आयरन गोली की उपलब्धता, कुपोषित बच्चों के परिवारों को शौचालय/राशन कार्ड/जाब कार्ड से लाभान्वित कराये जाने की स्थिति, पोषण वाटिका, आदर्श आगनबाड़ी केन्द्र बनाये जाने हेतु अधिकारियों को आवंटित केन्द्रो का विवरण, ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन की स्थिति आदि बिन्दुओं पर समग्र आयामों से समीक्षा करते हुए और अधिक प्रभावी व क्रियाशील बनाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी बीईओ, सीडीपीओ, एमओआईसी को सख्त निर्देश दिया कि हर हफ्ते में मीटिंग करेंगे और बिंदुवार चर्चा रिपोर्ट व्हाटएप ग्रुप में भेजेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने सैम-मैम बच्चों के चिन्हाकन हेतु नए तरीकों व आयामों पर बल दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर मौजूद डायरी में दिनभर की समस्त क्रियाकलापों का विवरण उल्लिखित करने का निर्देश दिया। गर्भवती व धात्री महिलाओं को मूंगफली, सोयाबीन का पाउडर व गुड़ का पैकेट तथा दवाओं का किट वितरण करने का निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जब जच्चे-बच्चें को सही पोषण मिलेगा तभी देश रोशन होगा। राज्य पोषण मिशन के कार्यो को शत-प्रतिशत धरातल पर साकार करने की आवश्यकता है तभी शिशुओ और माताओं को उचित पोषण मिल पायेगा। स्वस्थ्य शरीर में ही आगे के विकास का सारा तत्व निहित है। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि पोषण के सभी योजनाओं में तकनीकी व प्रभावी रूप से और अधिक जमीनी स्तर पर कार्य कर लक्ष्य पूर्ति पर बल दिया। उन्होंने पोषाहार सत्यापन की आख्या रिपोर्ट में प्राप्ति सहित प्रस्तुत करने का निर्देश दिया तथा साथ ही साथ जांच फोटो ग्रुप में शेयर करने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना-यह योजना स्वास्थ्य विभाग से बाल विकास विभाग को स्थानांतरित हुई है जित्तमे वर्तमान समय में सी0सी0पी0ओ0 से मुख्य सेविका एवं मुख्य सेविका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से आवेदन पत्र ऑनलाईन भरवाये जाने है वर्तमान समय में आशा द्वारा भरे हुए आवेदन पत्र की जाँच कर एख0ओ0 लेबिल से एस0एन0ओ0 लेबिल पर भुगतानार्थ प्रेषित की जा रही है। पात्रता की रूर्ते निम्नवत है। महिला की आयु 18 वर्ष 07 माह से 55 वर्ष के मध्य होनी चाहिये। योजना का लाभ पात्र महिला को पहले 02 जीवित बच्चों तक प्रदान किया जायेगा। अनुत्तूचित जाति तथा अनूसूचित जनजाति की महिलायें। दिव्यागजन महिलाएं जो आंशिक रूपसे (40 प्रतिशत से अधिक) या पूर्ण रूप से अक्षम हो, बी0पी0एल0 राशन कार्ड धारक महिलायें। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पी0एम0जे0ए0वाई0) के अन्तर्गत आयुष्मान भारत योजना÷ से आच्छादित महिलाएं। ई-श्रम कार्ड धारक नहिलाएं। किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत लाभार्थी महिला किसान। ऐसी महिलाएं जिनके पास मनरेगा जॉब कार्ड हो। ऐसी महिलायें जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय लाख रूपये से कम है। गर्भवती या धात्री आगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका एवं आशा । केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित की गयी कोई अन्य श्रेणी। नोट-केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अधीन कार्यरत नियमित रोजगार पाने वाली गर्भवती महिलायें व धात्री माताए तथा वह महिलाएं जो किसी भी कानून के अन्तर्गत समान प्रकार के लाभ को प्राप्त कर रही हैं, योजना हेतु पात्रता के श्रेणी में नहीं आयेगी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश मिश्रा, डीपीआरओ संजय मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एमओआईसी, समस्त सी0डी0पी0ओ0 एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अतिक्रमण हटाओ दिल्ली बचाओ

देश की राजधानी दिल्ली में अतिक्रमण हटाना बहुत बड़ी चुनौती बन गई है अतिक्रमण की वजह से दिल्ली के चारों तरफ जाम लगा होता है अतिक्रमण करने वाले पटरी तो कब्जा करते हैं साथ में रोड पर भी सामान रख लेते हैं जिसके वजह से दिल्ली के नागरिकों को अधिक जाम



का सामना करना पड़ता है जिस दिन से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है उसी दिन से दिल्ली की जनता कह रही थी की दिल्ली का अतिक्रमण अब जल्दी उठ जाएगा इसी कड़ी में एमडी लगातार एक्शन में है बीते कुछ दिनों से सेंट्रल दिल्ली की सफाई करने में पुरजोर कोशिश कर रही है एमसीडी इस समय रेडी पटरी अतिक्रमण को हटाने में दिल्ली की एमसीडी और एनडीएमसी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है अतिक्रमण हटाओ का अभियान चलाया सेंट्रल दिल्ली के पटेल नगर राजेंद्र प्लेस करोल बाग में बड़ी जोरों से चल रहा है बी एल कपूर अस्पताल के आस पास अतिक्रमण बहुत ज्यादा हो गया था जिनके वजह से एंबुलेंस और वहांन निकालने में बहुत भारी समस्या उत्पन्न हो गई थी जिसके कारण एमसीडी ने अपनी कार्रवाई करते हुए पटरी और रोड को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है

### किसान जनशक्ति महासभा यूनियन की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तीन सदस्य टीम जांच के लिए की गठित।

**अहिरोरी/हरदोई ।** ग्राम पंचायत अटरा में मनरेगा के तहत ट्रेन की खुदाई कार्य में हुए भ्रष्टाचार को लेकर किसान जन शक्ति



महासभा के जिम्मेदारों द्वारा पूर्व में शिकायत की गई थी। जिलाधिकारी द्वारा शिकायत के निस्तारण हेतु तीन सदस्य की टीम गठित की गई है। जांच कर 15 दिनों में टीम द्वारा जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। बता दे किसान जनशक्ति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नीरज शुक्ला ने बताया ग्राम पंचायत अटरा विकास खण्ड अहिरोरी में मनरेगा योजनांतर्गत अटरा ड्रेन की खुदाई सफाई के नाम पर तीन माह के अंदर दो कार्य दाई संस्थाओं ने अलग अलग फर्जी भुगतान निकाल कर सरकारी धन का गबन करने की लिखित सिकायत किसान जनशक्ति महासभा द्वारा मुख्य विकास अधिकारी हरदोई को दी गई थी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच अधिकारी ने मौके पर जाकर तथा पत्रावलियों का अवलोकन करके दोनों कार्यदाई संस्थाओं को नोटिस जारी किया था। दोषी संस्थाओं ग्राम पंचायत तथा जल प्रबंधन सारदा नहर ने अपने अपने बचाव में मनगढ़ंत तथा फर्जी लिखत जवाब जांच अधिकारी को दिए हैं। दोषियों द्वारा दिए गए जवाब तथा मौके पुनरीक्षण करने के लिए जांच अधिकारी के आवेदन पर मुख्य विकास अधिकारी जिलाधिकारी ने त्रिस्तरीय टीम गठित कर दी है ताकि जांच निष्पक्ष हो सके। जांच रिपोर्ट 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराए।

### लोनार पुलिस ने 56 दुपहिया वाहनों का काटा चालान दो वाहन किये सीज

**हरदोई।** लोनार कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया जिसमें 56 दुपहिया वाहनों का चालान किया गया वहीं दो वाहनो को सीज भी किया गया प्रभारी निरीक्षक उमेश त्रिपाठी की सतर्कता से ताबड़तोड़ चेकिंग अभियान चला पुलिस स्टॉप नें लोनार चौराहा से लेकर पेट्रोल टंकी एवं जगदीशपुर बाजपुर नकटौरा कस्बा बावन प्रमुख चौराहा व कई स्थानों पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के दिशा निर्देशानुसार चेकिंग अभियान चलाया पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले वर्ष लगभग 1000 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं इनमें 600 लोगों की मौत भी हुई है जांच करने पर ज्ञात हुआ कि सबसे अधिक दुर्घटनाएं शराब के नशे में बिना हेलमेट और ओवर स्पीड के कारण हुई हैं थाना प्रभारी उमेश त्रिपाठी ने वाहन चालकों से अनुरोध भी किया बिना हेलमेट बाइक चलाना जानलेवा साबित हो सकता है चेकिंग के दौरान ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले वाइक सवारों को हेलमेट पहनने की सख्त हिदायत प्रभारी निरीक्षक के द्वारा दी गई ताबड़तोड़ वाहन चेकिंग अभियान का असर यह रहा कि कई वाहन चालक वैकल्पिक मार्गो का सहारा लेते नजर आए इस दौरान उप निरीक्षक अरुणेश तिवारी उप निरीक्षक फतेहबहादुर सिंह कांस्टेबल विकास चौहान कांस्टेबल दिलीप यादव कांस्टेबल राजीव यादव कांस्टेबल अमित कांस्टेबल नवनीत आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय बिशनपुर विश्राम में बड़ा घोटाला : सूत्र

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर।** राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय बिशनपुर विश्राम से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। विद्यालय में हुई चोरी और सामान के गायब होने की घटनाओं ने स्थानीय प्रशासन को हैरान कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, यहां एक दर्जन से अधिक पुरानी बैटरियां गायब हो चुकी हैं। इसके अलावा, विद्यालय के परिसर में रखी गई कई टन वजनी पानी की टंकी और टावर के अवशेष भी चोरी हो गए।इन घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, और चोरी के पीछे बड़े घोटाले की आशंका जताई जा रही है।

**2019 में निर्माणाधीन दरवाजे और खिड़कियां भी गायब**

सूत्रों के मुताबिक, यह चोरी केवल बैटरियों और पानी की टंकी तक ही सीमित नहीं है। विद्यालय में 2019 में निर्माणाधीन दरवाजे और खिड़कियां भी गायब हो चुकी हैं। यह घटनाएं अब गंभीर सवाल खड़ा करती हैं कि क्या निर्माण कार्य में गड़बड़ी और अनियमिताएं रही हैं। अधिकारियों की






अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही की वजह से यह सामान चोरी हो रहा है।

**स्थानीय जिम्मेदारों की मिलीभगत से घोटाले की आशंका**

गायब हुए सामान और निर्माण कार्य में लापरवाही से यह मामला अधिक गंभीर हो गया है। स्थानीय जिम्मेदारों पर मिलीभगत का आरोप है, जिससे इस चोरी और गड़बड़ी के पीछे बड़ा घोटाला होने की आशंका जताई जा रही है। आरोपियों की पहचान कर इस मामले की जांच शुरू करने की मांग तेज हो गई है। स्कूल की संपत्ति के इस तरह के नुकसान से न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि बच्चों के शिक्षा का माहौल भी प्रभावित हो रहा है। प्रशासन को इस मामले में कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। इस मामले में समाज कल्याण अधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया है कि टीम गठित कर जांच करवाई जा रही है दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नाथ योगी उन्नयन परिषद असम की तरफ़ से सीलापथार खेरबाड़ी मैं नाथ योगी समाधिक्षेत्र स्थल में आधारशिला स्थापन

स्वतंत्र प्रभात

**असम धेमाजी।** 2023- 2024 वित्तीय वर्ष के नाथ योगी विकास परिषद असम द्वारा आवंटित धनराशि से आज धेमाजी जिले के सीलापथार खेरबारी पाथर नाथ योगी समाधि क्षेत्र में आधारशिला रखी गई। धेमाजी जिले की गोगामुख से जोनाई तक के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने नाथ योगी विकास परिषद असम के अध्यक्ष बेनुधर नाथ को जोरदार स्वागत किया। परिषद के जिला सदस्य संजय नाथ ने स्वागत अनुष्ठान को सम्पन्न कराने के बाद और बाद नाथ योगी उन्नयन परिषद असम के अध्यक्ष बेनुधर नाथ परिषद द्वारा आवंटित 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नाथ योगी समाधि क्षेत्र की चारदीवारी और गेट का फीता काट कर आज शिलान्यास कर अध्यक्ष नाथ ने कहा धेमाजी जिले से बड़ी लंबी समय से मांग किया जा रहा था इस अनुष्ठान के लिए आज जिलाबासी लोगों की एक आपूर्ति पूर्ण होनी की पर्याय में है। इस समाधि क्षेत्र अनुष्ठान को सही संचालन करने के लिए लोगों को आह्वान किया। समारोह में जिले के विभिन्न भागों से आए नाथ योगी समुदाय



के लोगों ने परिषद के अध्यक्ष से मुलाकात की। जिले के निवासियों ने परिषद की ओर से विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए अध्यक्ष नाथ को लिखित निवेदन प्रस्तुत किया तथा अपने-अपने क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराते हुए अपनी शिकायतें भी व्यक्त की। शिलान्यास अनुष्ठान में नाथ योगी छात्र संघ के केंद्रीय सचिव दीपक नाथ, उपाध्यक्ष राजेंद्र नाथ, केंद्रीय कार्यकारी सुजीत नाथ, जिला छात्र संघ के अध्यक्ष प्रसन्न नाथ, सचिव सजल देव नाथ, जिला कमेटी के पदाधिकारी, धेमाजी जिला योगी सम्मेलन के सलाहकार मति नाथ, सोनाराम नाथ, उपाध्यक्ष बाणेश्वर नाथ, अनिल नाथ, पूर्व गांव पंचायत अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र ताहू, मिचिंगपुर क्षेत्रीय महिला सम्मेलन के पदाधिकारियों, प्रांतीय योगी सम्मेलन और नाथ योगी छात्र संस्था, गोगामुख, धेमाजी बिष्णुपुर, , भैरबपुर, शिवनगर, लिकाबाली, सिला पथार,चिमेन चापरी क्षेत्रीय पदाधिकारी, बंगाली फेडरेशन के भैरवपुर आंचलिक समिति के पदाधिकारियों एवं साथियों भारी संख्यक लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन धेमाजी जिला योगी सम्मेलन के सचिव सजल कुमार नाथ के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# हत्या और रेप की कोशिश का आरोपी एनकाउंटर में मारा गया

**.... .....एक लाख रुपये घोषित था इनाम....**
**........दो सगे भाइयों ने घटना को दिया अंजाम**
**..........मुख्य आरोपी के भाई को पुलिस ने दोपहर में किया था गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत में महिला की हत्या और रेप की कोशिश करने का आरोपी पुलिस एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ के आलमबाग बस अड्डे से महिला को अगवा कर मलिहाबाद में लूट, हत्या और रेप का प्रयास करने का आरोपी ऑटो ड्राइवर अजय द्विवेदी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया है। आरोपी अजय के ऊपर शुक्रवार को ही एक लाख का इनामी घोषित हुआ था। आपको बता दें कि क्राइम ब्रांच प्रभारी शिवानंद मिश्र को इनपुट मिला था कि अजय मलिहाबाद इलाके में छिपा हुआ है। देवा रेस्टोरेंट के पास पुलिस ने घेराबंदी कर रखी थी। करीब साढ़े नौ बजे



अजय बाइक से आता दिखा। जवानों ने घेराबंदी कर उसे दबोचने का प्रयास किया। तभी अजय ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अजय गोली लगने से ढेर हो गया। महिला वाराणसी से पेपर देकर लौट रही थी। वह मंगलवार, 18 जनवरी की रात करीब डेढ़ बजे लखनऊ के आलमबाग बस स्टैंड उतरी। लिफ्ट के बहाने बाग में ले गए। रेप का प्रयास किया। विरोध पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी। दोपहर में अजय का भाई दिनेश गिरफ्तार हुआ इससे पहले दोपहर में पुलिस ने आरोपी के भाई दिनेश को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी अजय दुबग्गा का हिस्ट्रीशीटर था। अजय और उसके भाई दिनेश का पहले से ही आपराधिक रिकॉर्ड है। अजय पर 23, जबकि दिनेश पर 9 मुकदमे दर्ज हैं। दिनेश को मलिहाबाद कस्बे के संन्यासी बाग से पुलिस ने दबोचा था। आरोपी ने जब घटना को अंजाम दिया, उस समय ऑटो पर नंबर प्लेट नहीं थी। बाद में ऑटो की पहचान छिपाने और बचाव के लिए नंबर प्लेट को दोबारा लगा दिया था।

# प्रदेश सरकार की योजनाओं से जनता को विकास के कार्यों से लाभान्वित किया गया : रजनी तिवारी

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई शाहाबाद मोहल्ला खत्ता जमाल खां, शाहाबाद में आयोजित होली मिलन समारोह मेंउच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने होली की शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं से विधानसभा क्षेत्र के लोगों को विकास के कार्यों से लाभान्वित किया गया। शाहाबाद में रोडवेज बस अड्डा, मुंसिफ न्यायालय, आँझी रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर ओवरब्रिज का निर्माण किया गया। जिससे घंटों लगने बाली जाम से लोगों को राहत मिली। उन्होंने कहा योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार में प्रयागराज कुंभ मेले का सफल और भव्य आयोजन किया गया। जिसमें 66 करोड़ लोगों ने श्रद्धा की डुबकी लगाई। वहां प्रदेश ही नहीं बल्कि देश दुनिया के लोगों ने प्रयागराज पहुंचकर स्नान किया। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा जो भी विकास के अधूरे कार्य है वो भी पूरे किए जायेंगे, चाहे वे कार्य ब्लॉक के हों, तहसील के हो सभी कार्यों को पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा की क्षेत्र की तमाम सड़कों का निर्माण कराया गया उसके अलावा जो भी



सड़कें शेष रह गई है उन्हे भी पूरा किया जायेगा। प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। प्रदेश से गुंडे और माफिया या तो सुधर गए हैं, और नहीं तो प्रदेश को छोड़कर भाग गए हैं।कहा कि प्रदेश सरकार लगातार विकास के कार्यों को गति दे रही है। विशिष्ट अतिथि सांसद जय प्रकाश रावत ने अपने संबोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास कार्य हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने सभी वर्गों का समान रूप से विकास किया। मो.खत्ता के बूथ अध्यक्ष धीरज अग्निहोत्री एवं मित्र परिवार के सदस्य छोटे भाई संजय अग्निहोत्री द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पूर्व जिला मंत्री श्रीमती राधा गोपाल त्रिपाठी,अनुराग श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष अनिल पान्डेय पिन्टू भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद मिश्र, गोपाल त्रिपाठी,भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता, हाकिम सिंह, सुभाष रस्तोगी, सुनील गुप्ता, महामंत्री सुभाष सिंह मौजूद रहे।उपस्थित सभ्रांत जनों द्वारा उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी एवं संसद सदस्य जय प्रकाश रावत का पुष्प गुच्छ और फूल मालाओं से स्वागत,अभिनंदन किया गया।

# नवसंवत्सर मेला के कवि सम्मलेन में बरसेगा हास्य, वीर रस

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति की सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित समीक्षा बैठक में नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को होने वाले विशाल नववर्ष मेला की तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया। बैठक का संचालन मेला महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज के मैदान में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ 24 वें मेला का शुभारंभ होगा। मुख्य अतिथि श्री राधाबल्लभ संप्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल महाराज एवं विशिष्ट अतिथि महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य होंगी। रात्रि 9.15 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें दिल्ली के



हास्य कवि महेंद्र अजनबी, पार्थ नवीन एवं मोनिका देहलवी, वीर रस के कवि मनवीर मधुर, डा. कुमार मनोज, अजय अंजाम, राधाकांत पाण्डेय एवं ज्योति त्रिपाठी कविता पाठ करेंगे। बैठक में डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आरएसएस महानगर कार्यवाह विजय बंटा, डॉ. दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, रजत बाल्मीकि, अनिरुद्ध अग्रवाल, सुभाष सैनी, अजय अग्रवाल, गंगाधर अरोड़ा, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, विशाल रुहेला, समीर बंसल, राजीवकृष्ण अग्रवाल, आचार्य ब्रजेंद्र नागर, रामदास चतुर्वेदी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजू यादव, नयन शर्मा, अनुराधा शर्मा, डा. सीमा मिश्रा, डा. रुचि अग्रवाल, पूर्व मेयर डा. मुकेश आर्यबंधु, अवधेश उपाध्याय, रामकिशन पाठक, जमुना देवी शर्मा आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष कमलेश अरोरा ने की।

# मेवात में घुसकर ट्रेनी आईपीएस की चेतावनी, क्राइम छोड दें या क्षेत्र

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** राजनस्थान के तटीय क्षेत्र मेवात के गांवों में घूमघूम कर आईपीएस अधिकारी ने लोगों से कहा कि क्षेत्र के अपराधी क्राइम छोड दें या क्षेत्र। टटलूबाजी के बाद साइबर अपराध के लिए देश भर में कुख्यात हुआ मथुरा जनपद के राजस्थान की सीमा से लगे इस क्षेत्र में कभी पुलिस घुसने से कतराती थी। क्षेत्र की सड़कों पर पुलिस द्वारा जगह जगह लगाये चेतावनी बोर्ड दिखते थे कि टटलुओं से सावधान रहें। मथुरा की सीमा में आने वाले मेवात क्षेत्र के इन गांवों का अब नजारा भी अलग है और माजरा भी। इस क्षेत्र में अब अपराधियों का नहीं पुलिस का खौफ है। गोवर्धन थाना क्षेत्र के मेवात क्षेत्र में ट्रेनी आईपीएस अधिकारी गोल्डी गुप्ता



ने थाना पुलिस फोर्स को साथ में लेकर शुक्रवार की सुबह फ्लैग मार्च किया। जवानों के बूटों की आवाज कानूनों में पडना इस क्षेत्र में आम बात नहीं लेकिन अब यह बहुत ज्यादा कौतुहल भी पैदा नहीं करती है। पुलिस का आवागमन इन गावों में रहता है। जैसे ही मेवात क्षेत्रों में पुलिस ने मार्च शुरू किया लोगों के कान खडे हो गये। वहीं गांव के लोग आपस में एक दूसरे से बात करते हुए भी नजर आए। वह गांव में अचानक पूरी तैयारी के साथ इतनी पुलिस फोर्स आने की वजह समझना चाहते थे। शुक्रवार को थाना पुलिस द्वारा मेवात क्षेत्र के देवसेरस मडोरा और दौलतपुर गांव में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे आईपीएस गोल्डी गुप्ता ने बताया कि मुस्लिम बाहुली क्षेत्रों में जुमे की नमाज आने वाली ईद और रमजान के दृष्टिगत देखते हुए यह फ्लेग मार्च किया गया है। वैसे भी ये क्षेत्र साइबर क्राइम और टटलुओं के लिए जाना जाता है। उसको देखते हुए यह फ्लैग मार्च किया गया है। क्राइम करने वालों को साफ संदेश है कि क्राइम या ये क्षेत्र छोड़ दें।

### चोरी का खुलासा: अब तक एक करोड़ से ज्यादा का स्क्रैप बरामद

**मथुरा।** 8 मार्च को चेन्नई से कुंडली जा रहे स्क्रैप से भरे ट्रक से चोरी की घटना में पुलिस को लगातार कामयाबी मिल रही है। पुलिस अब तक एक करोड़ से ज्यादा का स्क्रेप बरामद कर चुकी है। अभी तक 10 अंतरराज्यीय बदमाशों को अलग अलग हुई मुठभेड़ की दो घटनाओं में गिरफ्तार किया है। दोनों मुठभेड़ के दौरान छह बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। शुक्रवार को रात के करीब एक बजे हुई पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को गोली लगी है जबकि कुछ चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि इससे पहले 15 मार्च को हुई मुठभेड के दौरान चार बदमाशों को गोली लगी थी जबकि कुछ छह बदमाश गिरफ्तार किये गये थे। अब तक इस घटना में मथुरा पुलिस 10 बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी और एक करोड से अधिक कीमत के स्क्रेप की बरामदगी हुई है।

पुलिस ने पहली मुठभेड के बाद लगभग 55 लाख रुपये कीमत का सात टन स्क्रैप बरामद किया था। कोसीकलां पुलिस एवं एसओजी टीम की संयुक्त टीम ने 12 मार्च को रात करीब साढे बारह बजे फैट्री एरिया थाना क्षेत्र कोसीकलां मथुरा से चार बदमाशों को मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया।

मुठभेड में साहिद पुत्र खालिद निवासी साठावाडिया वास कोसीकलां थाना कोसीकलां जिला मथुरा व सोहिल उर्फ अरवाज पुत्र खलील निवासी नाडूवास कोसीकलां थाना कोसीकलां पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं।

# बच्चों की प्रतिभा को निखारने का कार्य करता है शिक्षक : उमा अग्रवाल

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के प्राथमिक विद्यालय नकथर में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव एवं शारदा संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत शोहरतगढ़ अध्यक्ष उमा अग्रवाल व सेवानिवृत प्रधानाचार्य गोविंद प्रसाद उपाध्याय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने पढ़ा लिखा बबुआ कलमिये में जान बा, बेटी हिंदुस्तान की, एक बार सलामी दे ,बड़ा नीक लागे आदि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर वाहवाही बटोरी। नगर अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई लिखाई के जरिए शिक्षक एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास करता है। बच्चों के अंदर असीम छिपी प्रतिभाएं होती हैं। उन्हें निखारने की



जिम्मेदारी शिक्षक के ऊपर होती है। शिक्षकों को चाहिए कि वह नियमित विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन पृथ्वी पाल भारती ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पप्पू यादव, थानाध्यक्ष बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, सीपी सिंह, मुस्तन शेरुल्लाह, लालजी यादव, सुग्रीव यादव, सुजीत कुमार यादव, कमलाकांत यादव, सुरेंद्र यादव, महेंद्र यादव, केशवरम यादव, कृपा शंकर त्रिपाठी, प्रदीप कुमार, मोहम्मद आरिफ ,पंकज कुमार, रश्मि शर्मा, प्रतिभा, बिंदु , कविता, लक्ष्मीबाई सिंह, मनोज कुमार, अमित प्रताप सिंह, विजय बहादुर, मनीराम आदि लोग मौजूद रहे।

